राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 129
लखनऊ, शुक्रवार 09 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नौकरी के लिए प्रमाण पत्रों में उलझा मृतक पुलिसकर्मी की पत्नी का जीवन 12

ग्राम चौपालों में 'विकसित भारत-जी राम जी' अधिनियम का व्यापक हो प्रचार : मौर्य 03


# प्रदेश की पहचान व सामर्थ्य का वैश्विक मंच बनेगा यूपी दिवस : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की स्थापना की स्मृति में आयोजित होने वाला उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष और अधिक व्यापक, भव्य एवं वैश्विक स्वरूप में मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि 24 से 26 जनवरी तक प्रस्तावित तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत राजधानी लखनऊ में मुख्य आयोजन के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, देश के सभी राजभवनों तथा विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में भी यूपी दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

गुरुवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नागरिक आज देश-दुनिया के अनेक हिस्सों में अपनी पहचान बना चुके हैं। यूपी दिवस ऐसा अवसर बने, जो प्रवासी उत्तर प्रदेशवासियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े। इसके लिए सभी राजभवनों में संवाद स्थापित कर आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। इन आयोजनों में प्रदेश सरकार के मंत्री उपस्थित रहकर प्रवासी यूपीवासियों से संवाद करेंगे।

यूपी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और माटी कला बोर्ड सम्मान प्रदान किए जाएंगे। उद्यमियों, खिलाड़ियों, महिलाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर प्रदेश की प्रतिभा और परिश्रम को सम्मान दिया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश की ऐतिहासिक और वैचारिक विरासत को जनमानस से जोड़ने के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, सरदार वल्लभभाई पटेल, वंदे मातरम्-आनंद मठ और पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर से जुड़े नाट्य मंचनों का आयोजन किया जाएगा। भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा वंदे मातरम् रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आनंद मठ आधारित विशेष प्रस्तुति होगी। युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र वंदे मातरम् तथा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस वर्ष आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए 3-डी और फाइबर मॉडल, वर्चुअल रियलिटी, 360 डिग्री टूर, लघु फिल्में, क्विज प्रतियोगिताएं और छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी।



> यूपी दिवस ऐसा अवसर बने, जो प्रवासी उत्तर प्रदेशवासियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े : सीएम

### प्रतिष्ठित संगीत घरानों की होंगी विशेष प्रस्तुतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी दिवस को जनउत्सव का स्वरूप देने के लिए ओपन माइक, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली थियेटर, रंगोली, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, पाक-कला प्रतियोगिता और कला ग्राम जैसे आयोजन होंगे। आगरा, किराना, बनारस, हरिहरपुर, लखनऊ और रामपुर, हरिहरपुर और बदायूं जैसे प्रतिष्ठित संगीत घरानों की विशेष प्रस्तुतियां भी होंगी। उन्होंने कहा कि यूपी दिवस-2026 प्रदेश की पहचान, आत्मगौरव और विकास यात्रा का प्रभावशाली प्रतीक बने। सभी कार्यक्रम समयबद्ध, समन्वित और उच्च गुणवत्ता के हों, ताकि यह आयोजन स्मरणीय और प्रेरणादायी जनउत्सव के रूप में स्थापित हो सके।

### यूपी दिवस आयोजन के लिए संवाद बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने विदेशों में भारतीय दूतावासों के माध्यम से भी यूपी दिवस आयोजन के लिए संवाद बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक चेतना, आर्थिक शक्ति और विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माध्यम है। आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित, नवाचारयुक्त और व्यापक जनभागीदारी से युक्त हों। उन्होंने जिला, मंडल और राज्य स्तर पर गायन, नृत्य, वादन और नाट्य प्रतियोगिताओं के आयोजन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय समारोहों में जिले की विकास यात्रा पर केंद्रित विशेष फ़िल्म भी प्रदर्शित की जाये।

# सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द : नितिन गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा केंद्र सरकार सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए एक कैशलेस इलाज योजना जल्द शुरू करेगी। इसके तहत दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले भले इंसान को 25 हजार रुपये का इनाम भी मिलेगा और पीड़ित को अस्पताल में सात दिन तक रहने पर 1.5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इलाज का खर्च इंश्योरेंस कंपनियां वहन करेंगी और जहां इंश्योरेंस नहीं होगा वहां सरकार रोड सेफ्टी फंड से खर्च उठाएगी।

गडकरी ने यहां गुरूवार को देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की सालाना बैठक की। बैठक में सड़क सुरक्षा, यात्रियों और आम लोगों की सुविधा, व्यापार करने में आसानी और ऑटोमोबाइल नियमों, कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम, हिट एंड रन पीड़ितों को मुआवजा, ई-डीएआर, सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, सड़क सुरक्षा अभियान, स्क्रैपिंग पॉलिसी, बस बॉडी कोड, दिव्यांगजनों के लिए सुगमता, बीएनसीएपी 2.0, ट्रकों और बसों में एडीएएस और मोटर व्हीकल एक्ट में प्रस्तावित संशोधन जैसे 12 विषयों पर चर्चा की गई।



> अस्पताल में सात दिन तक रहने पर 1.5 लाख रुपये तक का मिलेगा मुफ्त इलाज

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,38,820/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,27,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,04,120/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,57,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज के झूसी में तेंदुये ने दो को किया घायल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के झूसी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक तेंदुआ रिहायशी घर में घुस गया और परिवार के दो सदस्यों को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि छिबैया गांव में तेंदुआ सुबह करीब 6 बजे बैटरी मैकेनिक शेखर ठाकुर के घर में घुसा। तेंदुए ने परिवार के दो लोगों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। एक के सिर और एक के हाथ में चोट लगी है। हमले के बाद घरवालों ने किसी तरह तेंदुए को कमरे में बंद कर बाहर निकलकर जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग को जानकारी दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कानपुर से फॉरेस्ट विभाग की रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। एहतियातन इलाके को घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया है। वन विभाग की टीम तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ने की तैयारी में जुटी है।

### महिला व बच्चों के विकास को लगेंगे पंख मंत्रालय ने लॉन्च किया पंखुड़ी पोर्टल

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को पंखुड़ी नामक एकीकृत कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) एवं साझेदारी सुविधा डिजिटल पोर्टल का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के विकास से जुड़ी पहलों में समन्वय, पारदर्शिता और हितधारक भागीदारी को मजबूत करना है।

### कठुआ में आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान फिर से शुरू एक सुरक्षाकर्मी घायल

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने गुरुवार सुबह जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक जंगल में छिपे आतंकवादियों को खोजने के लिए फिर से तलाशी अभियान शुरू किया है, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी मामूली रूप से घायल हो गया है। घने जंगल में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए हवाई निगरानी के साथ-साथ अतिरिक्त बलों को भी बुलाया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और अन्य सुरक्षा बलों ने बुधवार शाम को बिलवार के कहोग गांव में संयुक्त कार्रवाई शुरू की थी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। रात भर की घेराबंदी के बाद आज सुबह फिर से धनु परोल-कमाध नाला क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। जम्मू जोन के आईजीपी भीम सेन तुती ने बताया कि घना अंधेरा, घनी वनस्पति और दुर्गम भूभाग के बावजूद एसओजी आतंकवादियों से लगातार मुकाबला कर रही है।

# स्टार्टअप और एआई एंटरप्रेन्योर भारत के भविष्य के सह-निर्माता : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि स्टार्टअप्स और एआई उद्यमी भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल्स को स्थानीय और स्वदेशी कंटेंट के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी बढ़ावा देना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने ये बातें गुरुवार को नई दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर 12 भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्ट-अप्स के साथ एक राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं। ये स्टार्ट-अप्स आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में आयोजित होने वाली एआई फॉर ऑल ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज के लिए चयनित हुए हैं।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में नवाचार और बड़े पैमाने पर तकनीक के कार्यान्वयन की अपार क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया के सामने 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' की भावना को प्रतिबिंबित करने वाला विशिष्ट एआई मॉडल प्रस्तुत करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई समाज में व्यापक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है और भारत अगले महीने आयोजित होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के माध्यम से वैश्विक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत एआई का प्रभावी उपयोग कर परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारतीय एआई मॉडल नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा गोपनीयता के सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल स्थानीय एवं स्वदेशी कंटेंट तथा क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा दें। साथ ही, उन्होंने स्टार्ट-अप्स से वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करने और किफायती, समावेशी एवं फ्रूगल इनोवेशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



### एआई मॉडलों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा

प्रधानमंत्री ने एआई स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को आश्वासन दिया कि उनके एआई मॉडलों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। राउंड टेबल में शामिल एआई स्टार्ट-अप्स ने भारत में एआई इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि एआई क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे विकास के कारण नवाचार और क्रियान्वयन का वैश्विक केंद्र भारत की ओर स्थानांतरित हो रहा है। इन भारतीय स्टार्ट-अप्स ने प्रधानमंत्री के समक्ष अपने नवाचारों, विचारों और अब तक किए गए कार्यों की प्रस्तुति दी।

# ईडी के छापे के बीच आई-पैक के दफ्तर से फाइलें लेकर निकलीं ममता बनर्जी

**एजेंसी, कोलकाता।**

तृणमूल कांग्रेस से जुड़े रणनीतिक संस्थान आई-पैक के दफ्तर और उसके प्रमुख प्रशांत जैन के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चौंकाने वाला कदम उठाया है। छापेमारी के दौरान वह खुद उस दफ्तर में घुस गईं जहां तलाशी अभियान चल रहा था और कई फाइल्स लेकर बाहर निकलीं।

ममता बनर्जी ने दावा किया कि उन फाइल्स में उनकी पार्टी से जुड़े दस्तावेज हैं, लेकिन आरोप लग रहे हैं कि उन्हीं फाइल्स में कोयला चोरी और अन्य भ्रष्टाचार से जुड़े कई सबूत मौजूद थे। ममता ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस कार्रवाई का मकसद तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी गोपनीय फाइलें हासिल करना था।

गुरुवार दोपहर छापेमारी की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री बनर्जी खुद कोलकाता के लाउडन स्ट्रीट स्थित प्रशांत जैन के आवास पहुंचीं। वहां से वह सीधे आई-पैक के दफ्तर के अंदर गईं और जांच के दौरान मौजूद फाइलें, हार्ड डिस्क और एक लैपटॉप अपने साथ लेकर बाहर निकलीं। बाहर निकलते समय मुख्यमंत्री के हाथ में कई दस्तावेज साफ दिखाई दिए।

ममता बनर्जी ने कहा कि ये सभी फाइलें उनकी पार्टी से जुड़ी हैं और इन्हें जब्त किए जाने की कोशिश की जा रही थी। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार राज्य में चल रही विभिन्न जांचों और भ्रष्टाचार से जुड़े तथ्यों को छिपाने के लिए ऐसी कार्रवाइयों का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन फाइलों को लेने की कोशिश की जा रही थी, उन्हीं में उनकी पार्टी की रणनीति दर्ज है, इसलिए उन्हें खुद दफ्तर के अंदर जाकर दस्तावेज सुरक्षित करने पड़े।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक बदले की भावना से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर किसी राजनीतिक दल के रणनीतिक दफ्तर में इस तरह की कार्रवाई की जा सकती है, तो क्या कल किसी और पार्टी के दफ्तर पर भी इसी तरह छापा मारा जाएगा। दूसरी ओर, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया है और यह असंवैधानिक है।



# प्रख्यात वैज्ञानिक व पारिस्थितिकीविद डॉ. माधव गाडगिल का पुणे में निधन

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र के पुणे निवासी प्रख्यात वैज्ञानिक और पारिस्थितिकीविद डॉ. माधव गाडगिल (82) का बीती रात पुणे स्थित डॉ. शिरीष प्रयाग हॉस्पिटल में निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से डॉ. माधव गाडगिल का इस अस्पताल में इलाज हो रहा था। यह जानकारी माधव गाडगिल के बेटे सिद्धार्थ गाडगिल ने गुरुवार को दी।

सिद्धार्थ गाडगिल ने बताया कि आज शाम को उनके पिता माधव गाडगिल का पुणे के वैकुंठ श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। पारिस्थितिकीविद डॉ. गाडगिल को भारत के अग्रणी पर्यावरण चिंतकों में गिना जाता था। उन्हें धरती पुत्र भी कहा जाता है। उन्होंने पूरी जिंदगी भारत में पर्यावरणीय, खासकर वेस्टर्न घाट की जैव विविधता के बारे में जागरूकता को जिंदा रखने की कोशिश की। माधव गाडगिल ने ही सबसे पहले प्रशासन को चेतावनी दी थी कि पश्चिमी घाट में हो रहे विकास के काम से घाट के जानवरों और पेड़-पौधों और पूरे पारिस्थिकी संतुलन के लिए बड़ा संकट पैदा हो सकता है।



### वैज्ञानिकों ने विकसित की ठंडे परमाणुओं के घनत्व को बिना प्रभावित किए मापने की तकनीक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जिससे ठंडे परमाणुओं (कोल्ड एटम्स) के स्थानीय घनत्व को वास्तविक समय में बिना उन्हें प्रभावित किए मापा जा सकता है। यह खोज क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम सेंसिंग जैसे भविष्य के अनुप्रयोगों के लिए बेहद अहम साबित हो सकती है, जहां परमाणुओं और उनके क्वांटम अवस्था का वास्तविक समय में पता लगाना बहुत जरूरी है। यह शोध दुनिया में क्वांटम भौतिकी में बड़ा बदलाव लाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार परंपरागत कोल्ड एटम प्रयोगों में परमाणुओं को लेजर कूलिंग और ट्रैपिंग तकनीकों से लगभग शून्य तापमान तक ठंडा किया जाता है।

# एसआईआर नहीं बल्कि एनआरसी जैसी प्रक्रिया लागू कर रही है सरकार : अखिलेश यादव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पहले दिन से जिस प्रक्रिया को एसआईआर बता रही है, वह वास्तव में एनआरसी जैसी है। जो काम गृह मंत्रालय को करना था, वही अब चुनाव आयोग से कराया जा रहा है।

गुरुवार को लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों की नागरिकता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी थी कि इस प्रक्रिया के माध्यम से किसी भी मतदाता का वोट न कटे, लेकिन वास्तविकता यह है कि एसआईआर का इस्तेमाल वोट काटने के हथियार के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के दबाव में चुनाव आयोग काम कर रहा है और जानबूझकर अधिक से अधिक वोट कटवाए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जब मुख्यमंत्री स्वयं यह कह रहे हैं कि चार करोड़ वोट कट गए हैं, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि उन्हें पहले से यह जानकारी कैसे थी। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर की जो सूची सामने आई है, उसमें लगभग तीन करोड़ वोट काटे जा चुके हैं। इसका मतलब साफ है कि एक करोड़ वोट भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा बढ़ाए गए हैं।



> एसआईआर का इस्तेमाल वोट काटने के हथियार के रूप में किया जा रहा

### बिहार के चार सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

**एजेंसी, पटना।** बिहार के चार बड़े सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। पटना, गया, अररिया और किशनगंज सिविल कोर्ट को ई-मेल के जरिए यह धमकी दी गई है। धमकी की जानकारी मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। पटना सिविल कोर्ट को धमकी भरा ई-मेल गुरुवार सुबह कोर्ट प्रशासन के मेलबॉक्स में मिला। ई-मेल में सिविल कोर्ट परिसर को निशाना बनाने की बात लिखी गई थी। सूचना मिलते ही कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तुरंत सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे कोर्ट परिसर की सघन तलाशी ली जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके। पुलिस धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। फिलहाल अभी कुछ भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की गई है।

# अमिताभ ठाकुर को कार्डियक अटैक, एसजीपीजीआई में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को कार्डियक अटैक पड़ा है। एसजीपीजीआई की कार्डियोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार रात बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर से उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था। लखनऊ लाते समय रास्ते में ही उनको कार्डियक अटैक की शिकायत हुई, जिस पर सीपीआर देते हुए उन्हें सीधे एसजीपीजीआई के कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया। रात करीब 1.00 बजे अमिताभ ठाकुर को भर्ती कराया गया है। फिलहाल पूरे डिपार्टमेंट में कोई बात करने को अभी तैयार नहीं है। डॉक्टरों की निगरानी में अमिताभ ठाकुर का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है की हालत स्थिर नहीं है, इसलिए किसी को भी वहां आने-जाने की बिल्कुल परमिशन नहीं है। हालांकि, पूरे मामले को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

मंगलवार को अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका पर सीजेएम कोर्ट में सुनवाई थी। पुलिस उन्हें सीजेएम कोर्ट लेकर गई थी, लेकिन कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद ठाकुर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पेशी के बाद अमिताभ ठाकुर को शाम तीन बजे जेल वापस लाया गया। रात 9.30 बजे उन्होंने भोजन किया और उसके बाद लिखने-पढ़ने में लगे रहे। रात करीब 12 बजे अचानक सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया। फिर उन्हें गोरखपुर भेजा गया। वहां शुरुआती जांच में हार्ट अटैक की आशंका जताई गई, लेकिन बुधवार को कराई गई ट्रोप-आई जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि नहीं हुई। डॉक्टरों के अनुसार, यह जांच हार्ट अटैक की पुष्टि के लिए अहम मानी जाती है। मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमिताभ ठाकुर पिछले नौ दिनों से हार्ट की नियमित दवा नहीं ले रहे थे, जिसकी वजह से उनकी तबीयत बिगड़ी। ईसीजी रिपोर्ट काफी खराब आई है, इसलिए उन्हें हायर सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।



> ईसीजी रिपोर्ट आई काफी खराब, हायर सेंटर लखनऊ रेफर

राहत | यूपी में बेटियों को बड़ा तोहफा

# दो बहनें पढ़ेंगी तो एक की पढ़ाई पूरी तरह मुफ्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक नई और अहम पहल की तैयारी कर रही है। सरकार का प्लान है कि अगर किसी परिवार की दो सगी बेटियां एक ही स्कूल या कॉलेज में पढ़ रही हैं, तो दूसरी बेटी की ट्यूशन फीस मुफ्त कर दी जाए। इस योजना के तहत निजी और सरकारी, दोनों तरह के शैक्षणिक संस्थानों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग को इस योजना की पूरी प्रक्रिया और शर्तें तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोविड महामारी के दौरान प्रभावित परिवारों के बच्चों की मदद के लिए योगी सरकार ने पहले मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना शुरू की थी। उसी दौरान मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए थे कि अगर किसी स्कूल, कॉलेज या निजी शैक्षणिक संस्था में दो सगी बहनें पढ़ रही हों, तो संस्थान से अपील की जाए कि वह एक बच्ची की ट्यूशन फीस माफ करे। अगर कोई निजी स्कूल या कॉलेज ऐसा करने से मना करता है, तो सरकार खुद उस छात्रा की फीस की प्रतिपूर्ति करेगी। उस समय इस योजना के लिए सर्वे भी शुरू हुआ था, लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण इस पर रोक लग गई थी। अब एक बार फिर इस योजना को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पहले से ही लड़कियों की पढ़ाई मुफ्त है। इसके अलावा कोविड से प्रभावित परिवारों के बच्चों के लिए अलग योजनाएं, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) और स्कॉलरशिप व फीस प्रतिपूर्ति जैसी कई योजनाएं पहले से चल रही हैं। इन योजनाओं के जरिए अधिकतर छात्राएं कवर हो जाती हैं, लेकिन जो लड़कियां किसी कारण से इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही हैं, खासकर निजी स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाली जरूरतमंद छात्राएं, उन्हें इस नई योजना के तहत प्राथमिकता दी जाएगी। पिछले महीने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री की इस घोषणा को लागू करने की रणनीति पर चर्चा की थी। बैठक में तय किया गया कि अलग-अलग शिक्षा विभाग होने के कारण एक नोडल विभाग और सिंगल विंडो सिस्टम बनाया जाए, ताकि योजना का लाभ सही तरीके से मिल सके। इस योजना के लिए महिला कल्याण विभाग को नोडल विभाग बनाए जाने का प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजा गया है। नोडल विभाग आय सीमा, पात्रता, शर्तें, बजट और लाभार्थियों की पहचान को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगा। इसके बाद योजना को अंतिम रूप देकर लागू किया जाएगा। सरकार की यह पहल उन परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है, जहां आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस योजना से न सिर्फ बेटियों की स्कूल और कॉलेज तक पहुंच बढ़ेगी, बल्कि बालिका शिक्षा को मजबूती भी मिलेगी।



# मंडल रेल प्रबंधक ने रेल खंडों का किया निरीक्षण

## रेल संरक्षा है हमारी प्राथमिकता, औचक निरीक्षणों के माध्यम से हम कर्मचारियों की सजगता सुनिश्चित कर रहे हैं: गौरव अग्रवाल



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, शीतकाल के मौसम में रेल संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल निरंतर सतर्क और सक्रिय है।

मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने रेल संरक्षा एवं कर्मचारियों की सजगता की जांच के लिए दिनांक 7/8 जनवरी की मध्यरात्रि में गोरखपुर- आनंद नगर रेल खण्ड के मध्य गेट संख्या 11- सी एवं 13- सी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाड़ी खड़ी कर ड्यूटी पर तैनात गेटमैन की सतर्कता को जाँच और कर्मचारियों से सुरक्षित ट्रेन परिचालन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जाँच के दौरान सभी गेटमैन ड्यूटी पर सतर्क पाए गए। श्री अग्रवाल ने कर्मचारियों को रेल संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए तथा विशेष रूप से शीतकाल में कोहरे की स्थिति में अधिक सतर्कता बरतने पर बल दिया। इस निरीक्षण के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्रीमती नीतू एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) श्री गौरव गुप्ता भी उपस्थित थे।

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इससे पूर्व दिनांक 6 /7 जनवरी को भी गोंडा - आनंद नगर के मध्य स्थित समपार संख्या 74-सी,69-सी, 68-सी एवं 66-सी का गाड़ी से औचक रात्रि निरीक्षण कर फाटकवाला की सतर्कता की जांच की गई थी।

शीत ऋतु में रेलवे द्वारा कई विशेष उपाय अपनाए जा रहे हैं। गेटमैनों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा पटरी प र नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि वे कोहरे में सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित कर सकें।

मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि रेल संरक्षा हमारी प्राथमिकता है। औचक निरीक्षणों के माध्यम से हम कर्मचारियों की सजगता सुनिश्चित कर रहे हैं। यात्रियों से अपील है कि वे भी संरक्षा नियमों का पालन करें तथा किसी संदिग्ध स्थिति में तुरंत रेल अधिकारियों को सूचित करें। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल शीतकाल में निर्बाध एवं सुरक्षित ट्रेन परिचालन के लिए प्रतिबद्ध है।

# अधिवक्ता ने जनता दर्शन में मचाया उत्पात, मुकदमा दर्ज

**झंझरी गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

जनता दर्शन के वरिष्ठ लिपिक संजय कुमार श्रीवास्तव ने नगर कोतवाली में एक अधिवक्ता के खिलाफ में जनता दर्शन में उत्पाद मचाने और सुरक्षा गार्ड की वर्दी खींचने सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। वरिष्ठ लिपिक संजय कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया जिस में कहा कि बुधवार के दिन अपराहन लगभग 1.20 बजे कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान शिवेन्द्र कुमार मिश्र एडवोकेट, बार एसोशिएशन द्वारा एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में चल रहे जनता दर्शन कार्यक्रम में महेश प्रकाश मुख्य राजस्व अधिकारी व विशाल कुमार अपर उप जिलाधिकारी के द्वारा भी लोगों की समस्याओं पर सुनवाई की जा रही थी। शिवेन्द्र कुमार मिश्र, एडवोकेट द्वारा दिये गये प्रार्थनापत्र पर अधिकारियों द्वारा प्रकरण से सम्बन्धित तथ्यों की जानकारी करके उन्हें धारा 145 के तहत कार्यवाही का सुझाव देने के साथ सक्षम प्राधिकारी सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन दाखिल करने के लिये बताया गया। इस अधिवक्ता द्वारा सुझाव पर कोई ध्यान न देकर प्उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई।

इनके अत्यन्त उग्र होकर अपशब्दों का प्रयोग करने पर कक्ष में उपस्थित बार एसोशिएशन के महामंत्री मनोज कुमार मिश्र सहित अन्य मौजूद लोगों विनोद पटेल पुत्र ओम प्रकाश पटेल. विनोद कुमार पुत्र धनीराम वर्मा अरविन्द साहू पुत्र राकेश साहू, अभिषेक सिंह पुत्र बदल सिंह, रामकृपाल पुत्र दधिबल रामकिशुन मिश्रा पुत्र लालता प्रसाद व अर्जुन मिश्रा द्वारा इन्हें अपना व्यवहार संयमित रखने के लिए कहा गया परन्तु उन की बात को नहीं सुनी गई। काफी देर तक अशान्ति का माहौल रहा और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। डयूटी पर उपस्थित सुरक्षा गार्ड द्वारा रोके जाने पर इनके द्वारा सुरक्षा गार्ड की वर्दी खींचते हुए गाली गलौज व हाथापाई की गई तथा अपना जूता 9 नम्बर का बताते हुए उन्हें बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी गई। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अधिवक्ता के शिवेन्द्र कुमार मिश्र के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रुपईडीहा स्टेशन पर दौडा निरीक्षण यान,ट्रैक से लेकर ओएचई तक की सख्त जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे रुपईडीहा रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन की विशेष तकनीकी टीम ने सुरक्षा और संचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान निरीक्षण यान के माध्यम से ट्रैक, ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) सिस्टम और स्टेशन संरचना की गहन जांच की गई। निरीक्षण प्रक्रिया में ब्रॉड गेज रेलवे ट्रैक की मजबूती, पटरी की जॉइंट फिटिंग, बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता, सिग्नलिंग नेटवर्क तथा प्लेटफॉर्म और फुट ओवर ब्रिज जैसी संरचनाओं की तकनीकी स्थिति का आकलन किया गया। निरीक्षण यान को ट्रैक पर चलाकर वास्तविक परिस्थितियों में पटरियों की स्थिरता और ओएचई सिस्टम के प्रदर्शन की भी जांच की गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया सुरक्षा मानकों के मूल्यांकन का एक अहम हिस्सा है, जिससे भविष्य में ट्रेन संचालन के दौरान यात्रियों को सुरक्षित और सुगम सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

# प्रसूताओं के लिए काल बना जिला महिला चिकित्सालय



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कई तरह के वादे किए जाते हैं लेकिन गोंडा जिला महिला अस्पताल में आए दिन प्रसुताओं और नवजात शिशुओं की मौत पर अब योगी सरकार पर सवाल उठने लगे हैं,योगी के स्वास्थ्य मंत्री की नाकामी से जनता परेशान हो रही है,योगी सरकार के अस्पतालों का बुरा हाल है जिला महिला अस्पताल में आए दिन नवजात बच्चों का प्रसूताओं की मौत हो रही है लेकिन अस्पताल प्रशासन व योगी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं, जिला महिला अस्पताल में बुधवार को डिलीवरी के बाद एक 35 वर्षीय मंजू देवी की मौत हो गई। इस घटना को लेकर देर रात चार बजे तक परिजनों ने हंगामा किया।

सूचना मिलने पर सीएमओ डॉ संतलाल पटेल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सीएमओ डॉ.संतलाल पटेल ने मामले का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जां च कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में एक एडिशनल सीएमओ,एक सीनियर डॉक्टर और एक विशेषज्ञ शामिल हैं। यह टीम पूरे मामले की जांच कर सीएमओ को रिपोर्ट सौंपेगी डॉ.संत लाल पटेल ने बताया कि यह घटना दुखद है और उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं उन्होंने कहा कि परिजनों के आरोपों पर जां च कमेटी बनाई गई है।जांच रिपोर्ट में लापरवा ही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्र वाई की जाएगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कोई भी डॉक्टर या कर्मचारी जानबूझकर लापरवाही नहीं करता,लेकिन आरोपों की जांच की जार ही है। वही नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने ब ताया कि देर रात चले हंगामे को शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है परिजनों से एक तहरीर भी ली गई है,जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जां च कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की का र्रवाई सीएमओ के द्वारा की जाएगी। दरअसल जिला महिला अस्पताल में अक्सर इस तरीके से लापरवाही भारी तस्वीर निकलकर सामने आती रहती हैं लेकिन सुधार होने के बजाय औ र बढ़ रही है लेकिन जिला प्रशासन और सरका र चुप्पी साधे हुए है।

# खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में हुई 165.37 लाख की रिकॉर्ड बिक्री

- खादी प्रदर्शनी बना आकर्षण का केंद्र, रोजाना हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम
- खादी फैशन शो और छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने बढ़ाई प्रदर्शनी की रौनक





**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मण्डल स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योग प्रदर्शनी-2025 का आयोजन जनपद गोण्डा स्थित शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज (टामसन मैदान), कचहरी रोड में दिनांक 29 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी को जनसामान्य का भरपूर समर्थन मिल रहा है। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, देवीपाटन मण्डल गोण्डा श्री महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदर्शनी के आयोजन काल में अब तक कुल रु. 165.37 लाख की रिकॉर्ड बिक्री की जा चुकी है। यह बिक्री खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि को दर्शाती है।

प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 जनवरी 2026 को जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा निबन्ध, भाषण, चित्रकला, नृत्य, फैशन शो एवं गीतों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। एल.बी.एस. डिग्री कॉलेज की शशि शुक्ला द्वारा निबन्ध प्रस्तुति, जी.आई.सी. इंटर कॉलेज की अलंकृता जौहरी द्वारा चित्रकला तथा साधना प्रा. आई.टी.आई. दुल्हापुर बनकट की नैन्शी श्रीवास्तव द्वारा नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों की विशेष प्रशंसा प्राप्त की। इसके अतिरिक्त श्री गांधी विद्या मंदिर, भरत राम राम इंटर कॉलेज, एस.पी.के.पी. के इंटर कॉलेज, बी.आर. पाण्डेय इंटर कॉलेज, एस.टी. एंटोनी इंटर कॉलेज एवं रोजवुड इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। सायंकाल डी. सुजल ग्रुप, आगरा के कलाकारों द्वारा खादी फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी के माध्यम से खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को विपणन का सशक्त मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।

# सत्यम साहू की बदौलत थंडर्स चार विकटों से जीता

- अनंत सिंह को दिया गया इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

स्व. कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में गुरुवार का मुकाबला बहराइच थंडर्स एवं बहराइच डेयरडेविल्स के बीच खेला गया। बहराइच थंडर्स के कप्तान वत्सल सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए डेयरडेविल्स के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 111 रन ही बना सकी। डेयरडेविल्स की तरफ से अनंत सिंह ने 20 एवं अश्विन तिवारी ने 19 रनों का योगदान दिया अन्य कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सका। बहराइच थंडर की तरफ से असद हुसैन ने 3 एवं वत्सल सिंह ने दो विकेट अपने नाम किए। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच थंडर्स की तरफ से सत्यम साहू ने 40 गेंद में 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली। जिसकी बदौलत थंडर ने 19 में ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर चार विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। डेयरडेविल्स की तरफ से रोहित एवं परवेज खान ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। शानदार प्रदर्शन की बदौलत सत्यम साहू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अनंत सिंह को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खानव अकील अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया इस दौरान इफ्तिखार अली, सुनील राय, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश कार्तिकेय सिंह आशुतोष कैराती, तुषार सोनी सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी और सपा को राम के नाम से एलर्जी: सूर्य प्रताप शाही

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बहराइच का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष पर निशाना साधा। शाही ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उनका एकमात्र काम विदेशों में जाकर देश और सरकार की बुराई करना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को राम के नाम से आपत्ति है, जबकि महात्मा गांधी के अंतिम समय में उनके मुख से राम ही निकला था। कैबिनेट मंत्री ने समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों को भगवान राम के नाम से एलर्जी है। इसी कारण वे आज तक अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने नहीं गए और न ही



उसके निर्माण में कोई सहयोग किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये वही लोग हैं जिनके वकील अदालतों में खड़े होकर भगवान के अस्तित्व को काल्पनिक बताते थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी, भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुजरातीपुरवा में सम्पन्न हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत थाना खैरीघाट के ग्राम गुजरातीपुरवा में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ 513 ज़रूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर विधायक श्री वर्मा ने कहा कि कम्बल वितरण से ज़रूरतमन्द लोगों को बड़ी राहत मिली है। श्री वर्मा ने प्रशासन विशेषकर उप जिलाधिकारी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज के कमज़ोर वर्ग को संबल मिलता है।

# मवेशी से टकराई बाइक, युवक की मौत, नीलगाय की भी गई जान



- जूनियर विद्यालय में काम करता था युवक

बहराइच समृद्धि न्यूज़ गोंडा–बहराइच मार्ग पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बुधवार देर शाम उनकी बाइक अचानक सड़क पर आए एक मवेशी से टकरा गई थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी जान चली गई। मृतक की पहचान पयागपुर थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा ग्राम सभा लालपुर निवासी कृष्ण कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह इलाके के एक जूनियर विद्यालय में अनुचर के पद पर कार्यरत थे। बुधवार की देर शाम कृष्ण कुमार अपनी बाइक से पयागपुर जा रहे थे, तभी झाला तरहर के पास एक नीलगाय अचानक सड़क पर आ गई और उनकी बाइक उससे टकरा गई। इस हादसे में कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि नीलगाय की भी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल कृष्ण कुमार को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हालांकि, लखनऊ पहुंचने पर डॉक्टरों ने कृष्ण कुमार को मृत घोषित कर दिया।

# होमगार्ड ने जातिसूचक गाली देने का लगाया आरोप



- महसी एसडीएम पर लगे आरोप की जांच शुरू, बयान दर्ज

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले की महसी तहसील में उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद पर होमगार्डों के साथ अभद्रता और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने महसी पहुंचकर पीड़ित होमगार्डों के बयान दर्ज किए। होमगार्ड राम कुमार तिवारी, रमाकांत मिश्रा और राजाराम शुक्ला ने जिलाधिकारी, होमगार्ड कमांडेंट और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर यह आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को वे एसडीएम कार्यालय में ड्यूटी पर थे, तभी एक दिव्यांग व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनसे मिलने पहुंचा। अर्दली के मौजूद न होने पर होमगार्ड उस दिव्यांग व्यक्ति को एसडीएम के कार्यालय के अंदर ले गए। आरोप है कि इस पर एसडीएम आलोक प्रसाद भड़क गए और उन्होंने होमगार्डों के साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक गालियां दीं और उन्हें अपमानित किया। घटना की जानकारी मिलने पर होमगार्ड संघ ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। इसके बाद जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए। गुरुवार को मुख्य राजस्व अधिकारी महसी तहसील पहुंचे और उन्होंने पीड़ित होमगार्डों के विस्तृत बयान दर्ज किए। जांच टीम अब इस मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल करेगी। वहीं, उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि एक दिव्यांग व्यक्ति को ये लोग कार्यालय में लाए थे, जो चल नहीं पा रहा था। इस दौरान वह कुर्सी पर बैठने के प्रयास में गिर गया, जिसके चलते उन्होंने होमगार्ड से उसे सहारा देकर अंदर लाने को कहा था।

# गरम सिकाई से नहीं, समय पर सही पहचान से रुकेगा बच्चों का निमोनिया





**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

निमोनिया पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है, जिसके मामले सर्दियों में बढ़ जाते हैं। कई परिवार इसे ठंड लगना मानकर घरेलू उपायों पर निर्भर रहते हैं। इसी गलतफहमी और इलाज में देरी के कारण बच्चे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुँचते हैं, जबकि निमोनिया में समय पर उपचार सबसे अहम होता है। जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती तीन माह का एक शिशु इसका उदाहरण है। उसकी माँ शांति देवी (बदला हुआ नाम) बताती हैं कि शुरुआत में ठंड समझकर घर पर लहसुन-अजवाइन वाले तेल से गरम सिकाई की गई, लेकिन जब बुखार बढ़ा और साँस तेज़ होने लगी, तब बच्चे को अस्पताल लाया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.के. त्रिपाठी बताते हैं कि सर्दियों में ऐसे कई शिशु रोज़ प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर होकर आते हैं, जिनमें अधिकांश गंभीर निमोनिया से पीड़ित होते हैं। शांति देवी का बच्चा फिलहाल इलाजरत है, लेकिन उसकी कहानी अकेली नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाली कुल मौतों में लगभग 14 प्रतिशत मौतें निमोनिया के कारण होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इन मौतों का बड़ा कारण बीमारी की समय पर पहचान न होना और इलाज में देरी है।

### ठंड नहीं, संक्रमण है असली वजह

डॉ. त्रिपाठी बताते हैं कि निमोनिया ठंड से नहीं, बल्कि वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण से होता है। सर्दियों में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है और इस मौसम में संक्रमण का प्रसार भी तेज़ी से होता है। ऐसे में शिशु को बार–बार छूने से बचाना, हाथों की स्वच्छता रखना और भीड़ से दूर रखना ज़रूरी है। घरेलू उपाय अक्सर इलाज में देरी करते हैं, वहीं आग या धुएँ के संपर्क से साँस की परेशानी और बढ़ सकती है। इसलिए निमोनिया के लक्षण दिखते ही समय गंवाए बिना बच्चे को तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाना चाहिए।

### समुदाय स्तर पर रोकथाम

डीसीपीएम मो. राशिद बताते हैं कि आशा कार्यकर्ताओं को शिशुओं को ठंड से सुरक्षित रखने के लिए सही तरीके से कपड़े में लपेटने का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि सिर और पैर ढके रहें, लेकिन साँस लेने में कोई रुकावट न हो। इसके साथ ही उन्हें कंगारू मदर केयर, स्वच्छता के महत्व और निमोनिया से जुड़े खतरे के लक्षणों की पहचान सिखाई गई है। ये सभी उपाय संक्रमण के जोखिम को कम कर निमोनिया की रोकथाम में मदद करते हैं।

### टीकाकरण और पोषण है मजबूत ढाल

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार के अनुसार संपूर्ण टीकाकरण, जन्म के तुरंत बाद माँ का पहला गाढ़ा दूध और छह माह तक केवल स्तनपान शिशु को संक्रमण से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कमजोर या कम वज़न वाले बच्चों में जोखिम अधिक होता है, इसलिए समय पर पहचान और इलाज तक जल्दी पहुँचना बेहद ज़रूरी है। इसके लिए नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध है। निमोनिया के खतरे के संकेत1. तेज साँस लेना 2. पसलियों का अंदर धँसना 3. स्तनपान या कुछ भी न पी पाना 4. अत्यधिक सुस्ती या बेहोशी 5. बुखार

# नहर में अचानक छोड़ा गया पानी,फसल जलमग्न

**सादुल्लानगर/बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



सरयू नहर खंड-2 के अधिकारियों की लापरवाही एक बार फिर किसानों पर भारी पड़ गई। इटवा-रजवाहा नहर के माइनर में बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक पानी छोड़े जाने से विकास खंड रेहराबाजार के ग्राम विशुनपुर खरहना स्थित हनुमान पुरवा के किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। खेतों में खड़ी सरसों, गेहूं और मटर की फसलें पानी में डूबने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका सताने लगी है।

अचानक बढ़ गया जलस्तर, खेतों में घुसा पानी,स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार देर रात माइनर में अचानक तेज बहाव के साथ पानी छोड़ा गया। जब तक किसान कुछ समझ पाते, पानी खेतों में प्रवेश कर गया। देखते ही देखते हनुमान पुरवा के आसपास का पूरा इलाका झील में तब्दील हो गया। किसानों का कहना है कि इस समय फसलों को इतने पानी की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते तैयार हो रही फसलें सड़ने की कगार पर पहुंच गई हैं। फसल बर्बादी देख किसानों में आक्रोश फसलों की बर्बादी से आक्रोशित किसानों हरिशंकर वर्मा, वीरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, लल्लन वर्मा और रंगीलाल पाल का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि एक ओर खाद और बीज की महंगाई ने पहले ही परेशान कर रखा है, ऊपर से विभाग की इस लापरवाही ने उनकी कमर तोड़ दी है। किसान राधेश्याम, राम तेज वर्मा, राम निहाल, विंदेश्वरी प्रसाद, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, गणेश और प्रवेश सहित अन्य ने बताया कि जलभराव से महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

# रोजा संस्थान द्वारा बाल संरक्षण के मुद्दों पर हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोजा संस्थान द्वारा संचालित कवच प्रोग्राम के तहत ब्लॉक रेहराबाजार जनपद बलरामपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकारों की रक्षा, बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना तथा बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी एवं जोखिम की स्थिति में रह रहे बच्चों की पहचान एवं संरक्षण की प्रक्रिया को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बाल संरक्षण कानूनों, सरकारी योजनाओं, केस हैंडलिंग प्रक्रिया, रिपोर्टिंग सिस्टम एवं विभिन्न विभागों के साथ प्रभावी समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से जमीनी स्तर पर कार्य करते समय आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाह नगर एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विकासखंड रेहरा बाजार के द्वारा कार्यक्रम की सराहना की।

# अधूरी योजना और दोहरी खुदाई से सड़कें बेहाल

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



उतरौला कस्बे में चल रहे अनियोजित विकास कार्यों के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। नगर क्षेत्र में कभी नाले के निर्माण के नाम पर तो कभी वाटर सप्लाई पाइपलाइन बिछाने के बहाने लगातार खुदाई की जा रही है। हालात यह हैं कि जिन सड़कों की मरम्मत कुछ दिन पहले ही कराई गई थी, उन्हें फिर से खोद दिया गया है, जिससे नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर बिना ठोस योजना और आवश्यकता के नाले की खुदाई कर उसे नाली का रूप दे दिया गया है। तकनीकी मानकों और जमीनी जरूरतों को नजरअंदाज कर किए जा रहे इन कार्यों से न सिर्फ आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भी रोजाना भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई जगह सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। विशेष रूप से हाटन रोड तिराहा से पुलिया तक का क्षेत्र लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। यहां पहले नाले की खुदाई कर नाली का निर्माण कराया गया, लेकिन कार्य पूर्ण होने से पहले ही नाली के बगल में दोबारा खुदाई शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि यह खुदाई वाटर सप्लाई से जुड़े कार्य के लिए की जा रही है। लगातार हो रही खुदाई से क्षेत्र में धूल-मिट्टी का घना गुबार बना रहता है, जो दुकानों और घरों के अंदर तक पहुंच रहा है।

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प : योगी

लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है।

योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। गुरुवार सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ आए बच्चों से मिल उन्हें प्यार-दुलार, आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

### मुख्यमंत्री ने दिवंगत पत्रकार की पत्नी व बच्चों को दी पांच लाख रुपये की चेक



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में दिवंगत पत्रकार विवेक कुमार अस्थाना की पत्नी निहारिका अस्थाना एवं बच्चे दिव्य अस्थाना व देव अस्थाना को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने मृतक के शोक सन्तप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदना प्रकट की और ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप शुक्ला, विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेन्द्र सिंह, गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष रितेश मिश्र एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विगत दिनों वरिष्ठ पत्रकार एवं गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के आजीवन सदस्य व रंगकर्मी विवेक अस्थाना की अचानक मृत्यु हो गयी थी।

# लखनऊ में अशोक लीलैंड की ईवी फैक्टरी का उद्घाटन करेंगे राजनाथ, गडकरी व योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) निर्माण पर केंद्रित अपनी नई फैक्टरी का शुक्रवार को करेगी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

लखनऊ के कानपुर रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र सरोजिनी नगर एक्सटेंशन-1 में आयोजित उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा राज्य सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत सरोजनीनगर के विधायक राजेश्वर सिंह भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही, अशोक लेलैंड प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन धीरज हिन्दुजा तथा प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शेनू अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

इस फैक्टरी को राज्य की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह संयंत्र लखनऊ के औद्योगिक क्षेत्र सरोजिनी नगर एक्सटेंशन-1 में स्थापित किया गया है, जिसे पहले स्कूटर्स इंडिया साइट के नाम से जाना जाता था। यह इकाई विशेष रूप से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उत्पादन पर केंद्रित होगी और राज्य में स्वच्छ एवं टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देगी। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, यह इकाई इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में अशोक लेलैंड की क्षमताओं को और मजबूत करेगी।

अशोक लेलैंड की यह नई फैक्टरी न केवल इलेक्ट्रिक व्हीकल उत्पादन को बढ़ावा देगी, बल्कि उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, तकनीकी विकास और निवेश के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। इसे राज्य के औद्योगिक और पर्यावरणीय भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही, यह लखनऊ समेत प्रदेश की औद्योगिक उन्नति को परिलक्षित करने का माध्यम बनेगा।

## खबरें एक नजर में

### सपा विधायक विजय सिंह गोंड का निधन



लखनऊ/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक विजय सिंह गोंड का गुरुवार को लखनऊ के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक, मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते विधायक की मृत्यु हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही सोनभद्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई है। दुद्धी विधानसभा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित और आदिवासी बहुल क्षेत्र है। विजय सिंह गोंड को आदिवासी राजनीति का 'पितामह' माना जाता था। उन्होंने इस क्षेत्र का सात बार विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया और आदिवासी समाज की समस्याओं को मजबूती से सदन तक पहुंचाया। विजय सिंह गोंड का राजनीतिक जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने बेहद सीमित संसाधनों से राजनीति की शुरुआत की। वर्ष 1979 में वे वनवासी सेवा आश्रम में मात्र 200 रुपये मासिक मानदेय पर कार्यरत थे, उसी दौरान कांग्रेस के टिकट पर पहली बार विधानसभा पहुंचे। आदिवासी हितों के लिए उनकी प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुद्धी और ओबरा विधानसभा को अनुसूचित जनजाति सीट घोषित कराने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी।

### बुजुर्ग की शिकायत पर गरजी निगम की जेसीबी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। नगर निगम जोन–3 की टीम ने डंडहिया बाजार में अतिक्रमण के खिलाफबड़ी कार्रवाई की। जोनल अधिकारी आकाश कुमार स्वयं एक बुजुर्ग दुकानदार की शिकायत पर मौके पर पहुंचे और उनकी दुकान के सामने बिल्डर द्वारा रखवाई गई अवैध गुमटी को जेसीबी मशीन से हटवाया।नगर निगम की टीम ने मौके पर स्वीकार किया कि बुजुर्ग की दुकान के सामने रखी गई भारी–भरकम गुमटी नियमों के विरुद्ध थी और इससे पीड़ित को लगातार परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के बाद राहत महसूस करते हुए बुजुर्ग दुकानदार ने जोनल अधिकारी आकाश कुमार का आभार जताया और उनके त्वरित हस्तक्षेप की सराहना की। जोनल अधिकारी के अनुसार, दो दिन पहले भी नगर निगम की टीम को अतिक्रमण हटाने के लिए भेजा गया था, जहां दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता भी कराया गया था। बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया गया। जिस समय नगर निगम की टीम अभियान चला रही थी मौके पर मौजूद कुछ लोग स्वयं को ‸स्वयंभू बीजेपी नेता‸ बताते हुए दबाव बनाने काप्रयास करते नजर आए, लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने किसी भी दबाव में आए बिना नियमों के तहत कार्रवाई जारी रखी।अंततः जोनल अधिकारी आकाश कुमार ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए नगर निगम की 296 टीम और जेसीबी मशीन के माध्यम से गुमटी को हटवाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार किसी भी दुकान के सामने इस प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। नगर निगम की इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में निगम प्रशासन की निष्पक्षता पर भरोसा मजबूत हुआ।

### सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल की अकबरी गेट इकाई का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को पूर्ण भव्यता और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नवाब मसूद अब्दुल्ला साहब (नवाबीन–ए–अवध) उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथियों में संजय गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद राहुल मिश्रा, इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के मौलाना सूफियान निज़ामी, और एडवोकेट मीसम नकवी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में अकबरी गेट इकाई के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, जिनमें — अध्यक्ष: फजल खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष : मोहम्मद जाकिर, कोषाध्यक्ष : अब्दुल हलीम, उपाध्यक्ष: शहीद अली जुनैद, संगठन मंत्री : शहजाद कुरैशी, मंत्री : बासित अली, सूफियान, अफजल, हुजैफा, संगठन के संरक्षक मंडल में डॉ. आदर्श कुमार त्रिपाठी, जमील अहमद, एजाज चांदीवाला, फुरकान ज्वेलर्स, मोहम्मद राशिद शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रदेश और नगर इकाई के कई प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे जिनमें — प्रदेश महिला अध्यक्ष अफसाना खान, प्रदेश उपाध्यक्ष सबिया मार्शल, जिला अध्यक्ष (अमेठी) समीर कुरैशी, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शर्मा, प्रदेश सचिव एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, नुरुल हुदा, रवि वर्मा, दिनेश यादव, सत्यदेव राजपूत, दीपक सैनी, कृष्णा सिंह, फैसल कुरैशी, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद शादाब, खुबैब, शहकरीन और रहमत अली शामिल रहे।

# अखिलेश ने पीडीए समाज से की वोट बचाने की अपील

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साज़िश को हर हाल में नाकाम किया जाए



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने की साज़िश को हर हाल में नाकाम किया जाए। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद पीडीए समाज के करोड़ों मतदाताओं के नाम अब तक मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जो लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

श्री यादव ने गुरुवार को एक्स पर पीडीए प्रहरी' से हर बूथ पर गहन जांच-पड़ताल करने का आह्वान करते हुए कहा कि एक भी वोट न कटने पाए, एक भी वोट न घटने पाए के संकल्प के साथ सभी को फिर से संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम होना नागरिक होने की पहचान है। अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटता है तो आने वाले समय में उसी आधार पर राशन कार्ड, सरकारी योजनाओं, जाति प्रमाणपत्र, आरक्षण, नौकरी, बैंक खाते, बीमा, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बिजली-पानी कनेक्शन, खेत-ज़मीन और घर-मकान तक पर संकट आ सकता है। सपा अध्यक्ष ने आशंका जताई कि सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार निर्विरोध चुनाव कराने का खेल खेल सकती है, वह वोट काटने की साज़िश भी कर सकती है। चुनाव जीतकर सत्ता में आना और फिर भ्रष्टाचार के ज़रिए जल-जंगल-ज़मीन पर कब्ज़ा करना ही उनका उद्देश्य है। श्री यादव ने कहा कि पीडीए समाज को यह समझना होगा कि जब हमारे पास वोट डालने का अधिकार है, तब भी उत्पीड़न हो रहा है। यदि यह अधिकार ही छीन लिया गया तो हालात और भयावह होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्चस्ववादी ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, जबकि संविधान ही गरीब, शोषित और वंचित वर्गों की ढाल है। उन्होंने पीडीए समाज के हर सदस्य से अपील की कि वह सजग रहे, अपना वोट जरूर बनवाए और दूसरों को भी जागरूक करे। उन्होंने कहा कि वोट बचाने का मतलब संविधान, आरक्षण, नौकरी और भविष्य को बचाना है।

सपा अध्यक्ष ने भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर मतदान करने और अपनी पीडीए सरकार बनाने की अपील की।

# ग्राम चौपालों में 'विकसित भारत-जी राम जी' अधिनियम का व्यापक हो प्रचार : मौर्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण विकास कार्यों को और तेज़ गति देने के निर्देश देते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्राम चौपालों के माध्यम से विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि गांवों में रहने वाले लोग इस कानून के उद्देश्यों और लाभों को भली-भांति समझ सकें।

गुरुवार को अपने कैम्प कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएं। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए नियमित निगरानी अनिवार्य की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अटल आवासीय विद्यालयों में अखबार पढ़ने की आदत विकसित करने के निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम ने प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में नियमित समाचार पत्र पठन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के साथ-साथ उनमें जागरूकता, तार्किक सोच और जिम्मेदार नागरिक होने का भाव विकसित करेगी। डॉ. शन्मुगा ने गुरुवार को बताया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम आधारित पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, भाषा पर पकड़ और आलोचनात्मक सोच को सशक्त करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

उन्होने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित एवं गुणवत्तापूर्ण हिंदी तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञान, अर्थव्यवस्था, समसामयिक घटनाओं, नवीन विकास और खेल से संबंधित समाचार पढ़ने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए। जारी निर्देशों के तहत प्रतिदिन प्रार्थना सभा के बाद तथा कक्षा का नियमित पठन-पाठन शुरू होने से पहले 10 मिनट का समय समाचार पत्र पठन के लिए निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही रोजाना पांच नए या कठिन शब्द उनके अर्थ सहित बोर्ड पर लिखे जाएंगे। विद्यालय के मुख्य डिस्प्ले बोर्ड पर 'आज का सुविचार' प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है।

वहीं कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए सप्ताह में एक दिन संपादकीय लेखों पर आधारित मौलिक लेखन या समूह चर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों से विज्ञान, पर्यावरण और खेल विषयों पर न्यूज क्लिपिंग स्क्रैपबुक तैयार कराई जाएगी। छात्रों की मानसिक और तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए सुडोकू, शब्द पहेली और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अपने विद्यालय की त्रैमासिक समाचार पत्र या पत्रिका तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिसका संपादन स्वयं विद्यार्थियों की टीम करेगी।

# परिषदीय व केजीबीवी विद्यालयों में होंगे वार्षिकोत्सव व खेल उत्सव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में शिक्षा को अधिक जीवंत, व्यवहारिक और समुदाय से जोड़ने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में यह आयोजन जनवरी माह के अंत तक प्रदेश के एक लाख 32 हजार से अधिक विद्यालयों में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए सरकार ने19.80 करोड़ की धनराशि जारी की है। इस पहल के तहत प्रदेश के लगभग 1.31 लाख परिषदीय विद्यालयों और 746 केजीबीवी में सांस्कृतिक, शैक्षिक और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन होगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह कार्यक्रम अब तक के सबसे बड़े शैक्षिक-सांस्कृतिक अभियानों में से एक है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों को केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय इकाई के रूप में विकसित करना है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल पाठ्यपुस्तकों से संभव नहीं है। शिक्षा को संस्कार, संस्कृति और खेल से जोड़कर ही बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पहल से विद्यालयों में नामांकन, नियमित उपस्थिति और बच्चों के ठहराव (रिटेंशन) में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों की रचनात्मक और बौद्धिक प्रतिभा को मंच देने के लिए नाटक, भाषण, कहानी लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रमों का मुख्य विषय शिक्षा का महत्व, नियमित उपस्थिति और आउट ऑफ स्कूल बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहेगा। साथ ही उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा 'लर्निंग बाय डूइंग' के अंतर्गत तैयार शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। खेल उत्सव के अंतर्गत कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए 50 व 100 मीटर दौड़, जबकि कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों के लिए 100 व 200 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। सभी आयु वर्ग के बच्चों के लिए 4म100 मीटर रिले रेस भी कराई जाएगी। कई विद्यालयों में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए उनकी दौड़ या रिले रेस आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि यह आयोजन परिषदीय विद्यालयों को सामुदायिक विश्वास का केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चारबाग बस अड्डे पर निर्माण कार्य के चलते लगा जाम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ के चारबाग रोडवेज बस अड्डा पर चल रहे निर्माण कार्य ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बस अड्डे के चारों ओर रास्ते बंद कर दिए गए हैं, जिससे बसों के प्रवेश और निकास की व्यवस्था ठप हो गई है।

हालात यह हैं कि बसों को मजबूरी में सड़क के दोनों किनारों पर खड़ा किया जा रहा है, जिसके कारण चारबाग और आसपास के इलाकों में भीषण जाम की स्थिति बन गई है। बस अड्डे के भीतर जगह न होने और रास्ते बंद होने के कारण रोडवेज बसें सीधे सड़क पर खड़ी की जा रही हैं। इससे न सिर्फ निजी वाहन बल्कि एम्बुलेंस, ऑटो और दोपहिया चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चारबाग रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्तों पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे पूरे क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि चारबाग रोडवेज बस अड्डे को आधिकारिक तौर पर बंद किए जाने की बात सामने आ रही है, लेकिन इसकी जानकारी यात्रियों को नहीं दी गई। बस अड्डे पर न तो कोई नोटिस चस्पा किया गया है और न ही परिवहन विभाग की ओर से कोई लिखित आदेश सार्वजनिक किया गया है। ऐसे में यात्री रोज की तरह चारबाग पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां अव्यवस्था और भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बस अड्डा बंद होने के बावजूद रोडवेज बसों का चारबाग आना लगातार जारी रहा। एक के बाद एक बसें पहुंचने से सड़क पर बसों की कतार लग गई और जाम की स्थिति और गंभीर होती चली गई। कई बार तो वाहन चालकों को कुछ मीटर चलने में भी 20-30 मिनट तक का समय लग गया।

### अब ग्राम पंचायतों में भी बनेगा आधार कार्ड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश की 1000 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आधार सेवा केंद्र स्थापित करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए आवश्यक उपकरण लगाए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से नया आधार बनवाने से लेकर आधार अपडेट और प्रमाणीकरण तक की सुविधाएं सीधे गांव में ही मिल सकेंगी। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि हर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में आधार सेवा केंद्र स्थापित किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन ग्राम पंचायत सहायक करेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और जिम्मेदारी दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

दावा

### मरीजों के इलाज के लिए दिये गये 4,649 करोड़

# आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में हो रहा है भुगतान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार का दावा, लखनऊ, 8 जनवरी (वार्ता) प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड धारकों की भर्ती में हो रही हीलाहवाली की मीडिया रिपोर्टों को दरकिनार करते हुये उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज(साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी–25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसंबर–25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गयी है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ–साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें।

साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिंग डेस्क (सीपीडी) की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय–सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है।

साचीज की सीईओ ने बताया कि जनवरी–25 से दिसंबर–25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योगी सरकार न सिर्फ इलाज की व्यवस्था कर रही है, बल्कि अस्पतालों के आर्थिक हितों की भी पूरी तरह से रक्षा कर रही है, ताकि वे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। योगी सरकार की नीतियों से क्लेम पेंडेंसी में कमी, समयबद्ध भुगतान और मजबूत ऑडिट व्यवस्था ने अस्पतालों का विश्वास बढ़ाया है। इसका सीधा लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है, जिन्हें अब इलाज के लिए कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी से पूरी तरह से मुक्ति मिल गई है।

# अयोध्या के लाल ने कायम की मानवता की मिसाल

लखनऊ/ अयोध्या,समृद्धि न्यूज।



▸ भाई-बेटा बनकर जनता की सेवा कर रहे शिवेंद्र सिंह

शोएब गाज़ी। हम कोई फिल्मी कहानी कि नहीं बल्कि बात करने जा रहे हैं ऐसी शख्सियत की जो अयोध्या जिले की धरती पर पले बढ़े और राजधानी लखनऊ में शिक्षा हासिल करने के बाद जिन्होंने राजनीतिक सफ़र का आगाज़ किया। आगाज़ भी ऐसा की कुछ ही समय में पूर्वांचल, अयोध्या से लेकर लखनऊ तलक लाखों दिलों पर राज करने लगे। कारण उनका सरल स्वभाव और निराश्रितों जरूरतमंदों गरीबों के दर्द को अपना दर्द समझकर उनकी मदद के लिए डायल 112 की तरह सदैव तत्पर रहकर जनता की सेवा करने वाले ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह का नाम अयोध्या जिले की राजनीतिक गलियारे में सबसे चर्चित नाम उभर कर सामने आया है।

अब बात करते हैं शिवेंद्र सिंह द्वारा जनता के हित में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की तो हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जनवरी को अयोध्या पूरा बाज़ार ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मड़ना में विशाल कम्बल वितरण किया गया। ब्लाक प्रमुख शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में 20 हज़ार कम्बल जरूरतमंदों को बांटे गए साथ ही हाईस्कूल के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को उपहार स्वरूप साइकिलें, दी गईं और जरूरतमंदों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इस मौके पर शिवेंद्र सिंह ने कहा कि उनके पूजनीय पिता जी स्वर्गीय प्रभात सिंह के रहते समाज के लिए कुछ करने की नियत से शुरू किए गए कम्बल, साइकिल, सिलाई मशीन, वितरण का आयोजन पूजनीय पिता जी के न रहने पर उनकी पुण्यतिथि पर शुरू किया गया। और इस वर्ष पिताजी की चौथी पुण्यतिथि पर सेवा के इस क्रम में एक और सफल अध्याय जुड़ गया और कहा कि हर आते नए अध्याय के पीछे हमेशा की तरह एक तरफ वह लोग होते हैं जो मेरे साथ हर बार ही महीनो से मेरे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए निस्वार्थ भाव से लग जाते हैं और दूसरी और मेरे क्षेत्र की देवतुल्य जनता वृद्ध माताएं बहने गरीब असहाय लोग जो हर बार ठंड के इस प्रतीकुल मौसम में भी मेरे इतने छोटे से प्रयास को स्वीकार करके मेरा मान बढ़ाने हर वर्ष ही आते हैं शिवेंद्र सिंह ने कहा मैं सदैव आप सब का आभारी रहुंगा और हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा नजर आऊंगा। कार्यक्रम को भव्य और दिव्या बनाने के लिए माननीय मंत्री सम्मानित विधायक सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी सभी का हृदय से प्रमुख शिवेंद्र सिंह ने धन्यवाद किया।

**विकसित भारत : जी राम जी अधिनियम 2025 पर किसान, मजदूर सम्मेलन आयोजित**

# प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने वितरित किए स्वीकृति प्रमाण पत्र व ट्रैक्टर की चाबी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप द्वारा गन्ना शोध परिषद में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के अन्तर्गत किसान मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी मंत्री द्वारा हेल्प ग्रुप संतोषी मां, प्यारा भारत एवं मां सीता को सीसीएल फंड डेढ़ लाख रुपए के स्वीकृत प्रमाण पत्र तथा कृषक मोहित को ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों की चाबी वितरित की। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी बहुत महती योजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश की सत्ता संभालने के बाद देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानकर रोजगार, खुशहाली के लिए बहुत फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि भारत को समृद्ध एवं सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री भारत को 11वीं अर्थव्यवस्था से विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहे हैं भविष्य में उनका उद्देश्य है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बने।

**रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन, ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदमः प्रभारी मंत्री**

प्रधानमंत्री ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने तथा देश की छवि एवं लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में वैश्विक स्तर पर कार्य किया है। संपूर्ण भारत के किसानों, मजदूरों, गरीबों से जुड़े हुए उनके हित में फैसले लिए हैं। देश के नागरिकों को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाओं से संपूर्ण देश के करोड़ किसानों को लाभ मिला है। मंत्री ने कहा कि पहले मनरेगा योजना गड्ढा खोदने एवं भरने का तक ही सीमित था जिससे भ्रष्टाचार अनियमिताएं सामने आई और खर्च भी बहुत किया गया। प्रधानमंत्री ने मनरेगा को बदलकर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 जन उपयोगी बनाया है। मंत्री ने कहा कि विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी



अधिनियम 2025 से सर्वोधित विशेष ग्राम सभा से जोड़ दिया गया है। संसद द्वारा हाल ही में पारित किया गया विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण): वीबी-जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) अधिनियम देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इसके नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है जो कि मेहनतकश ग्रामीण समाज के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन है। उन्होंने बताया कि समय पर मजदूरी भुगतान मिलेगा। कई बार मजदूरी में देरी होने की शिकायतें मिलती थीं। अब यदि मजदूरी में देरी होती है तो प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा मजदूरी के साथ दिया जाएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और श्रमिकों को पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रता होगी। अब कार्यों की योजना ग्राम सभा में ही तय की जाएगी। कोई काम ऊपर से थोपा नहीं जाएगा। ग्राम पंचायत अपनी विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करेगी, जिसके लिए ग्रामीणों का सहयोग अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कार्य की चार प्रमुख श्रेणियां होंगी। जल सुरक्षा और संरक्षण कार्य, ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य, आजीविका संवर्धन के कार्य एवं जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य है। ये चारों क्षेत्र मिलकर विकास, सशक्तिकरण, कन्वर्जेंस और स्थायी आजीविका का आधार बनेंगे। विभागों का एकीकरण और पारदर्शिता आएगी, इस अधिनियम के तहत गाँव के सभी कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर एकत्रित होंगे। इससे दोहराव बंद होगा, विभागों के बीच तालमेल बढ़ेगा और भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। कृषि मजदूरी समन्वय में इस अधिनियम में, राज्य सरकार द्वारा बुवाई एवं कटाई संबंधी मुख्य कृषि संबंधी गतिविधियों हेतु कुल मिलाकर 60 दिनों की अवधिनिर्धारित करने का प्रावधान है। इस दौरान इस अधिनियम के तहत कार्यों का क्रियान्वयन नहीं होगा, जिससे कृषि कार्य निर्वाध रूप से संचालित हो सकें। प्रशासनिक मद में राशि की बढ़ोत्तरी होगी। नए अधिनियम में प्रशासनिक मद की सीमा 6 पेतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है। इससे ग्राम रोजगार सहायकों, फील्ड एसिस्टेंट एवं तकनीकी सहायकों की सेवाएँ सुरक्षित रह सकेंगी और उनका क्षमता विकास होगा, जिससे योजना का संचालन और सुगम होगा। इस नए अधिनियम के बारे में जानकारी केवल सरकारी स्त्रोतों से पास की जाए तथा इस संबंध में आयवश्यकतानुसार सूचना पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत जो काम अभी चलरहे हैं, यो बिल्कुल सुरक्षित हैं। कोई भी काम रुकेगा नहीं, सब पहले की तरह पूरे होंगे। आगे विकसित भारत की राम जी लागू होने के बाद इसके हिसाब से नए काम शुरू हो जाएंगे। मतलब, काम में रुकावट नहीं आगे बढ़ेगा। बल्कि ज्यादा मौके मिलेंगे। गाँव का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी कानून पूरी तरह लागू होने पर आपको न केवल 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, बल्कि अधिनियम के लागू होने पर नई बढ़ी हुई मजदूरी दरों का भी लाभप्राप्त होगा। माननीय मंत्री जी ने कहा कि सोशल ऑडिट को आवश्कतानुसार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा है ना खाऊंगा और ना ही खाने दूंगा। प्रधानमंत्री जी चाहते हैं कि भारत को विकसित राष्ट्र का गौरव मिले। मूलभूत संरचना को मजबूत करके विकसित किया जाए। शाहजहांपुर ऐतिहासिक धरती है यहां से देश की आजादी के लिए ठाकुर रोशन सिंह, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं अशफाक उल्ला खां भारत को आजाद करने में योगदान दिया है। सभी को मिलकर विकास की गति को आगे बढ़ाना है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं अच्छे से लोगों मिले प्रदेश में शाहजहांपुर आगे बढ़ सके। योजनाओं का अच्छे से अनुपालन हो और धरातल पर उतारने में योगदान दें। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के संबंध में गांवों में सेमिनार कराए गए है। उन्होंने कहा कि माननीय मंत्री जी का संदेश पूरे दिन में किसान एवं मजदूरों के माध्यम से आसन होगा। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डा. अपराजिता सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, परियोजना निदेशक अवधेशराम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, कृषि उपनिदेशक पुरुषोत्तम कुमार मिश्र, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पैसों के लेन-देन पर दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने चार लोगों का शांति भंग में चालान किया

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गंगसरा और बरोना फार्म दोनों गांवों में पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट हुई, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। जानकारी के अनुसार, एक पक्ष से मनोज पुत्र सोनपाल और सुशील पुत्र श्रीपाल निवासी गंगसरा तथा लाला राम पुत्र नन्हे लाल निवासी बरोना फार्म शामिल थे। दूसरे पक्ष से इवरार पुत्र बुद्धा निवासी गंगसरा का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ था, जो पहले कहासुनी और फिर हाथापाई में बदल गया। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को थाने ले आई। पुलिस ने मामले की जांच की, लेकिन किसी भी पक्ष से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली। शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने चारों आरोपितों का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई न की जाती तो यह विवाद और गंभीर रूप ले सकता था। पुलिस ने सभी संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी किसी भी हरकत से बचने की सख्त हिदायत दी है, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. पीएन मेहरोत्रा के निधन पर शोक



**शाहजहांपुर।** रचनात्मक संस्था संकल्प के संरक्षक व आईआईएमए के संस्थापक अध्यक्ष डॉ पी एन मेहरोत्रा (बंबा वाले) के निधन पर संयुक्त शोक सभा, त्रिपाठी आयुर्वेद भवन पर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति और परिवार को दु:ख सहने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, डॉ. अवनीश मिश्रा, कवि डॉ. इन्दु अजनबी, डॉ. एसी वर्मा, डॉ. जिया ख़ान, डॉ. एस पी कौशल, डॉ. इरफ़ान हुसैन, डॉ. अयूब हसन अंसारी, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. विजय जौहरी, डॉ. हरचरन सिंह दुआ, डॉ. केडी सिंह, डॉ. सुशील कुमार मिश्रा, डॉ. रवि मोहन, डॉ. वी.एन.रस्तोगी, डॉ. राजीव वर्मा, करुणेश अवस्थी, दीपक पांडेय, के.जी. बहल, हिमांशु पाराशरी, विजय तुली समेत अनेक लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पेड़ काटने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**कलान-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कटिघरा में एक सूखे पेड़ को काटने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमले और मारपीट के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सौरभ पुत्र खुशीराम यादव का आरोप है कि उसके खेत में बबूल का एक सूखा पेड़ खड़ा था। गांव के ही प्रदीप, सचिन और अमित जबरन उस पेड़ को काटने लगे। जब सौरभ ने इसका विरोध किया, तो उक्त तीनों युवकों और सत्यवीर ने उसे गालियां देते हुए लाठी-डंडों और टकोले से पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आए वीरेंद्र, मनोज और मोनी को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। सौरभ का यह भी आरोप है कि जब वह शिकायत करने कलान आ रहा था, तब रास्ते में आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। वहीं, दूसरे पक्ष के अमित का कहना है कि बबूल का पेड़ उसके खेत में था, जिसे गांव के ही खुशीराम, वीरेंद्र, अनुज और गबड़े ने काटकर अपने घर में रख लिया। अमित के अनुसार, जब उसने अपने पेड़ के बारे में पूछताछ की, तो विपक्षी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए उसे लात-घूंसों व टकोले से पीटा। शोर सुनकर उसे बचाने आई उसकी माँ सुनीता को भी विपक्षियों ने नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई हैं। दोनों ही पक्षों ने कलान थाने में प्रार्थना पत्र देकर एक-दूसरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### कच्ची देसी शराब के साथ पुलिस ने एक को पकड़ा

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पीर ताला पेट्रोल पम्प के पास से मुखबिर ख़ास की सूचना पर पुलिस ने कच्ची देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। जामा तलाशी लेने पर उसके पास प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची देसी शराब बरामद हुई जब पुलिस देसी शराब रखने का लाइसेंस मांगा तो बह सकपका गया और माफी मांगने लगा पूंछे जाने पर उसने अपना नाम ध्रुव सिंह पुत्र वर्मा सिंह निवासी गांव नगला शाहजहां थाना सिधौली शाहजहांपुर बताया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव हरनाई निवासी एक महिला ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बुधवार शाम 7:00 बजे घर में अकेली थी तभी मौका पाकर गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा उसके घर में घुस आया और उसकी बुरी नीयत से पकड़ लिया जिसके चलते वहां चीखने चिल्लाने लगी शोर शराबा सुनकर मौके पर उसका देवर आ गया व अन्य लोग आ गए मौके पर लोगों को आता देख वह भाग गया लेकिन 10 मिनट के बाद फिर वह अपनी पत्नी बेटी ब एक अन्य व्यक्ति सहित दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध मेरे के देवर के द्वारा किया गया तो तो सभी मेरे देवर के साथ मारपीट करने लगे व मेरे देवर के सर पर डंडा मार दिया इससे उनके सर से खून निकलने लगा सभी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पीड़िता ने थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई तो वही गांव हरनाई के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि वह बुधवार शाम खेत से अपनी बेटी सहित घर की ओर आ रहे थे तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही चार लोगों के द्वारा मुझको रोक कर बेवजह गाली गलौज वह मेरी बेटी को जबरन पकड़ने लगे जब मैं अपनी बेटी को छुड़ाने का प्रयास किया तो उक्त सभी के द्वारा उग्र होकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे हैं जिससे मैं बुरी तरीके से घायल हो गया पीड़ित ने थाना खुटार में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। खुटार पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों से घायल व्यक्तियों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया खबर लिखा जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।

### मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** हजरत सम्मन मियां के उर्स के मुबारक मौके पर कव्वाली और कुल शरीफ की रस्मों का होना अकीदतमंदों के लिए बहुत खास पल होता है। सूफी संतों के उर्स में यह रस्में रूहानी सुकून और भाईचारे का प्रतीक मानी जाती हैं। यहाँ इस कार्यक्रम से जुड़ी कुछ मुख्य बातें दी गई हैं जो आमतौर पर ऐसे आयोजनों में देखी जाती हैं। यह उर्स का सबसे अहम हिस्सा होता है। इसमें कुरान ख्वानी की जाती है और मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी जाती हैं। कव्वालों द्वारा सूफियाना कलाम पेश किए जाते हैं, जो जायरीन (श्रद्धालुओं) को एक अलग ही रूहानी दुनिया में ले जाते हैं। हजरत सम्मन मियां की शान में मनकबत पढ़ी जाती है।अकीदत का सैलाब: उर्स के दौरान दूर-दराज से लोग आकर चादर पोशी करते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। सूफी संतों का उर्स हमें इंसानियत, मोहब्बत और रूहानियत का पैगाम देता है। हजरत सम्मन मियां जैसे बुजुर्गों की दरगाहें हमेशा से ही गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र रही हैं, जहाँ हर धर्म और मजहब के लोग अपनी आस्था लेकर पहुँचते हैं। दरगाह अध्यक्ष सैयद सफ़कत अली अल्तमस अली मो तारिक आरिफ असलम सैयद अली अब्बास सुहेल सैफी यामीन रियान शानू सैयद सिफ़कत मो सनद सैयद तनवीर अली अरशद महेदी हसन फ़ईम हसनैन जुल्फिकार हमीद बारिश आदि लोग मौजूद थे।

### डीसीएम में पीछे से जा टकराई बाइक, दो युवक गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर डीसीएम के पीछे बाइक टकराने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बुधवार रात करीब नौ बजे हाइवे पर बरेली से शाहजहांपुर जा रही डीसीएम के पीछे जा घुसी। जिसमें बाइक सवार अशोक यादव व अनिल कुमार निवासी शाहजहांपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजवाया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की दशा होगी बिहार की तरहः प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप

**दो दिवसीय दौर पर शाहजहांपुर आए मंत्री ने की प्रेसवार्ता**

**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने समाजवादी के मुखिया पर निशाना साधा और कहा कि समाजवादी पार्टी के बहुत से नेताओं का किरदार उत्तर प्रदेश के साथ साथ देश की जनता जानती है, अखिलेश यादव पांच साल सत्ता में रहे, 700 दंगों का रिकॉर्ड बनाया, उत्तर प्रदेश में अखिलेश की दशा वैसी होने वाली है, जैसे बिहार में लालू की हुई है। अब दिल्ली में समाजवादी पार्टी के सांसद का नाम दंगों में साजिश के तौर पर आया है,यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है, ऐसा होता रहता है। मंत्री बोले कि कांग्रेस, सपा का यह चाल चलन हो गया है, 2027 में अखिलेश यादव को अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल होगा। एसआईआर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए गए, एसआईआर का लाभ वहां की जनता ने उठाया है। अखिलेश यादव को पता है कि डबल, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम कटेंगे तो उनका नुकसान होने वाला है। समाजवादी की नीति, व नीयत से प्रदेश की जनता जान चुकी है। साथ ही प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भाजपा दफ्तर में विकसित भारत-जी राम जी योजना पर चर्चा करते हुए मीडियाकर्मियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ड्रीज प्रोजेक्ट है, इसलिए यह धरातल पर लागू की गई है। मंत्री बोले कि जी राम जी योजना किसानों के हितों में 1 वर्ष में 60 दिन बंद रहेगी, इससे खेतीबाड़ी में मजदूरों की कमी जैसी कोई दिक्कत उत्पन्न नहीं होगी। उक्त योजना में पारदर्शिता बनी रहे, इसके बायोमैट्रिक हाजिरी लगाई जाएगी। इस दौरान महापौर अर्चना वर्मा, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर आदि रहे।

### अवैध रूप से काटे जा रहे वाहन, पलक झपकते कबाड़ में हो जाते हैं तब्दील

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर में कबाड़ो की दुकानों में मालवाहक एवं सवारी ई रिक्शा बिना परमिशन के ही पलक झपकते ही काटकर कबाड़ में कर दिए जाते हैं। तब्दील नगर खुलीं अनाधिकृत दुकानों पर यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। वाहनों के अवशेष को जलाकर वातावरण भी प्रदूषित किया जा रहा है। कई महीनो से यह कार्य दिन-रात चल रहा है वाहनों के काटने का सिलसिला लगातार जारी नगर में कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं। इन पर अधिकतर पुराने वाहन काटे जा रहे हैं। अधिकतम कबाड़ की दुकानों के मानक नही है पूरे बिना दस्ताबेज मे नगर मे दर्जनों कबाड़ी की दुकाने चल रही हैं जिसमे राजस्व विभाग की लापरवाही से सरकार को हर बर्ष लगाते है चुना जबकि इन दुकानदारों के पास वाहन काटने का कोई भी लाइसेंस नहीं है लेकिन फिर भी यह प्रशासन कि आंखों में धूल झोंक कर चोरी से वाहन खरीद कर काटते हैं।

## सर्व समाज हिताय मोर्चा की बैठक संपन्न



**कार्यकारिणी का किया गया गठन, मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कांट में सर्व समाज हिताय मोर्चा की मीटिंग की हुई। अध्यक्षत मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाम मो नवी आज़ाद ने की। संचालन मोर्चा के नगर अध्यक्ष परवेज अली, महासचिव शोएब खान ने की। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मीटिंग में बोलते हुए कहा कि कस्बा कांट में कोटेदार घटटोली कर आम जनता को 5 किलो यूनिट राशन की जगह 4 किलो यूनिट राशन दे रहे हैं, जिसको डी. एस. ओ और उप ज़िला अधिकारी से मोर्चा मिलकर ज्ञापन देगा। इसी कड़ी में नगर अध्यक्ष परवेज अली व नगर महा सचिव शोएब खान से विचार विमर्श करके नगर की कार्यकारिणी का गठन किया। कांग्रेस पार्टी छोड़कर आए पूर्व नगर अध्यक्ष व वर्तमान ज़िला सचिव गुलाम गौस को मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव व ज़िला प्रभारी नियुक्त किया गया तथा अच्छन खान को नगर सचिव, मोहम्मद यूनुस को नगर उपाध्यक्ष, महफूज़ खान को नगर संगठन मंत्री, साजिद खान को नगर सचिव, नाजिम खान को नगर उपाध्यक्ष आदि को मनोनयन पत्र दे कर माला पहना कर सम्मानित किया गया। मीटिंग का समापन गुलाम गौस ने सैंकड़ों लोगों का स्वागत एवं धन्यवाद कर समापन किया। मीटिंग में शबाब खान, गुड्डू खान, अच्छन खान, लियाकत अली, शोएब खान, मोहम्मद यूनुस, वकील अहमद, मो. नबी, शब्बन खान, मोहम्मद नबी, महफूज़ खान, कामरान खान, अरशद खान, सादिक खान, जावेद, शाने अली, हाफ़िज़ जाबिर, हाफिज उवैस खान, शुजात खान एडवोकेट, शाद्वान अली आशू वाल्मीकि आदि ने भाग लिया।

## नगर आयुक्त ने किया घाटों का निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** नदियों के उत्थान और पुनरूद्धार हेतु नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा प्रातःकाल स्वच्छता को सर्वोपरि रखते हुए नगर क्षेत्र के लोधीपुर घाट एवं हनुमतधाम घाट का निरीक्षण कर नदियों के किनारे पौधारोपण के माध्यम से प्राकृतिक रिवर फ्रंट विकसित करने हेतु योजना पर विचार विमर्श किया गया। निरीक्षण के समय रिवर फ्रंट को विकसित करने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

## वाहनों के फिटनेस के लिए अब लगानी होगी 100 किमी. की दौड़

**शाहजहांपुर।** जिले के चौपहिया और बड़े वाहन स्वामियों को अब अपने वाहन की फिटनेस कराने के लिए बरेली तक की दौड़ लगानी पड़ेगी। अभी तक जिले में ही एआरटीओ में वाहनों की फिटनेस हो जाती थी लेकिन ऑटोमेटिक फिटनेस मैनेजमेंट सिस्टम न होने की वजह से अब यह व्यवस्था बंद हो गई है। ऐसे में अब लोगों का समय बर्बाद होगा, आने-जाने में पैसे भी खर्च करने पड़ेंगे। जिले में वाहनों की मैनुअल फिटनेस जांच बंद हो गई हैं। वाहनों की फिटनेस अब ऑटोमेटिक फिटनेस मैनेजमेंट सिस्टम पर कराई जाएगी। इसके लिए निजी क्षेत्र में आटोमेटेड फिटनेस सेंटर (एटीएस) को जिम्मेदारी दी गई है। वाहन स्वामियों को अब पहले ऑनलाइन स्लॉट बुक कराना होगा और इसके बाद एटीएस पर जाकर फिटनेस करानी होगी। शाहजहांपुर जिले के लिए सबसे नजदीकी फिटनेस सेंटर बरेली में है परिवहन मंत्रालय के निर्देश पर यह नई व्यवस्था लागू हो गई है। ऐसे में अब जिले में पंजीकृत ई-रिक्शा की संख्या लगभग 15 हजार के आसपास है पंजीकृत रिक्शा के स्वामियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें रिक्शा चालक को समय और पैसा दोनों ही अधिक खर्च करना पड़ेगा। वहीं, स्लॉट की बुकिंग वाले दिन अगर नहीं पहुंच पाए तो फिर वही प्रक्रिया अपनानी होगी।

### ई-रिक्शों की फिटनेस कराना बड़ी चुनौती

**शाहजहांपुर।** वैसे तो नए व्यावसायिक वाहनों को पंजीकरण के बाद आठ वर्ष तक हर दो साल पर और उसके बाद एक-एक वर्ष पर फिटनेस कराने का नियम है। पेट्रोल व डीजल गाड़ियां तो जैसे-तैसे फिटनेस कराने बरेली तक पहुंच जाएंगी लेकिन ई-रिक्शा चालकों को अपने वाहन का फिटनेस करा पाना बड़ी चुनौती साबित होगा। क्योंकि 100 किलोमीटर तक जाने में ई-रिक्शों की बैटरी डिस्चार्ज हो जाएगी। वहीं, अगर वाहन का फिटनेस नहीं है तो 10,000 रुपये का चालान किया जाता है। और शाहजहांपुर जिला अधिकारी ने ई रिक्शा को हाईवे पर पूर्ण रूप कर बंद कर रखा है सवाल यह है कि फुल चार्जिंग पर ई रिक्शा 50 से 60 किलोमीटर चलता है ई रिक्शा बरेली जाएगा कैसे, वाहनों की फिटनेस अब ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटरों पर कराने के निर्देश दिए गए हैं। मैनुअल फिटनेस बंद हो गई है। जिले के लोगों को बरेली जाकर फिटनेस करानी होगी। अब यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है।

## एबीवीपी के नवनियुक्त प्रांत सह मंत्री का स्वागत



जलालाबाद, शाहजहांपुर। वर्षो से छात्रों को आवाज उठाने वाले युवा छात्र नेता संजय बने सहमंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बदायूं में संपन्न हुए प्रांत अधिवेशन में जलालाबाद निवासी छात्र नेता संजय गुप्ता को एबीवीपी ब्रज प्रांत सहमंत्री का दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि एबीवीपी प्रारंभ से ही छात्र हितों को लेकर प्रतिबद्ध है प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित एवं छात्र हित को ध्यान में रखकर कार्य करता है जिला संयोजक मेडिविजन जितेंद्र पाल ने कहा को विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलता है एबीवीपी का उद्धेश्य छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है।

### लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**शाहजहांपुर।** थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र से लापता चल रहे युवक का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के ग्राम चकपरमाली निवासी रोहित वर्मा (24) का शव ग्राम दिलावरपुर स्थित पंथबारी के पास एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार युवक बीते कुछ दिनों से लापता था। उसकी मौत के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर समाजसेवी प्रधान पुत्र संजीव मिश्रा और भाजपा नेता रोहित गुप्ता भी पहुंचे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हाड़कंपा देने वाली सर्दी में भी तहसील प्रशासन नहीं जलवा रहा अलाव

- **पंचायत चुनाव के प्रत्याशियों ने भी मुंह मोड़ा**
- **एक पखवाड़े से चल रही शीत लहर में जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त, गरीब बेसहारा लोगों का हाल बेहाल**

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**

गंगा रामगंगा के तराई क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जानलेवा शीत लहर के चलने के बाद भी कहीं अलाव नहीं जलवाए जा रहे हैं। यही नहीं पंचायत चुनाव की तैयारी में लगे प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार चुनाव में मतदाताओं को शराब और रुपए तो बांट सकते हैं। किंतु शीत लहर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने के लिए उन्हें लकड़ी (ईधन) महंगी लग रही है। तहसील प्रशासन ने भी इस ओर से मुंह मोड़ लिया है। जिससे आमजन इस शीत लहर में बेहद परेशान हैं। प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में शासन स्तर से अलाव जलवाने और गरीब बेसहारा लोगों को कम्बल वितरण किए जाने के लिए प्रदेश के सभी तहसीलों के लिए बजट एलाट किया जाता है। किंतु इस हाड़ कंपा देने वाली शीत लहर में कलान तहसील प्रशासन को मिले बजट में अलाव कहां जलवाए गए हैं? शायद किसी को नहीं पता है। दो चार दिन की ठंड में तो अलाव की



जरूरत गरीब बेसहारा लोगों को ही पड़ती है। किंतु लगभग एक पखवाड़े से सूर्य देव के नहीं निकलने, पूरे दिन आसमान में छाए घने बादलों के बीच कोहरे की फुहार में अलाव जनसामान्य की जरूरत बन गए हैं। आरामशीनों और लकड़ी की ठेकी बंद होने से जलाऊ लकड़ी के दाम आसमान छू रहे हैं। जिससे सामान्य लोग ईधन खरीदकर अलाव नहीं जला सकते हैं। ऐसी स्थिति में गरीब बेसहारा लोग इस शीत लहर में कूड़ा करकट,पन्नी,पुराने टायर आदि जलाकर ठंड से निजात पा रहे हैं। गरीब तबके के लोगों का कहना है कि पंचायत चुनाव में बीडीसी, प्रधान और जिला पंचायत पद के प्रत्याशी पांच हजार रुपए प्रति वोट तक खरीदने के साथ ही शराब और खाने के पैकेट भी बांट देते हैं। किंतु इस कड़ाके की सर्दी में अलाव जलवाने के लिए उनके पास पैसा नहीं है। गरीबों का स्पष्ट कहना है कि अमीरों ने पंचायत चुनाव में वोट खरीदकर चुनाव को पूरी तरह व्यापार बना दिया है। यही कारण है कि मतदाता सभी प्रत्याशियों से रूपये लेकर वोट अपनी पसंद के उम्मीदवारों को ही देते हैं। मतलब साफ है कि अमीर डाल डाल तो मतदाता पात पात हो गए हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र अनुराग को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ताः कोइलीराम उर्फ कोयलीराम पुत्र रामखेलावन, निवासी-म.नं.-54, फैय्याजपुरा, कस्बा व थाना फतेहपुर, जिला बाराबंकी।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षामित्र ने बरेली के निजी अस्पताल में तोड़ा दम



**खुदागंज,शाहजहांपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के इटौआ गांव के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र पूजा यादव का बरेली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं। पूजा यादव वर्ष 2007 से विद्यालय में शिक्षामित्र के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। उनके निधन से क्षेत्र और स्कूल के बच्चों में शोक व्याप्त है। उनके पति धनपाल यादव ने बताया कि पूजा यादव पिछले लगभग आठ वर्षों से हृदय की गंभीर बीमारियों से जूझ रही थीं। उनका इलाज प्रदेश के कई प्रतिष्ठित अस्पतालों में कराया गया, लेकिन उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार नहीं हो रहा था। अंततः बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। पूजा यादव अपने पीछे 12 वर्षीय बेटी नैनसी और 8 वर्षीय बेटे ऋतिक को छोड़ गई हैं। पति धनपाल यादव ने बताया कि पत्नी के निधन के बाद बच्चे गहरे सदमे में हैं। पूजा यादव मूल रूप से भुरखुड़ा गांव की निवासी थीं। उनके पति धनपाल यादव ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। पूजा यादव के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों की संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं। यादव परिवार के सदस्यों, जिनमें सत्यपाल यादव, कृष्णपाल यादव, धनपाल यादव, राजीव यादव, मनीष यादव, अंकित यादव और अनिकेत यादव शामिल हैं। मृतक पूजा यादव कि मौत के बाद परिजनों में छाया मातम।

### उपेंद्र सिंह नवादा ने आधा दर्जन गांवों में जरूरतमंदों को बांटे दो हजार कम्बल



**तिलहर - शाहजहांपुर।** कड़ाके की सर्दी में समाज सेवी व पालिका सभासद संगीता सिंह के पति उपेंद्र सिंह नवादा ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जरूरतमंद लोगों को दो हजार कम्बल वितरित किए। उन्होंने अजय किसी प्रकार का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। भीषण सर्दी के चलते उपेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के गांव गुलचंपा, हाजीपुर , मलूकापुर , इस्माइलपुर नवादा , मंसूरपुर में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए। साथ ही किसी भी समस्या के लिए उन्हें याद करने और हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाते हुए सभी ग्रामीणों को मोबाइल नंबर दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव में हर जरूरतमंद को कम्बल मिल सके ऐसी व्यवस्था करते हुए करीब दो हजार कम्बल वितरित किए गए हैं। यदि कोई छूट गया होगा तो उसे भी कम्बल दिया जाएगा। कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कम्बल वितरण की जमकर सराहना की। इस मौके पर प्रदीप कुमार , सुरेश कुमार, नरेश कुमार, धन देवी, रीना देवी, विपिन कुमार, रामदास, कालीचरण आदि कम्बल वितरण कार्य में सहयोगी रहे।

### छुट्टा पशु से टकराकर एक युवक की मौत, साथी घायल

**बंडा, शाहजहांपुर।** खेत की रखवाली करके वापस अपने घर आ रहे युवक की बाइक में छुट्टा पशु के टकरा जाने से बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए । घायल अवस्था में दोनों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक का इलाज चल रहा है । बंडा के गांव बनिगवां निवासी 46 वर्षीय जसकरन अपनी मोटर साईकिल से गांव के ही 52 वर्षीय राधे के साथ पोहकरपुर स्थित खेत की रखवाली करने के लिए रोजाना की तरह जाते थे । बुधवार देर शाम जब दोनों लोग बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे तभी पोहकरपुर के पास सड़क पर घूम रहे छुट्टा पढ़ने आकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल अवस्था में दोनों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने राधे को मृत घोषित कर दिया जबकि जसकरन का इलाज चल रहा है । राधे की मौत की सूचना पर घर में कोहराम मच गया । वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । उनकी मौत से पत्नी मीना देवी, पुत्र कुलदीप, पुत्री अर्चना, सुलोचना, सीमा, साधना, शालिनी आदि का रो रो कर बुरा हाल है।

### सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के पीछे लगी दुकानों पर चला रेलवे का हथौड़ा

**पीलीभीत।** सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के पीछे वर्षों से जमी दुकानों पर रेलवे ने कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को दुकान खाली करने का नोटिस थमा दिया है। इससे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या पैदा हो गई है। सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के पीछे करीब डेढ़ सौ दुकानें हैं, जो तहबाजारी के तहत चल रही थीं।रेल विभाग ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानें खाली करने के लिए कहा है।नोटिस मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया है और चेहरों पर डर और मायूसी छा गई है। दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से यहां दुकानें लगा रहे हैं और रेल विभाग को तह बाजारी का ठेका देते हैं। दुकानदारों ने प्रशासन से मानवीय समाधान की मांग की है और दुकानें हटाने के नोटिस को वापस लेने की अपील की है।रेलवे का कहना है कि दुकानें रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से लगाई गई हैं।रेलवे ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानें खाली करने के लिए कहा है।अगर दुकानदार नोटिस का पालन नहीं करते हैं तो रेलवे को मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ेगी।दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।दुकानदारों ने कहा है कि वे रेल विभाग के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं और अपनी समस्या का समाधान निकालना चाहते हैं।

### यूसुफ़ क़ादरी ने ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांवों का किया दौरा, SIR फार्म और कटे वोटों को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी पीलीभीत के पूर्व ज़िला महासचिव यूसुफ़ क़ादरी ने आज 127 विधानसभा पीलीभीत के अंतर्गत ललौरीखेड़ा ब्लॉक के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर SIR में जमा हुए फार्म, नई वोटर लिस्ट और जिन मतदाताओं के वोट कट गए हैं, उन सभी विषयों पर लोगों को जागरूक किया। यूसुफ़ क़ादरी ने लोगों से अपील की कि वे अपने स्तर से मतदाता सूची की जांच अवश्य करें और यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम नई वोटर लिस्ट में सही तरीके से दर्ज है। जिन लोगों के वोट किसी कारणवश कट गए हैं, उन्हें दोबारा फार्म भरकर समय रहते सुधार कराने की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम कटना जनता की आवाज़ को दबाने जैसा है। हर पात्र नागरिक का वोट सुरक्षित रहना चाहिए। दौरे के दौरान गांवों की चौपालों पर रुककर उन्होंने युवाओं और पहली बार वोट देने वालों को नया वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही SIR में जमा फार्मों की स्थिति को लेकर भी लोगों को सही जानकारी दी।

### दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**पीलीभीत।** थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से आईफोन भी बरामद किया गया है।आरोपी ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आईफोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ,कांस्टेबल शोभित कुमार, कांस्टेबल अनूप मिश्रा शामिल हैं।

### सांसद जितिन प्रसाद ने नितिन गडकरी से मुलाकात

**पीलीभीत।** पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद एवम् वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री ने नितिन गडकरी भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग, जहाज़रानी, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री से मुलाकात कर कुछ विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की सासंद जितिन प्रसाद ने माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई इस दौरान अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत में राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर आसाम रोड से पीलीभीत-खटीमा खंड के चार लेन निर्माण एव चौड़ीकरण ,बरेली-बीसलपुर एवं बीसलपुर-शाहजहाँपुर रोड चौड़ीकरण खुटार से पीलीभीत मार्ग NH-730 पर ग्राम कढ़ेरचौरा में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु डिवाइडर बनवाने हेतु अनुरोध किया एवं राष्ट्रीय राजमार्गो से सम्बंधित सभी लंबित एवं प्रस्तावित कार्यों पर आवश्यक चर्चा की जिसे क्षेत्र के लोगो ने काफी प्रशंसा की।

### 40 ट्रैक्टर-ट्रालियों में परावर्ती टेप लगवाया गया

**शाहजहांपुर।** शासन के दिशा निर्देशन 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाये जाने का अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। गुरुवार को परिवहन विभाग के सहयोग से बरेली मोड़ पर 40 ट्रैक्टर-ट्रालियों में परावर्ती टेप लगवाया गया तथा बरेली मोड़ पर खड़े ई-रिक्शा वाहन चालको से चौराहे से 100-150 मीटर दूर खड़े होने के लिए निर्देशित किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरि ओम द्वारा कोहरे के दृष्टिगत वाहन चालकों से बिना परावर्ती टेप के वाहन न चलाने की अपील की गयी। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरि ओम, यात्री-माल कर अधिकारी आरपी गौतम, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय, युवा माई भारत के मयंक भदौरिया व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# 'वाहन चालक हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर चलाएं वाहन'

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बरेली मोड़ पर जागरूकता अभियान आयोजित



सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मेरा युवा भारत के तत्वावधान में यातायात पुलिस एवं मानवता वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त सहयोग से बरेली मोड़ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रभारी विनय पांडे ने सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों को हटवाया, दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को सड़क से हटवाया तथा कहा कि यदि सड़क पर चलने वाला प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे, तो अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस अवसर पर एआरटीओ हरिओम ने कहा कि वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट तथा वैध दस्तावेजों के साथ वाहन चलाना चाहिए। वहीं पीटीओ आर.पी. गौतम ने लोगों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने का आह्वान किया। मेरा युवा भारत से सोनम सचान एवं नमामि गंगे परियोजना के अधिकारी विनय सक्सेना भी अभियान में उपस्थित रहे। मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब तक जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी संभव नहीं है। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों से सड़क सुरक्षा मित्रों ने अपील करते हुए हेलमेट पहनने का आग्रह किया, जबकि हेलमेट व सीट बेल्ट का पालन कर रहे वाहन चालकों का धन्यवाद कर उन्हें सुरक्षित यातायात का उदाहरण बताया गया। अभियान में मानवता वेलफेयर सोसायटी के सदस्य दिव्यांशी मिश्रा, शुभम सागर, अनुराधा पांडे, अंकिता वर्मा, शगुन सक्सेना, सूरज, हिमांशु एवं देवेश ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पंपलेट वितरित कर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का सशक्त संदेश दिया गया।

## पंचायत चुनाव को लेकर हुई अपना दल एस की बैठक



**तिलहर - शाहजहांपुर।** अपना दल - एस की आगामी पंचायत चुनाव को लेकर हुई बैठक में गांव गांव सदस्यता अभियान चलाने एवं पंचायत चुनाव की रूपरेखा जानने के निर्देश दिए गए। नगर के मोहल्ला निजामगंज स्थित जिला महासचिव सूर्य कुमार एडवोकेट के आवास पर जिला अध्यक्ष सुनील पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे दल के बरेली परिक्षेत्र अध्यक्ष दानिश जीशान खान ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाएं और लोगों को अपना दल से जोड़ने का आह्वान किया। जिला महासचिव सूर्यकुमार गंगवार ने कहा कि पंचायत चुनाव को रूपरेखा तैयार के ही मजबूत प्रत्याशी को चुनाव में उतारा जा सकता है। इस लिए सभी प्रचार प्रसार में मनोयोग से जुटें। जिला उपाध्यक्ष ऋषभ गंगवार ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को जोड़ने का काम करें। इस दौरान राजीव पटेल, अजय कठेरिया, सर्वेश गंगवार, कंचन गंगवार, अंशु गंगवार, शुभम सक्सेना, बहोरन राठौर, देवेंद्र गंगवार, अंजू गंगवार आदि मौजूद रहे।

## तौकीर रज़ा के बेटे फरमान के खिलाफ बस चालक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

- छह जनवरी को हाइवे पर रोडवेज बस में पीछे से कार से हुई थी टक्कर

**तिलहर-शाहजहांपर, समृद्धि न्यूज।**



बरेली दंगा भड़काने के आरपी आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा के बेटे के खिलाफ क्रिस्टल स्मैक बरामदगी के बाद अब पुलिस ने रोडवेज बस चालक की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। गौर तलब है कि बीती छह जनवरी की देर शाम करीब साढ़े सात बजे हाइवे पर कच्छियानी स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप सीतापुर से हरिद्वार जा रही बस में पीछे से एक कार जा घुसी थी । उक्त मामला मै कार चालक बरेली दंगा के आरोपी चर्चित मौलाना तौकीर रजा खां का बेटा फरमान रज़ा खां मामूली रूप से चोटिल हो गया था । जिसकी वेग से बेहद कम मात्रा में क्रिस्टल स्मैक बरामद हुई थी। जिसे पुलिस ने ही जमानत पर छोड़ दिया था। इसी क्रम में बस चालक की ओर से फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें सीतापुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 78 केटी 7432 के चालक सीतापुर जनपद के मिश्रिख थाना के गांव हाजीपुर निवासी शिवेंद्र पांडेय ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह मंगलवार को सीतापुर से हरिद्वार के लिए बस ले जा रहा था। तिलहर से पहले बालाजी मंदिर कचियानी खेड़ा के पास सायं साढ़े सात बजे पहुंचा। मंदिर के सामने हाइवे पर मंगलवार को भीड़ भाड़ के चलते वह अपनी साइड में बस धीमी गति से चला रहा था । आरोप है कि इसी दौरान पीछे से आ रही कार संख्या यूपी 25 डी डब्ल्यू 5993 को ड्राइव कर रहे फरमान रजा खाँ पुत्र तौकीर रजा खाँ निवासी सौदागरान थाना कोतवाली जनपद बरेली ने बहुत तेजी व लापरवाही से चलाकर बस के पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस का पिछला हिस्सा बंपर इत्यादि डैमेज हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कड़ाके की ठंड में गांव-गांव पहुंची आध्यात्म की ऊष्मा

- तिलहर ब्लाक के गांवों में चला रामचंद्र मिशन का एकात्म अभियान
- ग्रामीणों को हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया, ध्यान भी कराया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह से पूर्व लोगों तक सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन पहुंचाने के उद्देश्य से पूरे जनपद में हार्टफुलनेस एकात्म अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आज तिलहर विकास खंड के गांवों में चलाया गया। मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का उत्साह कड़ाके की ठंड में भी कम नहीं हुआ और उन्होंने गांव गांव पहुंचकर लोगों को हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में बताया और ध्यान भी कराया। मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों ने तिलहर ब्लाक के बरुआ, मझोला, ढकिया रघा, लालपुर, जनौरी, खंडसार पलिया पट्टी, खिरिया, हवसपुर, इस्माइलपुर नवादा, कुंडरा सहित दर्जनों गांवों में दस्तक दी और लोगों को सहज मार्ग साधना पद्धति के बारे में बताने के साथ ही जीवन में ध्यान साधना के महत्व के बारे में बताया और ध्यान भी कराया। रामचंद्र मिशन के इस अभियान में ध्यान, आत्मचिंतन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन की सरल विधियों के माध्यम से ग्रामीण जनजीवन को मानसिक शांति, आंतरिक संतुलन और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा रहा हैं। इस दौरान विभिन्न गांवों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही ।मिशन के प्रशिक्षक यह संदेश दे रहे हैं कि आध्यात्म किसी एकांत साधना तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो हर व्यक्ति को करुणा, संयम और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाती है। अभियान को सफल बनाने में संतोष कुमार सेठ, पूनम जायसवाल, नीलम सेठ, दिग्विजय वर्मा, राजू गौतम, अनिल शर्मा, संगीता तिवारी, दीपक, अंजू सिंह, सीमा, हरेंद्र, नीरज कुमार, देवेन्द्र सिंह, नवीन कुमार आदि प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

## लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति ने ठंड में जरूरतमंद लोगों को पिलाई चाय

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लायंस इंटरनेशनल अग्रणी मंडल 321 बी-1 के अंतर्गत लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति द्वारा फूड फॉर हंगर के अंतर्गत भीषण ठंड में टाउनहॉल पुल के मंदिर के पास बैठे हुए लगभग 80 जरूरतमंद लोगों को लायन ललिता यादव, लायन शुभांगी गुप्ता द्वारा चाय नाश्ता कराया गया। ठंड में चाय और नाश्ता पाकर सभी बहुत खुश हुए और आशीर्वाद दिया। लायन ललिता यादव ने कहा कि इस भयंकर ठंड में सभी को जरूरतमंद लोगों के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। लायंस क्लब शक्ति लगातार सेवा कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## पालिका के गेट टू गैदर में सभासदों, पत्रकारों का हुआ सम्मान

- चेयरपर्सन व ईओ ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल
- सभी ने लिया चोखा बाटी का आनंद

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नव वर्ष के उपलक्ष्य में चेयर पर्सन हाजरा बेगम के सानिध्य में पालिका की ओर से कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए जाने के साथ ही सभासदों व पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत सभी ने चोखा वाटी का आनंद लिया। बुधवार शाम सात बजे पालिका के कम्युनिटी हॉल में चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने जरूरमंद महिला पुरुषों को कम्बल वितरित किए । इस दौरान चेयरपर्सन व ईओ सतेंद्र प्रकाश ने मौजूद सभासदों को तथा पत्रकार बंधुओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। तदोपरांत सभासदों , ठेकेदारों , पत्रकारों व आगंतुक अतिथियों ने चोखा बाटी सहभोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में आरआई सुशांत कुमार , एसआई राजीव कुमार, वरिष्ठ लिपिक अय्यूब हुसैन, जेई निर्माण पियूष मिश्रा, जेई जलकल नितिन गुप्ता, कमलदीप श्रीवास्तव, इस्लाम अली, जुबैर अहमद, अरविंद कुमार, सुमित कुमार, सीमा गुप्ता , व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि , आशीष शर्मा, सभासद अभिषेक सिंह, सत्येंद्र सिंह सुशील, दिलीप सक्सेना, गंगा सहाय, हितेश गुप्ता रिंकू, उपेंद्र पाल सिंह, ठेकेदार संजीव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुनील शर्मा, सगीर अहमद, राशिद खां, मंगली लाल, इरफान खां समेत तमाम लोग शामिल रहे। जबकि कुछ सभासद कार्यक्रम से बायकॉट करते हुए चले गए।

## डीएम की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा डाकघर, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं बैंकों द्वारा आधार कार्ड बनने, अपडेशन एवं केवाईसी आदि के संबंध में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बैंकों में बन रहे आधार कार्ड की केवाईसी अपडेशन बनने का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जाए। जलालाबाद, पुवायां, जैतीपुर एवं खुदागंज में आधार कार्ड बनाने, अपडेशन एवं केवाईसी के लिए सीएससी कार्यरत हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि से सभी ब्लॉकों में 15 दिनों के अंदर आधार कार्ड बनाने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन चालू कर दिया जाए इससे लोगों को इधर-उधर दौड़ना ना पड़े अपने पास में ही आधार कार्ड संबंधित से कार्य करा सके। जिलाधिकारी ने 0-5 वर्ष तक बच्चों के आधार कार्ड बनाने वाले सेंटरों को स्कूलों में भेजने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी आधार कार्ड बनाने वाले सेंटरों को शुरू कर दिया जाए जिससे लोगों को आधार कार्ड बनवाने, अपडेट कराने एवं केवाईसी कराने में समस्या न हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सहित और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रेडक्रॉस भीषण शीत प्रकोप में दिव्यांगों और विधवाओं को बांटे कम्बल



**शाहजहांपुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में ॐ दिव्यांगजन कल्याण समिति के पदाधिकारियों एवं रेडक्रास सचिव डा. विजय जौहरी की बैठक में आम सहमति से जरूरतमन्द दिव्यांगजनों एवं विधवाओं कम्बल देकर सहयोगी भूमिका के निर्वहन किए जाने का निर्णय लिया है। जिसके लिए पात्र दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाएं रेडक्रास कार्यालय में सोमवार दिवस को अपना आधार कार्ड देकर अपना नाम सूचीबद्ध करा दें जिससे शीघ्र ही निर्धारित दिवस पर कम्बल उपलबध कराये जा सकें। इसके अतिरिक्त आगामी समय में भी सहयोग सेवायें प्रदान की जा सकें। डा0 विजय जौहरी ने कहा कि रेड क्रॉस दिव्यांगजनों एव विधवाओं को केवल राहत ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण और समावेशन के अवसर प्रदान करता है, ताकि वे समाज के सक्रिय और समान सम्मान से वंचित न रहें। बैठक में ॐ दिव्यांगजन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष दिव्यांग बालकृष्ण पांडेय, दिव्यांग रामसिंह कोषाध्यक्ष, नन्द किशोर मिश्रा, रवि कुमार, मुनीश कुमार वर्मा, ब्रजेश कुमार गुप्ता, सविता देवी, विमला देवी, प्रेमलता इत्यादि उपस्थित रहे। रेडक्रास सचिव डा. विजय जौहरी ने ससम्मान सबको सहयोग करने का आश्वासन दिया और समाज से रेडक्रॉस में सहयोगी भूमिका बनाए रखने के लिए योगदान की अपेक्षा की।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की भीषण टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से घायल



**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर कार और ट्रैक्टर ट्राली की भीषण टक्कर हो जाने से दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए । और दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। सिधौली के मोरछा निवासी रामदेव दीक्षित ने बताया कि उनका हाईवे पर मीरानपुर कटरा क्षेत्र में खाटू श्याम ढाबा है। उन्होंने बताया कि वह गुरुवार की देर शाम करीब 7 बजे वह अपनी कार से घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान मीरानपुर कटरा के सुल्तानपुर गांव निवासी राजीव कुमार गंगवार तिलहर चीनी मिल से गन्ना तुलवाकर ट्रैक्टर ट्राली से गांव वापस जा रहे थे। चीनी मिल गेट से हाईवे पर चढ़ते ही कटरा की ओर से आ रही रामदेव दीक्षित की कार उनकी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और हाईवे पर जाम लग गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक राजीव तथा कार चालक रामदेव घायल हो गए। पुलिस ने पहुंचकर हाईवे से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात शुरू कराया।

## साहित्यकार समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं: जेल अधीक्षक

- प्रेरणा पत्रिका के अंक 64 का हुआ विमोचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जेल अधीक्षक जितेन्द्र प्रताप तिवारी व न्यायाधीश ओपी मिश्रा द्वारा प्रेरणा पत्रिका का विमोचन किया गया। वर्ष 1999 से प्रख्यात कवि विजय तन्हा के सम्पादन में अनवरत चतुर्मासिक प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका प्रेरणा के अंक 64 का विमोचन जेल अधीक्षक जितेन्द्र प्रताप तिवारी व न्यायाधीश ओ पी मिश्रा द्वारा किया गया। विमोचन पश्चात जेल अधीक्षक जे पी तिवारी ने कहा कवि और साहित्यकार समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं उसका माध्यम चाहे कवि सम्मेलन के मंच हो या साहित्यिक पत्रिकाएं। न्यायाधीश ओ पी मिश्रा ने कहा हिन्दी साहित्य की सेवा में पत्र पत्रिकाओं का अमूल्य योगदान है सोशल मिडिया के चलते पत्रिकाओं के पाठक कम हैं ऐसे में साहित्यिक पत्रिका का अनवरत प्रकाशन सराहनीय कार्य है। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी से प्रथम मुलाकात पर प्रेरणा पत्रिका संपादक विजय तन्हा व सह संस्थापक राजीव कुमार राजे ने उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर डिप्टी जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता, जेलर कृष्ण कुमार पाण्डेय, अफजल खान आदि मौजूद रहे। प्रेरणा पत्रिका के इस अंक में देश के अतिरिक्त विदेश के रचनाकारों की रचनाएं संग्रहित हैं जिसमें यूएस, न्यूयॉर्क, आस्ट्रेलिया व कुवैत और भारत से मध्यप्रदेश, राजस्थान. प. बंगाल, गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मुम्बई, दिल्ली व उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर, बिजनौर, कानपुर, शाहजहांपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, बाराबंकी, गाजियाबाद, वाराणसी, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर-खीरी, पीलीभीत, उन्नाव, अम्बेडकर नगर, बस्ती, हापुड़, बहराइच, मेरठ, मुरादाबाद, देवरिया, जालौन, रायबरेली, अयोध्या धाम सहित 120 रचनाकारों की रचनाएं प्रकाशित हैं।

## एक बेतुका आदेश

वैसे हाल के दिनों में देश की शीर्ष अदालत से लेकर आम विमर्श तक में आवारा कुत्तों का मामला सुर्खियों में रहा है। इस संवेदनशील, जटिल व विवादास्पद मुद्दे से जुड़े कई तरह के अंतर्विरोध सामने आ रहे हैं। लेकिन इस कड़ी में बिहार के एक नगर निगम के बेतुके फरमान को लेकर आलोचना की जा रही है। यह निर्णय न केवल बेतुका है बल्कि हास्यास्पद भी है। बिहार के सासाराम के नगर निगम ने शिक्षकों से सड़कों में घूमने वाले आवारा कुत्तों की गिनती करने को कहा है। दरअसल, अदालत के निर्देशों के अनुरूप स्थानीय निकायों की इस बाबत जवाबदेही तय की गई है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों व गिरते परीक्षा परिणाम के बावजूद शिक्षकों को गैर–शिक्षण कार्यों में लगाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर हर छोटे–बड़े सरकारी अभियान में शिक्षकों की जिम्मेदारी लगाना प्रशासनिक विफलता को भी उजागर करता है। कभी जनगणना, कभी चुनावी ड्यूटी तो कभी आपदा सर्वेक्षण, और अब कुत्तों की गिनती का बेतुका काम शिक्षकों के जिम्मे लगा दिया गया है। दरअसल, बिहार के शिक्षक विषम परिस्थितियों के चलते पहले ही अत्यधिक दबाव में हैं। जिसके कारण वे शैक्षणिक जिम्मेदारियों व गैर–शिक्षण दायित्वों के लगातार बढ़ते बोझ के बीच संतुलन बनाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं है कि हर इस तरह का व्यवधान कक्षा के समय, पाठ योजना और छात्रों की सहभागिता को गहरे तक प्रभावित करता है। निश्चित रूप से प्राथमिक शिक्षा बच्चे के विकास की नींव रखती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहता है। वर्षों से पेश की जा रही एएसईआर रिपोर्टों में कई बार उजागर किया गया है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम देश में सबसे कमजोर रहा है। जो कि एक चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में जब पहले ही बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहता है तो शिक्षकों को एक और गैर–शैक्षणिक कार्य के लिये कक्षाओं से बाहर निकालना, निस्संदेह शिक्षा व्यवस्था के लिए आत्मघाती कदम ही कहा जाएगा। इससे भी बुरी बात यह है कि यह आदेश कई वास्तविक खतरों से भरा है। आवारा कुत्तों की गिनती करना शिक्षण के कागजी कार्य के समान सहज नहीं है। निश्चित रूप से अनेक शिक्षक ऐसे होंगे जो कुत्तों से डरते भी होंगे। खासकर शिक्षिकाओं के लिये यह कार्य खासा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कुछ लोग इस गणना प्रक्रिया में वास्तविक खतरे का सामना भी कर सकते हैं। इस बात का संकेत शीर्ष अदालत की टिप्पणी में भी मिलता है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया था कि किसी कुत्ते के मन को पढ़ना या यह अनुमान लगाना असंभव है कि कोई जानवर कब आक्रामक हो जाएगा। निश्चित रूप से अप्रशिक्षित शिक्षकों को ऐसे कार्य करने के लिए कहना, उनकी सुरक्षा के लिये भी चुनौती होगी। खासकर तब जब आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं और रेबीज से होने वाली जीवन क्षति सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसे में नगर निगम के आदेश की तार्किकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण और जन सुरक्षा उपायों को लागू करने में नगरपालिकाओं की विफलता पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद एक स्थानीय निकाय ने अपनी मूल जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोपकर इसका जवाब दिया है। निश्चित रूप से यह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा है। निर्विवाद रूप से इस बेतुके आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की जरूरत है। सही मायनों में नगरपालिका के अधिकारियों को अपना काम करना चाहिए और शिक्षकों को भी अपना काम करने की आजादी दी जानी चाहिए। यह समस्या केवल शिक्षकों की ही नहीं है बल्कि यह हमारे नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसे में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्यत्र काम सौंपना, कहीं न कहीं छात्रों और छात्राओं को शिक्षा पाने के अधिकार से वंचित करने जैसा भी है।

# रासायनिक खाद, मिट्टी का क्षरण और वैश्विक पर्यावरण संकट



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**रसायनों के अत्यधिक उपयोग से खाद्य पोषण में गिरावट और जहरीला भोजन इसको समझने क़ी करें तो, रसायनों के अत्यधिक उपयोग से फसलें भले ही आकार में बड़ी और देखने में आकर्षक हों, लेकिन उनकी पोषण गुणवत्ता लगातार गिर रही तत्वों की कमी सीधे पौधों की पोषण संरचना को प्रभावित करती है। इसके अतिरिक्त कीटनाशकों और उर्वरकों के अवशेष भोजन में बने रहते हैं, जो मानव शरीर में धीरे–धीरे जमा होकर कैंसर, मधुमेह, हार्मोन असंतुलन और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों को जन्म दे सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने कई कृषि रसायनों को संभावित कार्सिनोजेन की श्रेणी में रखा है, जो इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों से जुड़ा स्वास्थ्य संकट तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और व्यापक होता है। किसान, खेत मजदूर और ग्रामीण समुदाय सबसे पहले इसकी चपेट में आते हैं, लेकिन शहरी उपभोक्ता भी इससे अछूते नहीं हैं। भोजन, पानी और पर्यावरण तीनों माध्यमों से रसायन मानव शरीर में प्रवेश करते हैं। यह एक ऐसा साइलेंट पैंडेमिक है, जो धीरे–धीरे समाज की स्वास्थ्य संरचना को कमजोर कर रहा है और स्वास्थ्य प्रणालियों पर भारी बोझ डाल रहा है। मिट्टी के स्वास्थ्य में गिरावट का सीधा असर उसमें रहने वाले जीव–जंतुओं पर पड़ता है। केंचुए, जिन्हें मिट्टी का किसान कहा जाता है, रासायनिक खादों के कारण तेजी से कम हो रहे हैं। कीटों और सूक्ष्म जीवों की विविधता में कमी से प्राकृतिक परागण और कीट नियंत्रण की प्रक्रियाएँ बाधित होती हैं। इससे जैव विविधता का संतुलन बिगड़ता है और पारिस्थितिकी तंत्र अस्थिर हो जाता है। पक्षियों, उभयचरों और जलीय जीवों की कई प्रजातियाँ कृषि रसायनों के कारण संकटग्रस्त हो चुकी हैं। यह केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है।**

वैश्विक स्तर पर बीसवीं सदी में हरित क्रांति को मानव इतिहास की सबसे बड़ी कृषि उपलब्धियों में गिना गया, जिसने अकाल से जूझती दुनियाँ को अन्न-आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और उन्नत बीजों के व्यापक उपयोग ने उत्पादन को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाया। किंतु इक्कीसवीं सदी में वही कृषि मॉडल अब एक वैश्विक पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संकट का रूप ले चुका है। रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग मिट्टी की उर्वरता, भूजल की शुद्धता, खाद्य पोषण और जैव विविधता चारों स्तंभों को एक साथ कमजोर कर रहा है। यह संकट केवल किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका हर जगह इसके दुष्परिणाम स्पष्ट दिखने लगे हैं। मैं यह मानता हूं कि मिट्टी केवल फसल उगाने का माध्यम नहीं है,बल्कि यह एक जीवंत पारिस्थितिक प्रणाली है जिसमें अरबों सूक्ष्मजीव, केंचुए, फफूंद और जीवाणु सक्रिय रहते हैं। ये तत्व मिट्टी को भुरभुरा बनाते हैं, पोषक तत्वों का चक्र चलाते हैं और पौधों को प्राकृतिक रूप से पोषण उपलब्ध कराते हैं।

रासायनिक खादों विशेषकर नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश आधारित उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग इस संतुलन को नष्ट कर देता है। लगातार रसायनों के प्रयोग से मिट्टी की जैविक कार्बन सामग्री घटती है, जिससे उसकी जल धारण क्षमता कम हो जाती है और वह कठोर, निर्जीव तथा बंजर होने लगती है। अंतरराष्ट्रीय मृदा विज्ञान संगठनों के अनुसार, विश्व की लगभग 33 प्रतिशत कृषि भूमि पहले ही किसी न किसी रूप में क्षरण का शिकार हो चुकी है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे कृषि प्रधान देशों में मिट्टी की ऊपरी उपजाऊ परत तेजी से खत्म हो रही है।

यह स्थिति दीर्घकाल में खाद्य उत्पादन को अस्थिर बना देती है और किसानों को और अधिक रसायनों पर निर्भर होने के लिए मजबूर करती है, एक ऐसा दुष्चक्र, जिससे बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो जाता है। लाभकारी रासायनिक खादों का सबसे घातक प्रभाव मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों पर पड़ता है। नाइट्रोजन स्थिर करने वाले जीवाणु, माइकोराइजा फफूंद और जैविक अपघटक जीव मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता के आधार होते हैं। जब रसायन सीधे पौधों को पोषण उपलब्ध करा देते हैं, तो ये सूक्ष्मजीव निष्क्रिय होने लगते हैं या मर जाते हैं। परिणामस्वरूप मिट्टी की आत्मनिर्भरता समाप्त हो जाती है और वह बाहरी इनपुट पर निर्भर हो जाती है।



साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की रिपोर्टें को समझने की करें तो यह चेतावनी देती हैं कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही,तो आने वाले दशकों में बड़ी मात्रा में कृषि भूमि जैविक रूप से मृत हो सकती है। ऐसी मिट्टी में उत्पादन बनाए रखने के लिए रसायनों की मात्रा लगातार बढ़ानी पड़ती है, जिससे लागत, प्रदूषण और जोखिम तीनों बढ़ते हैं। रासायनिक खादों का एक बड़ा हिस्सा पौधों द्वारा अवशोषित नहीं हो पाता और वर्षा या सिंचाई के साथ मिट्टी की निचली परतों में रिसकर भूजल में मिल जाता है। नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे तत्व भूजल को प्रदूषित कर देते हैं, जो सीधे पीने के पानी के स्रोत बनते हैं। यह समस्या अब केवल ग्रामीण कृषि क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी गंभीर रूप ले चुकी है।भारत के इंदौर में जहरीला जल पीने से 15 से अधिक लोगों की मृत्यु की घटना इस संकट कीभयावहता को उजागर करती है। यह केवल एक स्थानीय दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यापक समस्या का प्रतीक है जिसमें कृषि रसायन, औद्योगिक अपशिष्ट और अव्यवस्थित जल प्रबंधन मिलकर मानवजीवन के लिए घातक परिस्थितियाँ पैदा कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नाइट्रेट- प्रदूषित जल से ब्लू बेबी सिंड्रोम, कैंसर और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में जल संकट और कृषि रसायन को समझने की करें तो यूरोप के कई देशों, विशेषकर नीदरलैंड्स और फ्रांस में, भूजल में नाइट्रेट स्तर खतरनाक सीमा को पार कर चुका है,जिसके कारण सरकारों को उर्वरक उपयोग पर कड़े नियम लगाने पड़े हैं। अमेरिका में डेड ज़ोन की समस्या-जहाँ नदियों से बहकर गए पोषक तत्व समुद्र में ऑक्सीजन की कमी पैदा कर देते हैं, कृषि रसायनों के दुष्प्रभावका अंतरराष्ट्रीय उदाहरण है। यह दर्शाता है कि रासायनिक खाद का असर केवल खेत तक सीमित नहीं रहता, बल्कि नदियों, झीलों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र तक फैल जाता है।

साथियों बात अगर हम रसायनों के अत्यधिक उपयोग से खाद्य पोषण में गिरावट और जहरीला भोजन इसको समझने क़ी करें तो, रसायनों के अत्यधिक उपयोग से फसलें भले ही आकार में बड़ी और देखने में आकर्षक हों, लेकिन उनकी पोषण गुणवत्ता लगातार गिर रही तत्वों की कमी सीधे पौधों की पोषण संरचना को प्रभावित करती है।इसके अतिरिक्त कीटनाशकों और उर्वरकों के अवशेष भोजन में बने रहते हैं, जो मानव शरीर में धीरे-धीरे जमा होकर कैंसर, मधुमेह, हार्मोन असंतुलन और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों को जन्म दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने कई कृषि रसायनों को संभावित कार्सिनोजेन की श्रेणी में रखा है, जो इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करता है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों से जुड़ा स्वास्थ्य संकट तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और व्यापक होता है। किसान, खेत मजदूर और ग्रामीण समुदाय सबसे पहले इसकी चपेट में आते हैं, लेकिन शहरी उपभोक्ता भी इससे अछूते नहीं हैं। भोजन, पानी और पर्यावरण तीनों माध्यमों से रसायन मानव शरीर में प्रवेश करते हैं।यह एक ऐसा साइलेंट पैंडेमिक है, जो धीरे-धीरे समाज की स्वास्थ्य संरचना को कमजोर कर रहा है और स्वास्थ्य प्रणालियों पर भारी बोझ डाल रहा है। मिट्टी के स्वास्थ्य में गिरावट का सीधा असर उसमें रहने वाले जीव-जंतुओं पर पड़ता है। केंचुए, जिन्हें मिट्टी का किसान कहा जाताहै, रासायनिक खादों के कारण तेजी से कम हो रहे हैं। कीटों और सूक्ष्म जीवों की विविधता में कमी से प्राकृतिक परागण और कीट नियंत्रण की प्रक्रियाएँ बाधित होती हैं। इससे जैव विविधता का संतुलन बिगड़ता है और पारिस्थितिकी तंत्र अस्थिर हो जाता है।पक्षियों, उभयचरों और जलीय जीवों की कई प्रजातियाँ कृषि रसायनों के कारण संकटग्रस्त हो चुकी हैं।

यह केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है, क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ने का अंतिम प्रभाव मानव जीवन पर ही पड़ता है। साथियों बात अगर हम जैविक खाद और टिकाऊ खेती : एकमात्र व्यवहारिक विकल्प, इसको समझने की करें तो इस वैश्विक संकट का समाधान रासायनिक खेती के विकल्पों में निहित है। जैविक खाद, हरी खाद, कंपोस्ट, वर्मी-कंपोस्ट और प्राकृतिक कृषि पद्धतियाँ मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित कर सकती हैं। ये न केवल मिट्टी के सूक्ष्मजीवों को संरक्षित करती हैं, बल्कि भूजल प्रदूषण को भी रोकती हैं। जैविक खेती से उत्पादित भोजन अधिक पोषक और सुरक्षित होता है, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। विश्व के कई देशों ने टिकाऊ कृषि को नीति स्तर पर अपनाना शुरू कर दिया है। यूरोपीय संघ की फार्म टू फोर्क रणनीति, भारत की प्राकृतिक खेती पहल और अफ्रीका में एग्रो-इकोलॉजी आंदोलन इस दिशा में सकारात्मक कदम हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सभ्यता के सामने एक निर्णायक मोड़ पैदा हो गया है,रासायनिक खादों का संकट केवल कृषि का मुद्दा नहीं है; यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरणीय सुरक्षा, खाद्य संप्रभुता और भावी पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। यदि वर्तमान रुझान जारी रहे, तो दुनियाँ को भोजन की कमी नहीं, बल्कि स्वस्थ भोजन की कमी का सामना करना पड़ेगा। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि अल्पकालिक उत्पादन लाभ के लिए दीर्घकालिक प्राकृतिक संसाधनों का बलिदान देना आत्मघाती है। जैविक खाद और टिकाऊ खेती केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। यह परिवर्तन केवल किसानों से नहीं, बल्कि नीति- निर्माताओं, वैज्ञानिकों, उपभोक्ताओं और वैश्विक समुदाय से सामूहिक प्रतिबद्धता की मांग करता है। मिट्टी,जल और जीवन तीनों को बचाने का यही एकमात्र रास्ता है, और यही मानव सभ्यता के भविष्य की वास्तविक कसौटी भी।

विचार

# पर्वों का संगम : जीवन में सहज-सजग शुरुआत का आनंद

*संगीता मित्तल*

नववर्ष जब लोहड़ी और मकर संक्रांति के साथ दस्तक देता है, तो समय मानो एक क्षण ठहरकर हमें कुछ याद दिलाने आता है। आंगनों में जलती लोहड़ी की अग्नि, अन्न की सांझेदारी, सूर्य का उत्तरायण होना-ये केवल पर्व नहीं, जीवन के संतुलन के संकेत हैं। यह संयोग हमें बताता है कि जीवन में सच्ची शुरुआत कभी हड़बड़ी से नहीं होती, वह हमेशा लय और सजगता से जन्म लेती है। नया साल हमसे तेज दौडने की मांग नहीं करता। वह हमसे सजग होकर मंजिल तक पहुंचने को प्रेरित करता है। लेकिन हर जनवरी के साथ हमारे मन में एक अजीब-सी बेचौनी घर कर जाती है-और बेहतर, और तेज, और अधिक साबित करने की होड़ में हड़बड़ी।

लक्ष्य ऊंचे करने, टाइम-टेबल ठूंसने और साल के शुरुआती दिनों में ही उपलब्धियां दिखाने का दबाव। जैसे समय स्वयं हमसे हिसाब मांग रहा हो। जबकि सच्ची शुरुआत कभी दबाव में नहीं होती। वह तब होती है, जब हड़बड़ी की जगह सजगता हो, जब गति से पहले संतुलन बनाया जाए। आज की अधिकांश महत्वाकांक्षाएं प्रेरणा से नहीं, तुलना से जन्म लेती हैं। हम उधार की समय-सीमाओं और परिभाषाओं में सफलता को नापने लगे हैं। ऐसी परिभाषाएं, जो हमारे जीवन के भीतर की ऋतु, लय और सीमा को शायद ही मानती हों। नतीजा यह है कि जनवरी के अंत में ही बहुत से लोग थक चुके होते हैं। यह थकान अनुशासन की कमी नहीं, सुनने व समझने की कमी कासंगीता मित्तल परिणाम है। यह असफलता नहीं, असंतुलन है। कर्म समस्या नहीं है। बिना भीतर टिके किया गया कर्म ही कई बार संकट का रूप ले लेता है। सजगता रहित महत्वाकांक्षा शोर बन जाती है। वह आगे तो धकेलती है, पर यह नहीं पूछती कि दिशा सही है या नहीं। सजगता महत्वाकांक्षा को समाप्त नहीं करती, बल्कि उसे शुद्ध करती है। पर्वों में छिपा जीवन-विज्ञान रू भारत के फसल पर्व इसी समय आते हैं-यह संयोग नहीं, संकेत है। ये पर्व हमें बिना उपदेश दिए सिखाते हैं कि जीवन केवल महत्वाकांक्षा से नहीं, संतुलन से चलता है। अग्नि शुद्ध करती है। भोजन पोषण देता है और संतुलन उपचार करता है। जब हम अग्नि को कृतज्ञता से, भोजन को संयम से और शरीर को लय से सम्मान देते हैं, तो मन स्वतरू स्थिर होने लगता है। ये पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की गहरी समझ हैं। लोहड़ी हमें सिखाती है कि जो पक चुका है, जो भारी हो गया है, उसे छोड़ देना चाहिए। मकर संक्रांति का संदेश है कि रोशनी की ओर मुडना अचानक नहीं, धीरे.धीरे होता है। दोनों मिलकर एक शाश्वत सत्य कहते हैं- विकास कठोर होना जरूरी नहीं। परिवर्तन जल्दबाजी में नहीं होता और सजग प्रगति अंततरू शांति बन जाती



है। सजगता को अक्सर जीवन से पलायन समझ लिया जाता है। जबकि सच यह है कि सजगता जीवन से सबसे गहरा संवाद है। अपनी सांस, थकान और इच्छा को बिना जजमैंट देख पाना-यह आत्मिक ईमानदारी है और वही साहस है। आधुनिक विज्ञान भी अब मानता है कि जब कर्म विवशता से नहीं, सजगता से उपजता है, तो मन स्थिर होता है, प्रतिक्रियाएं नरम पड़ती हैं और स्पष्टता जन्म लेती है। सहज शुरुआत धीमी इसलिए नहीं होती कि उसमें ऊर्जा कम है, बल्कि इसलिए कि उसमें दिशा का सम्मान होता है। जब हम नया साल सजगता से शुरू करते हैं, तो सवाल बदल जाते हैं। 'मैं कितना हासिल कर सकता हूं' की जगह 'क्या आवश्यक है' सामने आता है। सहजता कमजोरी नहीं है। वह बिना हिंसा की शक्ति है। आज की थकान शारीरिक से अधिक मानसिक है। कठोर आत्मसंवाद, अवास्तविक अपेक्षाएं और निरंतर स्वयं पर निगरानी- इनमें कोई भी जीवित तंत्र फलता-फूलता नहीं। श्रीमद् भगवत गीता यहां भी करुणा से मार्ग दिखाती है- 'उद्धरेदात्मनाऽत्मानं' अर्थात स्वयं को स्वयं उठाओ, गिराओ मत। जैसे बीज केवल कोमल मिट्टी में फूटता है, वैसे ही भीतर का परिवर्तन सुरक्षा और करुणा में होता है। सफलता की नई परिभाषा : 'बर्नआऊट', चिंता और भावनात्मक दूरी व्यक्तिगत असफलता नहीं, सामूहिक संकेत हैं। ये बताते हैं कि हमारी सफलता की मौजूदा परिभाषा मानव स्वभाव से मेल नहीं खा रही। उपस्थिति के बिना उत्पादकता खोखली है। भीतर के आधार के बिना उपलब्धि टिकती नहीं। सजगता को चुनना लक्ष्य छोडना नहीं है। यह लक्ष्य को भय की जगह स्पष्टता से आगे बढने देना है।

नववर्ष और लोहड़ी-मकर संक्रांति (उत्तरायण) के इस संगम पर शायद सबसे बड़ा संकल्प यह हो सकता है कि हम समय को जीतने नहीं, समझने की कोशिश करें। बोलने से पहले देखें। तय करने से पहले सुनें। आगे बढ़ें, पर भीतर आक्रामकता के बिना। सहज शुरुआत अनिर्णय नहीं, चलती हुई बुद्धि है। इस राह पर हम पीछे नहीं छूटते। हम पहुंचते हैं, जड़ में टिके, उपस्थित और शांत आत्मविश्वास के साथ। सहजता हमसे ताकतवर बनने को नहीं कहती, वह हमें सच्चा बनने को कहती है। नव वर्ष, लोहड़ी-मकर संक्रांति (उत्तरी भारत), पोंगल (दक्षिणी भारत), उत्तरायण (गुजरात, राजस्थान), माघ बिहू (असम), मकर विलक्कू (केरल) का संगम हमें सहजता व सजगता से जीवन को आगे बढ़ाने का संदेश देता है।

***(लेखिका स्प्रिचुअल-लाइफस्टाइल मैंटर एवं 'अमृतम' की संस्थापक हैं)***

साहित्य



## असली चेहरा सामने आया...!

**संजय तराणेकर**

*ट्रम्प का असली चेहरा सबके सामने हैं आया,*
*व्यापार के नाम पे उसने सबको है धमकाया।*
*शांति का नोबेल पुरस्कार हासिल न हो पाया,*
*विश्व शांति के नाम खलनायक बनकर आया।*

*वेनेजुएला राष्ट्रपति मादुरो की पत्नी सिलिया,*
*अंतरराष्ट्रीय कानूनों को धता करके लील गया।*
*यह दृश्य देख के इतिहास ने खुद को दोहराया,*
*हथियारों के नाम पर सद्दाम को फाँसी चढ़ाया।*

*सारी दुनिया का ठेका अमेरिका को मिल चुका,*
*संप्रभु देश पर आक्रमण से सबका सिर झुका।*
*अब तो अमेरिका खुद कटघरे में खड़ा हुआ है,*
*देखिए यूं सत्य का मस्तक कैसे झुका हुआ हैं।*

*(संदर्भ-वेनेजुएला के राष्ट्रपति पत्नी समेत गिरफ्तार)*





## राशिफल

**मेषः**- आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः**- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः**- लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः**- कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः**- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः**- आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः**- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः**- आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः**- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः**- व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः**- आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः**- आज आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# एसआईआर ड्राफ्ट में भाजपा का शहरी गढ़ कमजोर पड़ने के संकेत



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) ने मतदाता सूची में भारी परिवर्तन ला दिया है। दो करोड़ 89 लाख नाम कटने से राजनीतिक दलों में हलचल मच गई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां एक दल अपनी मजबूती का दावा करता रहा है। इस अभियान की शुरुआत चार नवंबर को हुई और यह 26 दिसंबर तक चली, जिसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित तथा डुप्लीकेट नामों को हटाया गया। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 15 करोड़ 44 लाख से घटकर 12 करोड़ 55 लाख रह गई। लखनऊ जैसे शहरी क्षेत्रों में 30 प्रतिशत से अधिक नाम कटे, जहां पहले 39 लाख 90 हजार मतदाता थे, अब 27 लाख 90 हजार बचे। गाजियाबाद में 8 लाख 18 हजार नाम हटे, जो 29 प्रतिशत है। प्रयागराज में 11 लाख 56 हजार, कानपुर में नौ लाख तथा आगरा में 8 लाख 36 हजार नाम कटे। ये आंकड़े बताते हैं कि शहरी इलाकों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा, जहां प्रवासी मजदूर तथा मध्यम वर्ग के लोग गांवों की ओर स्थानांतरित दिखे।



भाजपा को इन क्षेत्रों में अपनी मजबूती का भरोसा था, लेकिन नाम कटने से चिंता बढ़ गई। लखनऊ तथा गाजियाबाद जैसे संसदीय क्षेत्र उसके गढ़ माने जाते हैं, जहां शहरी वोट बैंक मजबूत था। विपक्ष के अनुसार, कटे नामों में भाजपा समर्थक 80 से 90 प्रतिशत हैं, जिससे पार्टी को नुकसान हो रहा। मुख्यमंत्री से लेकर संगठन स्तर तक बैठकों का दौर चल रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने विधायकों तथा सांसदों के साथ वर्चुअल बैठकें कीं तथा कार्यकर्ताओं को शादियों जैसे कार्यक्रम स्थगित कर अभियान पर ध्यान देने को कहा। संगठन तथा संघ की समन्वय बैठक में भी लापरवाही पर चिंता जताई गई। भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क में निष्क्रिय रहे, जिससे फॉर्म भरवाने तथा समस्याएं सुनने का काम कमजोर पड़ा।

समाजवादी पार्टी ने इस दौरान सक्रियता दिखाई। पार्टी ने जगह-जगह कैम्प लगाए तथा अपने मतदाताओं के फॉर्म भरवाए। कानपुर तथा अमेठी जैसे स्थानों पर बूथवार सत्यापन किया तथा ड्राफ्ट सूची की प्रतियां लीं। इससे उनके वोटरों के नाम कम कटे तथा जो कटे, उन्हें जोड़ने का प्रयास तेज है। सपा प्रवक्ता मोहम्मद आजम खान ने कहा कि भाजपा को भारी नुकसान होगा जबकि सपा का वोट जोड़ा जाएगा। विपक्षी दलों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में सत्ता विरोधी लहर वाले इलाकों में कटौती ज्यादा हुई, जो सपा के ग्रामीण आधार को फायदा पहुंचाएगी।

उधर, बहुजन समाज पार्टी तथा कांग्रेस पर अभियान का असर मिश्रित दिख रहा है। बसपा के पारंपरिक दलित बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में नाम कटौती कम रही, लेकिन शहरी सीटों जैसे आगरा तथा लखनऊ में 25 से 30 प्रतिशत कमी से उसके वोट शेयर पर दबाव पड़ सकता है। आगरा में 8 लाख नाम कटे, जहां बसपा मजबूत रही है। फिर भी, डुप्लीकेट तथा मृत नाम हटने से सूची शुद्ध होने से बसपा को लंबे समय में फायदा मिल सकता है, क्योंकि उसके कोर वोटर ग्रामीण हैं जहां कटौती 12 से 18 प्रतिशत रही। कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान शहरी अल्पसंख्यक तथा गरीब वोट से हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि दलित, गरीब तथा अल्पसंख्यक प्रभावित हुए तथा प्रक्रिया जल्दबाजी वाली थी। मुस्लिम बहुल जिलों में कटौती कम रही, लेकिन कुल 2.89 करोड़ में कांग्रेस समर्थक वोटरों की हिस्सेदारी से उसका वोट प्रतिशत घट सकता है। प्रमोद तिवारी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया।

कुल मिलाकर, अभियान से भाजपा के शहरी गढ़ कमजोर हुए हैं। लखनऊ में 12 लाख कटौती से प्रति विधानसभा 60 से 80 हजार वोट कम हुए, जो 10 से 15 सीटें प्रभावित कर सकता है। सपा की सक्रियता से उसे ग्रामीण मजबूती मिली। बसपा को मामूली फायदा ग्रामीण आधार से, लेकिन शहरी नुकसान। कांग्रेस को सर्वाधिक हानि अल्पसंख्यक वोट से। अब छह फरवरी तक दावे आपत्तियां दर्ज होंगी, जिसमें दल सक्रिय हैं। यह प्रक्रिया आने वाले चुनावों का समीकरण बदल सकती है, क्योंकि शहरी वोट ग्रामीण की ओर खिसके।

***लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।***

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**मौदहा हमीरपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।मौत की खबर मिलते ही मोहल्ले में शोक की लहर छा गई। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया जानकारी के अनुसार करहिया गांव निवासी विपिन मिश्रा 40 वर्ष पुत्र राम किशोर मिश्रा अपने ननिहाल मध्य प्रदेश के कियूटी गाँव से बीते मंगलवार को बाइक में सवार होकर बांदा की ओर जा रहा था। तभी अचानक ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया था।जिसको राहगीरों की मदद से बांदा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। बुधवार की रात ज़िन्दगी और मौत से जूझते हुए इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वही शव का पंचनामा भर परिजनों को सौंप दिया गया परिजनों ने गुरुवार को अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक दो भाई दो बहनों में सबसे बड़ा और अविवाहित था।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित पांच लोग घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए जिसमें दो की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरो ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव के पास गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे घने कोहरे के चलते ई–रिक्शा और बाइक की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा मैं भर्ती कराया गया। रीवन गांव निवासी गंगादीन 50 पुत्र राममनोहर और सुरेश 20 ई–रिक्शा से मौदहा कस्बे की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक, जिस पर लवकुश 18 सवार था, घने कोहरे के कारण दिखाई न देने से ई–रिक्शा से टकरा गई। दुर्घटना में चार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लवकुश और गंगादीन की हालत गंभीर होते देख उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सुरेश का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। वही अंश त्रिपाठी 25 वर्ष पुत्र राजकुमार त्रिपाठी रीवन गांव निवासी बाइक द्वारा महोबा जा रहा था। तभी बाइक अनियंत्रण होकर टोल प्लाजा खन्ना के डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राहगीरों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है।

### नवनियुक्त आंगनवाड़ियों को दिया गया सात दिवसीय प्रशिक्षण



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के ग्राम्य जिला विकास प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त आंगनवाड़ियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण के तीसरे दिन विकासखंड की 45 आंगनवाड़ियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। मास्टर ट्रेनर दीपक, मोहम्मद आमिद, शशि प्रभा आदि लोगों ने प्रशिक्षु आंगनबाड़ियों को प्रशिक्षण करते हुए बताया कि 0 से 3 एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को कुपोषण से बचाने के उपाय एवं गर्भवती धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में तथा शासन से निर्देशित गृह भ्रमण फीडिंग, फेस कैपचरिंग, वजन टीकाकरण आदि के संबंध में विशेष जानकारियां दी गई जिला विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि नवनियुक्त 45 आंगनवाड़ियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जो 6 जनवरी से 12जनवरी तक चलेगा यह प्रशिक्षण आवासीय प्रशिक्षण है खाना, रहना, प्रशिक्षण प्राप्त करना शासन की ओर से सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी यशोदा, निर्मला, अंजली गुप्ता, रचना देवी ,रेणु देवी, सुनैना, शांति आदि ने प्रशिक्षण में खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रशिक्षण कर्ताओं का भरपूर सहयोग एवं समय से नाश्ता चाय पानी मिल रहा है।

### हार्टअटैक से रिटायर्ड लेखपाल सहित दो की मौत

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात कस्बे में हार्टअटैक के चलते रिटायर्ड लेखपाल सहित एक वृद्ध ने दम तोड़ दिया। सर्दी का सितम बच्चों, वृद्धों में कहर बरपा रहा है। कस्बे के वार्ड संख्या आठ निवासी रिटायर्ड लेखपाल साजन वाल्मीकि (62) को घर पर ही अटैक पड़ गया। परिजन इसको सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसी तरह वार्ड संख्या दो निवासी रामबली सोनकर (75) रात में घर में बिस्तर पर ही मृत पाया गया। गुरुवार को दोनों का अंतिम संस्कार कस्बे के मोक्ष धाम में किया गया।

### कंबल वाले बाबा के शिविर में पहुंचे सैकड़ों लकवा बीमारी से ग्रसित मरीज



**हमीरपुर।** शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित शिव कथा के साथ कंबल वाले बाबा ने शिविर लगाकर रोगियों का उपचार किया। इस दौरान लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आदि बीमारी से ग्रसित रोगी ने भारी संख्या में पहुंच उपचार का लाभ लिया और शिवकथा का आनंद लिया। सिद्धेश्वर महादेव धाम झलोखर के तत्वाधान में माँ चौरा देवी प्रांगण पर महाकुंभ के अंतर्गत रसिक इंटरनेशनल सांस्कृतिक मंडल बुंदेलखंड के निर्देशन में बुंदेलखंड की लोकप्रिय कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक तेजस्विनी महाराज ने गुरुवार को शिव कथा का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान गुजरात की धरती से विराजमान काले कंबल वाले बाबा का दिव्य दरबार भी चौरा देवी प्रांगण में सजाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का कंबल वाले बाबा ने उपचार किया। इस मौके पर कंबल वाले बाबा ने मीडिया के सामने लकवा जैसी बीमारी से ग्रसित कई बच्चों और बुजुर्गों को चलाकर दिखाया।गुजरात के निवासी कंबल वाले बाबा गणेश यादव ने बताया कि जब वे चार साल के थे, उनकी मां ने उन्हें यह कंबल आशीर्वाद के रूप में दिया था। बाबा ने कहा, मैं कुछ नहीं हूं, जो भी शक्ति है, वह मेरी मां के दिए इस कंबल में है, और मैं इसी के सहारे लोगों की सेवा कर रहा हूं। उन्होंने आगे बताया कि वे पूरी तरह अनपढ़ हैं। शिविर में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रसित ऋतुराज सोनी और उनके परिजन पहुंचे उन्होंने बताया कि दिल्ली एम्स से लेकर कई बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाकर हार चुके है। कंबल वाले बाबा का शिविर लगने की जानकारी मिलने पर वह उनके स्थान पर पहुंचे जहाँ पहले दिन ही उन्हें कुछ प्रतिशत लाभ दिखाई दिया है अभी चार दिनों तक शिविर में पहुंचने का आश्वासन मिला है।

### अंतर्राज्यीय बाइक चोर गैंग का भंडाफोड़ , 14 बाइकों के साथ चार आरोपियों को दबोचा




**सरीला (हमीरपुर)।** थाना जरिया पुलिस ने स्वाट–एसओजी टीम के साथ मिलकर गुरुवार को अंतर्राज्यीय बाइक चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्यवाही में चोरी की गई 14 बाइकें बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी थानाक्षेत्र में बाइकों की लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। थानाध्यक्ष जरिया दिनेश पाण्डेय ने बताया कि पिछले काफी समय से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी। गिरोह के लोग ज्यादातर सूनसान रास्तों पर खड़ी बाइकें चोरी कर ले जाते थे। इसी के चलते गिरोह को गिरफ्त में लेने के लिए जाल बिछाया गया। पुलिस ने सबसे पहले गिरोह के सरगना थाना राठ के ग्राम चिल्ली निवासी हरिमोहन राजपूत पुत्र जयकरन को गिरफ्तार किया गया। इसी के बाद थाना जरिया के अमूंद गांव के हिमांशु सेन पुत्र लक्ष्मीप्रसाद, राहुल पुत्र टीकाराम अहिरवार निवासी ग्राम न्यूलीबासा थाना जलालपुर व गुलाम वारिस पुत्र मो जलील निवासी ग्राम सिचौलीपुरवा थाना मौदहा को पकड़ा गया। रिगवारा कला गांव से इनके कब्जे से चोरी की गई 14 बाइकें बरामद की हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 317(2)/317(4)/317(5)/345(3) बीएनएस पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया7 जहां से इन्हें जेल भेजा गया है। बरामद बाइकों में 2 अपाचे, 1 होण्डा साईन एसपी, इसी तरह 11 हीरो स्पलेंडर प्लस ब्लेक ग्रे रंग की बिना नंबर प्लेट बाइकें बरामद की है। बाइक चोरी गैंग का खुलासा करने वाली टीम में स्वाट टीम एसओजी प्रभारी सचिन शर्मा, कांस्टेबल अतुल कुमार, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, रवि कुमार पटेल, शक्ति सिंह व थाना जरिया के उपनिरीक्षक शान्तनु चतुर्वेदी, दिलीप श्रीवास्तव, रोहित यादव, मानवेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह, धनेश कुमार, बृजेश यादव, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।

# जनतंत्र में जनहित ही सर्वोपरि है: जितेन्द्र सिंह सेंगर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विधान भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश की संसदीय एवं सदभाव समिति की बैठक में सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर ने बतौर समिति सदस्य प्रतिभाग कर सम्बद्ध विभाग से सम्बंधित जनहित में समिति के माध्यम से विषयों को प्रस्तुत किया। लोक निर्माण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण,औद्योगिक विकास, यूपीडा, सिचाई एवं आर ई एस विभाग से सम्बंधित विषयो पर विभिन्न प्रस्तरों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा हुई खरेला एवं मुस्करा के मध्य बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर कट का निर्माण जो क्षेत्र वासियों की बड़ी मांग है। बैठक में यूपीडा के अन्य अधिकारी उपस्थित थे लेकिन यूपीडा के मुख्य कार्य पालक अधिकारी अनुपस्थित होने से समिति ने अगली बैठक में सीईओ को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए। महोबा में ज़िला स्तरीय राजकीय स्टेडियम में युवा खिलाड़ियों की मंशा अनुरूप आवश्यक एवं आधुनिक उपकरण एवं अन्य सुविधाओं से परिपूर्ण हो ताकि युवाओं को विभिन्न खेल की तैयारी प्रतियोगिता हेतु बाहर न जाना पड़े युवाओं की तैयारी अच्छी हो सके एवं प्रतिदिन सुबह सैकड़ो की संख्या में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, महिलाओं को मॉर्निंग वॉक में आने वालों के लिए स्टेडियम में प्रकाश, शुद्ध पेय, बैठने के लिए बेंच एवं हरित वातावरण के लिए आवश्यक सुविधा को प्राथमिकता मिलना चाहिए। खेल सचिव वाई सुहास ने जिले से विभाग द्वारा उक्त कार्यों हेतु प्रस्ताव मंगवा कर इसी सत्र में वित्तीय स्वीकृति का आश्वासन प्रदान कर सदन को अवगत कराया। बैठक में औद्योगिक विकास अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, पीडब्लूडी प्रमुख सचिव अजय चौहान, खेल एवं युवा कल्याण सचिव वाई सुवास सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समिति सभापति सीपी चंद, सदस्य एमएलसी अनूप गुप्ता, सदस्य एमएलसी साकेत मिश्र, सदस्य एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा आवश्यक निर्देश दिए।

## नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर पुलिस ने चलाया सशक्त जागरूकता अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के अन्तर्गत जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई। महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन–1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, सीएम हेल्पलाइन–1076, स्वास्थ्य सेवा–102, एम्बुलेंस सेवा–108, महिला हेल्पलाइन–181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन–1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

## सदर विधायक ने किया कम्युनिटी सेंटर का भूमि पूजन

**कबरई/ महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा के झलकारी बाई नगर में कम्युनिटी सेंटर का सदर विधायक राकेश गोस्वामी द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण त्रिवेदी कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जायेगा।

भूमिपूजन में पहुंचे सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बताया की कम्युनिटी सेंटर निर्माण से सभी वर्गो को लाभ मिलने वाला है आने वाले समय में गरीब वर्ग भी अपनी बच्चियों की शादी इन्हीं कम्युनिटी सेंटरों से कम दामों में धूमधाम से कर सकेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजकिशोरी कुशवाहा, प्रतिनिधि पूरनचंद्र कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, अभिलाषा कुशवाहा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष यश गुरुदेव, रामबालक पाण्डेय, मयंक तिवारी, सभासद प्रेमचंद्र चौरसिया, प्रेमशंकर कुशवाहा, शेखर नामदेव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों पर लगा रविदास धर्मशाला और मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

▸ दलित समाज के लोगों ने सभासद के नेतृत्व में डीएम से की जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग



दबंगों पर रविदास धर्मशाला और मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा है। शासन प्रशासन से बेखौफ दबंगों की दबंगई से परेशान दलित समाज के पीड़ित दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। दरअसल मामला शहर के नयापुरा नैकाना मोहल्ला निवासी दर्जनों लोगों ने एकत्रित होकर आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर दबंगों पर रविदास धर्मशाला सहित मंदिर की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगा मामले की जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। दलित समाज के पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि दबंगों द्वारा रविदास धर्मशाला सहित मंदिर की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। आरोप लगाया कि विरोध करने पर कब्ज़ाधारी दबंग गाली-गलौज करते हैं और लड़ाई करने पर आमादा हो जाते हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इससे पहले भी तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई थी लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते दबंगों के हौसले बुलंद हो गए। दबँगों की दबँगई के शिकार लोगों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और समाज की बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। इस दौरान वार्ड सभासद रजनी, अखिलेश सागर, सुरेश, रूपरानी, रवि, रामपाल, नरेश सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का आयोजन

▸ स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को वितरित किए गए मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र

**श्रीनगर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम एवं नोडल अधिकारी डॉ वी. के.चौहान के निर्देशन पर उत्तर प्रदेश मन चेतना दिवस के उपलक्ष्य पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर में किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ गौरव सिंह अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर पर उपस्थित डॉ शिव सिंह ,डॉ मुदस्सरा अजमल, प्रेमदास (मनोचिकित्सकी सामाजिक कार्यकर्ता) शिविर में उपस्थित हुए मरीजों को विभिन्न प्रकार के नशा एवं मानसिक रोग बारे मे विस्तार से बताया गया जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरे आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मों का अभिसाप, सिर में दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड़-फूक, ऊपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन, शराब गांज़ा, अफीम, ड्रग, धूम्रपान आदि विषय पर जागरूक किया गया। साथ ही बिना किसी झिझक के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में आकर इलाज कराने और व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। एवं मानसिक तनाव हेतु टेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14 416 एवं 18 00 891 44 16 तथा मन कच्छ हेल्पलाइन नंबर महोबा 7309 724176 निःशुल्क संपर्क कर समाधान प्राप्त करें। फार्मसिस्ट पवन कुमार, नर्स एवं अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित किया गया।

शिविर में चिन्हित किये गये 25 मानसिक विकारों से पीड़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित की गई। कैंप में 75 मरीज देखे गए एवं मानसिक दिव्यायंग प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। मानसिक उपचार अस्पताल के कमरा नंबर 4 मन कच्छ में ओ.पी.डी. सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करने को बताया गया। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया, साथ ही शिविर में बिस्किट आदि का वितरण भी किया गया।

## खड़े ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार कार, दो घायल

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थानाक्षेत्र के इंगोहटा पेट्रोल पंप के पास हाईवे किनारे खड़े डंपर में तेज रफ्तार कार जा घुसी। इस घटना में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीएचसी से नाजुक हालत में घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि रात करीब साढ़े दस बजे थानाक्षेत्र के इंगोहटा तिराहा के पास पेट्रोल पंप के सामने खराब खड़े एक डंपर में अनियंत्रित कार उसके पीछे जा गई। इस घटना में हमीरपुर निवासी कार सवार आलोक रंजन व बृजेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए पीएचसी भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि रात में ही घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## आवारा सांड के आतंक से रतजगा को मजबूर हैं किसान

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में आवारा सांड के आतंक से किसान परेशान है। सर्द हवाओं एंव कोहरे के साथ किसान रतजगा करने को मजबूर हैं। विदोखर पुरई के किसान कामता प्रसाद, विनय, सुरेश कुमार, अतर सिंह, गुरु सिंह, धीरेंद्र आदि ने बताया कि एक आवारा सांड कहीं से भटककर आ गया है यह रात में सन्नाटा होते ही खेतों की ओर आ जाता है और मटर, मसूर, गेहूं आदि की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। फसले बचाने के लिए सर्द रातों में कोहरे के मध्य रतजगा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि रात में यह अकेला देखकर हमलावर भी होता है। इससे जान का खतरा भी है। ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति ने बताया कि किसानों ने समस्या से गुरुवार को सुबह अवगत कराया है। उन्होंने सांड को हांककर गौशाला में लाने के लिए चरवाहों को लगा दिया है। देर शाम तक इसको प्रत्येक दशा में गौशाला में संरक्षित करा दिया जाएगा।

## दो दर्जन से अधिक लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिंदाबाद, मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए दो दर्जन से अधिक महिला एवं पुरुष मजदूर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम प्रधान व सचिव 40 मजदूरों का पैसा नहीं दे रहे है पैसे की मांग करने पर गाली गलौज अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई विकासखंड मौदहा हमेशा मजदूरों के साथ खेल खेलने में महारथ हासिल किए हुए ऐसा ही एक मामला विकासखंड के कुनेहटा गांव में सामने आया है। ग्राम प्रधान द्वारा गरीब मजदूरों का पैसा न दिए जाने व पैसा मांगने पर गाली गलौज व मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।मजदूर शोभा, रामसखी, रामजानकी, कंचन, कमलेश, जगरूप, प्रीति, सुनीता, कल्लू, रामदास दो दर्जन से अधिक लोगों ने बताया कि हम लोग रीवन गांव निवासी हैं सभी मजदूरी के लिए कुनेहटा गांव 17 दिसंबर 2024 से 8 अप्रैल 2025 तक काम किया है।लेकिन ग्राम प्रधान रामराज पैसे मांगने पर अभद्रता एवं गाली गलौज कर रहा है।हमारे परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। जिससे मजदूरों ने मांग की है कि तत्काल मजदूरी की शेष राशि 2,30000 रुपए दिलाया जाए। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी राजू सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान से कई बार मजदूरी देने के लिए कह चुके हैं फिर भी मजदूरों का अभी तक पैसे का भुगतान नहीं किया गया है। वही ग्राम प्रधान रामराज से दूरभाष से संपर्क किया उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

### 48 घंटे के बाद भी युवक को नहीं आया होश, हैलेट से जवाब पर निजी अस्पताल पहुंचा घायल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंगलवार को भभौरा मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल होकर रात भर सड़क किनारे पड़े रहने वाले दो युवकों में से एक की मौत के बाद दूसरे को 48 घंटे गुजर जाने के बाद होश नहीं आया है। गुरुवार को तड़के हैलेट अस्पताल से जवाब होने के बाद परिजनों ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है मंगलवार को भभौरा गांव निवासी निखिल सिंह अपने साथी हर्षित सिंह के साथ बाइक से कस्बे में बाजार करने आया था। देर शाम दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। भभौरा मार्ग में उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दोनों सड़क किनारे गिर कर घायल होकर बेहोश हो गए थे। रात भर सड़क किनारे ही पड़े रहे थे। सुबह जानकारी होने पर परिजन दोनों को सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल में निखिल सिंह को मृत घोषित कर दिया गया था और हर्षित की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर किया गया था। हर्षित के पिता अरविंद सिंह ने बताया कि घटना के 48 घंटे गुजर जाने के बाद उसको होश नहीं आया है। गुरुवार को तड़के 4ः00 बजे हैलेट के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। इस पर उसे हैलेट से निकाल कर कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद निखिल सिंह का शव देर शाम गांव लाया गया। गुरुवार को इसका गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह सहित परिजन व ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रशासन ने अवैध मोरंग के पांच ओवर लोड ट्रैक्टर पकड़े

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मौदहा कस्बा के टिकरी मार्ग पर गुरुवार को स्थानीय प्रशासन ने अवैध मोरम ढोने वाले ट्रैक्टरों की धरपकड़ के चलते अवैध मोरम से लदे पांच ओवर लोड पकड़े हैं। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान कुछ ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई है साथ ही घटना स्थल पर सत्ता धारियों की भागदौड़ चर्चा का विषय बनी रही है।

बताते चलें कि मौदहा क्षेत्र में मोरम का अवैध कारोबार जगजाहिर है। गुरुवार को एसडीएम के साथ ही तहसीलदार और नायाब तहसील सहित पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान टिकरी मार्ग पर इन ट्रैक्टरों का धर-पकड़ अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में एक ओवर लोड ट्रैक्टर को कस्बा से बाहर टिकरी मार्ग पर पकड़ा गया। इसकी खबर लगते ही पीछे आ रहे चार अन्य ओवरलोड ट्रैक्टरों के चालकों ने अपने ट्रैक्टरों को सिजनौडा गांव से करहिया मार्ग में एक चकरोड में ले जाकर खड़ा कर दिया और मौके से फरार हो गए। इनका पीछा करते हुए अधिकारियों की टीम वहां पहुंच गई और खेतों में काम करने वाले ग्रामीणों को ही इन ट्रैक्टरों का चालक समझ कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो इनसे विवाद की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि ग्रामीणों के उग्र रूप को देख ये अधिकारी बैकफुट पर आ गए।चकरोड में खड़े ट्रैक्टरों को निकालना अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ था फिर भी किसी तरह से इन ट्रैक्टरों को कस्बा की गल्ला मंडी में खड़ा कराया गया है जबकि एक ट्रैक्टर को कोतवाली परिसर में खड़ा कराया गया है। इस पूरे समय तमाम भाजपाइयों की धमाचौकड़ी और कई सफेदपोश नेताओं के फ़ोन अधिकारियों के मोबाइल में घन-घनाते रहे हैं। जोकि इस अवैध खेल को अंजाम देने वालों और सफेद पोश नेताओं के रिश्तों पर गहरा सवाल खड़ा कर रहा है।

## सद्गुरु सेवा ट्रस्ट ने किया निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के बस स्टैंड के समीप एक विद्यालय में सदगुरू सेवा ट्रस्ट व पहाड़ी देव शिवधाम समिति शंकरपुर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक सौ पचास लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया कस्बे में आयोजित शिविर में साठ लोगों में नेत्र परीक्षण के बाद मोतियाबिंद के पाए जाने पर उन्हें आपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। नेत्र परीक्षण के बाद चालीस लोगों को चश्मा का वितरण किया गया। तथा पचास लोगों को आंखों के दवा ड्रॉप का वितरण किया गया। शिविर में समाजसेवी गणेश तिवारी, प्रद्युम्न सिंह, पिंटू सिंह, शरद यादव, हरदत्त राम ने मौजूद रहकर मरीजों का सहयोग किया। तथा सभी ऑपरेशन वाले मरीजों को बस से निशुल्क चित्रकूट भेजा गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की तैयारियां जोरों पर

- हरदोई,उन्नाव,बहराइच, रायबरेली,लखीमपुर और सीतापुर के कार्यकर्ता होंगे शामिल
- जिले में कुल 11 जगहों पर भव्य स्वागत की तैयारियां




बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी 12 जनवरी को लखनऊ से बाराबंकी होते हुए अयोध्या जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी ने लखनऊ एवं अयोध्या से सटी सीमाओं के मध्य बाराबंकी में उनके अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों की समीक्षा करने भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा गुरुवार को जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने भाजपा कोर कमेटी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं संग अलग अलग बैठकें करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचित होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष 12 जनवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं।इस दौरान वे लखनऊ से बाराबंकी होते हुए गुजरेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम आगमन पर जिले में अभूतपूर्व स्वागत की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की रामलला की दर्शनार्थ यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए अवध क्षेत्र के 6 अन्य जिलों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।तय रणनीति के अनुसार बाराबंकी अयोध्या हाइवे पर हैदरगढ़ और कुर्सी विधानसभा के कार्यकर्ता किसान पथ पर,सफेदाबाद में लखीमपुर के कार्यकर्ता, कुरौली स्थित एसके लॉन पर सीतापुर के कार्यकर्ता,चौकुला पर बाराबंकी सदर विधानसभा के कार्यकर्ता,लच्छबर बजहा में हरदोई के कार्यकर्ता, दादरा में उन्नाव ,सफदर गंज चौराहे पर जैदपुर और रामनगर विधानसभा ,नारायण ढाबा पर रायबरेली,अहमद पुर टोल प्लाजा एवं भिटरिया बाई पास में दरियाबाद विधानसभा के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। प्रत्येक विधानसभा से न्यूनतम 500 चौपहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है। इसके लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पार्टी के सभी विधायकों, जनप्रतिनिधियों ,पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेताओं ,कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। कोर कमेटी के साथ संपन्न हुई बैठक में एसआईआर को लेकर मंथन हुआ।उन्होंने ड्राफ्ट मतदाता सूची में छुटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए बूथ स्तर पर मॉनिटरिंग के दिशा निर्देश दिए।कहा युवा मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाकर निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा,खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा, एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल,क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा,विधायक दिनेश रावत, संतोष सिंह,अवधेश श्रीवास्तव,अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, हरगोविंद सिंह,राम कुमारी मौर्य,संदीप गुप्ता मौजूद रहे।

## ईओ नगरवासियों को कर रहे कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूक



जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत जैदपुर में अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर लोगो को सूखे व गीले कूड़े को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। बताते चले की जैदपुर नगर पंचायत में अधिशाषी अधिकारी राम जनक तिवारी के निर्देश पर कूड़ा फेंकने को लेकर डोर टू डोर जागरूकता अभियान पिछले काफी दिनों से चलाया जा रहा है।जिसमे सफाई कर्मचारी सहित गठित टीम घर घर जाकर लोगो को जागरूक करते हुए सूखा और गीला कूड़ा अलग अलग डेस्टिवीन में डालने की अपील कर रहे है। ज्ञात हो कि गीले कूड़े से खाद बनाने की प्रकिया मे लाया जा सके व सूखे कूड़े से भी नगर पंचायत जैदपुर का आय का स्रोत बनाया जा सके जिसको लेकर कस्बे लगातार जागरूकता टीम लोगों को जागरूक कर रही है।

## पुरानी रंजिश में दम्पत्ति पर जानलेवा हमला

**बेलहरा , बाराबंकी।** पुरानी रंजिश को लेकर एक दंपत्ति पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में पति को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।फतेहपुर थाना क्षेत्र के ईसेपुर निवासी विमल कुमार की पत्नी सरिता देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पति अपने भतीजे के साथ गैस सिलेंडर भरवाने जा रहे थे तभी पड़ोसी रामदीन व उनकी पत्नी रीता देवी और हरिचरन व उनकी पत्नी सरला देवी ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें रास्ते में रोक कर गालियां दी तथा जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया।

## डीआरएम ने हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

डिवीजनल रेलवे मैनेजर लखनऊ एस के वर्मा ने गुरुवार दोपहर हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर निर्माणधीन कार्यों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने रेलवे यात्रियों के लिए बने शौचालयों की स्थिति संतोषजनक न होने पर नाराजगी जताई। मौजूद विभाग के अधिकारियों से काफी सख्त लहजे में शौचालय सही कराने एवं उसकी छत पर पानी की टंकी रखे जाने के आदेश दिए।

इसके बाद स्टेशन परिसर में उखड़ी इंटरलाकिंग,दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए बने ब्रिज के नीचे की सीढ़ियों में आई दरार को सही करने एवं यात्रियों को शुद्ध पेयजल के लिए टोंटियां लगाने का भी आदेश दिया। डीआरएम ने अमृत भारत योजना के तहत हो रहे कायाकल्प एवं नव निर्माण की गति में तेजी लाने के आदेश दिए। मौजूद लोगों ने अमृत भारत योजना के तहत बनाई जा रही सी सी रोड के घटिया निर्माण की शिकायत की।

बताया एक तरफ रोड बन रही है दूसरी तरफ टूटती जा रही है। डीआरएम ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी।सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैय्या की अगुवाई में नागरिकों ने ट्रेनों के ठहराव की मांग की।डीआरएम ने बताया कि महामना एक्सप्रेस एवं वरुणा एक्सप्रेस शटल के ठहराव के लिए प्रस्ताव बनाकर दिल्ली भेजा जा चुका है। इस दौरान रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं कस्बा वाशी मौजूद रहे।

## तहसीलदार ने सड़क दुर्घटना के मृतक के परिजनों से की भेंट

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



तहसीलदार हैदरगढ़ कविता ठाकुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार नम्रता दुबे अपनी टीम के साथ हैदरगढ़ क्षेत्र के गोसुपुर गांव पहुंचीं। उन्होंने सड़क दुर्घटना में मृतक रामू के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान प्रशासन की ओर से व्यक्तिगति तौर पर परिवार को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े और खाने का सामान देकर उनकी मदद की । इसके अतिरिक्त, बच्चों के लिए कुछ नकद धनराशि भी प्रदान की गई। नायब तहसीलदार नम्रता दुबे ने बताया कि मृतक रामू परिवार का एकमात्र सहारा था। उसके छह बेटियां और एक बेटा है। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि तहसील प्रशासन इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ है।सरकार की विभिन्न योजनाएं, जैसे कृषक दुर्घटना बीमा और पेंशन, बाल सेवा सहित जो भी योजनाएं मिल सकती है इस गरीब परिवार को दिलाया जाएगा ताकि उनका भरण-पोषण हो सके। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक उमेश कुमार साहू, मनीराम और भूपेंद्र यादव भी नायब तहसीलदार के साथ मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन पुल का सांसद ने किया निरीक्षण

बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



सांसद तनुज पुनिया ने रामनगर फतेहपुर रोड स्थित बुढ़वल स्टेशन पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस पुल का निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष से अधिक समय से चल रहा है, जो पुल का मध्य भाग दोनो ओर से बन चुका है लेकिन शेष कार्य अधूरा होने के कारण आम जनमानस को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक ट्रक पुल से नीचे गिर गया जिससे दो लोगों की असमय मृत्यु हो गई थी। श्री पुनिया ने कहा कि यह घटना अत्यन्त दुःखद वा चिन्ताजनक है।

स्थानीय नागरिकों एवं किसानों की समस्याओं को लेकर सांसद तनुज पुनिया गुरुवार को मौके पर पहुंच कर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया और दोनों ओर लगाये गये हाइट गेट से किसानों एवं राहगीरों को हो रही परेशानियों को भी गम्भीरता से संज्ञान में लिया।

इस सम्बन्ध में सांसद पुनिया ने रेलवे के सम्बन्धित अधिकारियों से संचार के माध्यम से वार्ता कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, और आम जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके। इस मौके पर रामनगर ब्लाक अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय, नेकचन्द्र त्रिपाठी, अकील इदरीसी, रामकुमार लोधी, सन्तोष रावत, धनन्जय सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## सड़क किनारे पड़े घायल युवक को राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के निकट बांदा बहराइच राजमार्ग पर छोटी नहरिया अर्थात नहरकोठी के पास सड़क किनारे नशे की हालत में घायल पड़े एक अज्ञात युवक को उधर से गुजर रहे राहगीरों के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उक्त युवक का उपचार किया ही जा रहा था कि, तभी वह अस्पताल के कर्मचारियों को चकमा देकर मौके से नौ दो ग्यारह हो गया और नशे की हालत मे धुत उक्त घायल अज्ञात युवक अपना मोबाइल फोन भी अस्पताल में भूल गया। जिसके पश्चात अस्पताल प्रशासन के द्वारा स्थानीय पुलिस को उक्त घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस में उक्त युवक के मोबाइल को कब्जे में लेकर आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने अधेड़ महिला को कुचला, मौत

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

घर के सामने सड़क पार कर रही एक अधेड़ महिला को तेज अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद ट्रक लेकर भाग रहे ड्राइवर को ट्रक समेत पकड़ लिया और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नेवाजगंज गांव निवासी ब्रह्मा देवी पत्नी राम दिनेश उम्र लगभग 55 वर्ष घर के सामने सड़क पार कर रही थी तभी फतेहपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद ट्रक लेकर भाग रहे चालक को स्थानी लोगों एवं पुलिस ने मुराई बाग चौराहे पर ट्रक समेत पकड़ लिया अचानक हुई घटना से पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया घटना के बाद से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है ग्रामीणों ने बताया कि इकलौते बेटे आर्यन की अभी हाल ही में विवाह हुआ था वह पुलिस विभाग में कानपुर में तैनात है पोस्टमार्टम के बाद अगले दिन मृतक महिला का शौक उसके घर पहुंचा तो लोगों का हुजूम लग गया बेटा आर्यन को रो रो कर कह रहा था वह अकेले जिम्मेदारियां का निर्वहन कैसे करेगा उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है बहन दहाड़े मार मार कर बेहोश हो जा रही थी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वही इस संबंध में थाना प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि ट्रक व चालक को कब्जे में ले लिया गया है।

## अंबेडकर विद्यालय में हुआ कांग्रेस का बूथ स्तरीय कार्यक्रम



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस का बूथ स्तरीय कार्यक्रम महराजगंज तहसील के अंबेडकर विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुशील पासी महासचिव कांग्रेस रहे। कांग्रेसियों ने एस आई आर पर चर्चा की व वोटर लिस्ट की सुधार के बारे में कार्यकर्ताओं से सुझाव लिया किया गया। एस आई आर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।इस मौके पर मोहम्मद इलियास मन्त्री विधानसभा प्रभारी बछरावां महराजगंज विचित्र चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष महराजगंज सच्चिदानंद त्रिपाठी जिला सचिव कृपा शंकर शर्मा मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद चौरसिया रविचंद्र सिंह छेदीलाल पासी इसरार हुसैन उर्फ कल्लू जमुना पासी मोहम्मद उमर भगवान दीन फौजी केदार पासी साहब गुलशेर खान रिजवान बेग सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वृद्ध महिला को भाई-बहन की लड़ाई देखना पड़ा महंगा

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर गांव में बृहस्पतिवार की शाम तकरीबन 3:00 बजे के आसपास एक वृद्ध महिला को आपस में लड़ रहे भाई-बहन की लड़ाई देखना तब महंगा पड़ गया, जब लड़ाई कर रहे भाई-बहन समेत उनके परिजनों ने उक्त वृद्ध महिला को जमकर पीट दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला विद्यावती पत्नी अशोक उम्र 65 वर्ष, अपने दरवाजे पर बैठी अपने पड़ोसी के पुत्र राज उम्र 14 वर्ष एवं पुत्री आंचल उम्र 15 वर्ष निवासीगण उपरोक्त, उक्त भाई-बहन की किसी बात को लेकर आपस मे हो रही लड़ाई को देख रही थी। उक्त वृद्ध महिला के द्वारा आपस में लड़ रहे दोनों भाई-बहन को अपने बीच हो रही लड़ाई देखना ना गवार गुजरा, जिसके पश्चात उन्होंने अपनी बड़ी बहन काजल उम्र 22 वर्ष पत्नी अज्ञात एवं अपने परिजनों के साथ मिलकर वृद्ध महिला विद्यावती की जमकर पिटाई कर दी। साथ ही साथ घायल वृद्ध महिला के द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि उक्त लोगों ने उसके शरीर पर दांतों से काटा है और उसे बुरी तरह नोचा भी है। वहीं घायल वृद्ध महिला के द्वारा स्थानीय थाने पर पहुंचकर शिकायत की गई है। जिसके पश्चात स्थानीय पुलिस के द्वारा उसका इलाज व मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, घायल का इलाज और मेडिकल कराया गया है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

## क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों की संयुक्त बैठक संपन्न



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

ब्लॉक सभागार महराजगंज मे क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों की बैठक हुई संपन्न विकास के मुद्दे पर हुई चर्चा। महराजगंज विकासखंड के क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों की बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राजकुमार व खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें आए हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र में विकास से संबंधित बातों को रखा गांव में लाइट बिजली पेयजल इंटरलॉकिंग सड़क खड़ंजा पेंशन आवास सहित ग्राम पंचायत में संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा हुई तो वहीं कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कहा कि हम लोगों को पर्याप्त कार्य नहीं मिलता जो की प्रधानों को मिलता है इस वजह से हम सभी जब जनता के बीच में जाते हैं तो जनता हमसे तमाम तरह की मांगे करती हैं हम मांग पूरा नहीं कर पाते और हमारे पास कोई निधि भी नहीं रहती वहीं क्षेत्र पंचायत की बात सुनते हुए ब्लाक प्रमुख व बीडीओ ने उनकी समस्याओं को निस्तारण का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर एपीओ राजीव त्यागी एडीओ सीताराम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण कुमार वर्मा सर्वोत्तम सिंह अतुल कुमार संत शरण अमरेंद्र चौधरी वीरेंद्र पाल यादव ग्राम प्रधान केशव चौधरी गुड्डू सिंह सरवन सिंह राजेश सिंह अंजनी कुमार गुप्ता सुनील मौर्य अमरेश कुमार संतलाल लोधी रमेश मौर्य सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## नगर विनायक भोसले को मिली अपर पुलिस अधीक्षक पद पर प्रोन्नति



सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले को अपर पुलिस अधीक्षक पद पर प्रोन्नति के अवसर पर उनके कंधे पर अशोक स्तंभ एवम् महाकुंभ सेवा मेडल लगाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह भी मौजूद रहे। सभी के द्वारा उन्हें नवीन दायित्वों के प्रति उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त, कमि. आगरा के पद पर रहते हुए विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुंभ 2025, प्रयागराज आयोजन में दायित्व निर्वहन के दौरान उत्कृष्ट रूप से कार्य करते हुए सुरक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया गया जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए.मुख्यमंत्री द्वारा महाकुंभ सेवा मेडल प्रदान किया गया है।

## अधेड़ का सिरकटा शव मिलने से सनसनी



अमेठी,समृद्धि न्यूज़।

बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र जायस के अंतर्गत ग्राम मौजमगंज के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि बदमाशों ने हत्या के उपरान्त मृतक का सिर काटकर अपने साथ ले गए हैं। सूचना मिलने पर जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान विजय सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र बेनी माधव सिंह, निवासी 67 चौक धर्मशाला वार्ड, कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु थानाध्यक्ष जायस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## दुकान में घुसने से पहले चेहरे से हटाना होगा नकाब

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में सर्राफा की दुकानों पर चेहरा ढककर खरीददारी करने वाले ग्राहकों के लिए सर्राफा व्यापारियों ने चेहरा ढककर दुकान में न प्रवेश करने की अपील की है। दुकान में प्रवेश करने से पहले ग्राहक को अपने चेहरे से नकाब हटाना अनिवार्य होगा। चाहे वह गमछा हो, हेलमेट, दुपट्टा या बुर्का। दुकानदारों द्वारा किसी भी स्थिति में चेहरे को ढककर सर्राफा की दुकान में प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। सर्राफा व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानों के बाहर इस संबंध में स्पष्ट सूचना भी चस्पा कर दी है। व्यवसायियों का कहना है कि हाल के दिनों में टप्पेबाजी, चोरी और लूट की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे उनकी सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। इन्हीं घटनाओं से बचाव और अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। सर्राफा व्यापारियों की इस पहल को लेकर शहर में चर्चा तेज है, वहीं सुरक्षा के लिहाज से इसे जरूरी भी माना जा रहा है।

## धड़ल्ले से शहर में बिक रहे एक्सपायरी डेट खाद्य पदार्थ

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।




एक्सपायरी डेट के बाद खाद्य पदार्थ के विक्रय का मामला प्रकाश में आया है जिसके तहत बटसगंज निवासी मनीष पाण्डेय का पुत्र दिनाँक 7/1/2026 को शाम 7:30 को डॉक्टर मुदित पाण्डेय की क्लिनिक, बटसगंज के समीप एक परचून की दुकान से अमूल कंपनी का 400 ग्राम का दही का पैकेट खरीदा, उस दही के पैकेट पर यूज बिफोर 27/12/2025 प्रिंट था, जिसको कि मिटाया गया था, परिवार में 3 लोगों ने उस दही का सेवन किया जिससे उनका पेट खराब एवं उल्टी की शिकायत होने पर रात में जिला अस्पताल में इलाज करवाना पड़ा दुकानदार से शिकायत करने पर उसने कहा कि दुकान पर सप्लायर द्वारा ऐसा किया गया है,आखिर इस धोखाधड़ी का जिम्मेदार कौन सप्लायर या दुकानदार यह सवाल अभी भी बना हुआ है।

## जिला कारागार में महिला बन्दियों को वस्त्र वितरित कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, कुलदीप सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर, द्वारा मॉ ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य की, प्रबन्ध समिति व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के सहयोग से जिला कारागार सीतापुर में महिला बन्दियों के वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना महोदय द्वारा वहॉ पर उपस्थित समस्त महिला बन्दियों को वस्त्र वितरित किये तथा महिला बन्दियों के साथ निवास कर रहे बच्चों को गर्म कपड़े भी वितरित किये गये। मॉ ललिता देवी मन्दिर नैमिषारण्य के मुख्य पुजारी, गोपाल शास्त्री व लाल बिहारी आदि मौजूद रहे। इसी दौरान जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम के समय अपर जिला जज, प्रथम, ज्ञान प्रकाश-प्प्, अपर जिला जज/स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14 भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-9 शैलेन्द्र कुमार वर्मा तथा अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ' नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के समय जेल अधीक्षक, सुरेश कुमार सिंह व जिला कारागार का समस्त स्टाफ तथा बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम व रितिकेश श्रीवास्तव, लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भी उपस्थिति रहे। इसी दौरान जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा जिला कारागार सीतापुर का औचक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें दुरूस्त पाई गयी।

## चुनौतीपूर्ण था अभावग्रस्तता में शिक्षा का मंदिर बनानाः मुनीश कुमार

**सीतापुर।** ग्रामीण पिछडे अंचलों में विद्यालय चलाना बड़ा ही चुनौती पूर्वक कार्य होता है और वह भी तब जब संस्थान अभावग्रस्तता से जूझ रहा हो ऐसा कहना सिविल कॉन्वेंट स्कूल रामनगर सीतापुर के प्रबंधक मुनीष कुमार का। शिशु शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण संस्थान सोसाइटी के अध्यक्ष मुनीश कुमार जो पिछले 26 सालों से सिविल कॉन्वेंट स्कूल जो अभाव से ग्रस्त था जो 2023 में बंद होने की स्थिति में आ गया था तथा विद्यालय में पिछले 23 सालों से ना तो लाइट थी, ना ही बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था थी, ना ही शौचालय की व्यवस्था थी न हीं विद्यालय में स्वच्छ पेयजल पीने की व्यवस्था थी जो लगातार जर्जर होने की कागार पर आ गया था जिसे उनके पुत्र हेमंत सिंह सिविल कॉन्वेंट विद्यालय के संरक्षक व डायरेक्टर ने अपने अथक प्रयासों से तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर पिछले 3 सालों में विद्यालय को संजीवनी प्राप्त कराई तथा उन्ही के प्रयासों से विद्यालय में सर्वप्रथम बालक व बालिकाओं तथा महिला शिक्षकों के लिए पृथक पृथक टॉयलेट बनवाया गया ,सोलर पैनल लगाए ,प्रत्येक कक्षा में पंखे लगवाए गए तथा बच्चों के खेलने के लिए झूला तथा ग्रामीण बच्चों को आधुनिकता से जोड़ने के लिए कंप्यूटर लगवाए गए यह सारा कार्य हेमंत सिंह ने अपने प्रयासों से किया तथा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा आधुनिक तकनीकी से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं हेमंत सिंह आगे बताते हैं कि मेरा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उचित शिक्षा और आधुनिक कंप्यूटर महत्व को देखते हुए उसे जोड़ने का है। वह कहते हैं 2023 में एक समय जरूर ऐसा आया था जब ऐसा लगा था विद्यालय बंद हो जाएगा लेकिन अब यह विद्यालय निरंतर शिखर पर चढेगा ऐसा हेमंत सिंह अपने अथक प्रयासों से कर रहे हैं।

# प्रिया शाक्य ने गौशालाओं का निरीक्षण कर अलाव जलाने के दिए निर्देश

- सर्दी की ठंड से गौमाताओं को राहत देना आवश्यक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया। हाड़ कपाने वाली सर्दी से गौमाताओं को राहत दिलाने के लिए उन्होंने ग्राम प्रधानों और संबंधित केयरटेकरों को अलाव जलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रिया शाक्य ने गौमाताओं को गुड़ खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्राम खोजीपुर, भगवंतपुर, कसावा और भावलपुर सहित कई गांवों की गौशालाओं का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति में गौमाता को मां का स्थान प्राप्त है। उनकी सेवा केवल दया नहीं, बल्कि धर्म, करुणा और संस्कारों का प्रतीक है। सरकार की गौसेवा योजनाओं के तहत हमें इनकी देखभाल सुनिश्चित करनी होगी, ताकि ये स्वस्थ रहें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सर्दी में चारा और भूसा की व्यवस्था मजबूत करने में सहयोग करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा गौसेवा सामाजिक जिम्मेदारी है। व्यापाररी संगठन इस दिशा में चारा और भूसा आदि मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा हमारे संगठन के संरक्षक एवं किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता हर साल बड़ी मात्रा में अपने खेत का भूसा गौशालाओं में दान करते हैं। रेस्टोरेंट एवं होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल ने कहा यह निरीक्षण स्थानीय स्तर पर गौसंरक्षण को नई गति प्रदान करने वाला साबित हुआ है।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पहली घटना तालिग्राम तिराहे के पास हुई। बताया जा रहा है कि जिला मैनपुरी थाना घिरोर के नगला इन्द्र निवासी 23 वर्षीय मोनू पुत्र महेंद्र सिंह बहवलपुर निवासी अपने 58 वर्षीय ससुर श्रीकृष्ण पुत्र झब्बू लाल के साथ बाइक से छिबरामऊ मार्केट से लौट रहे थे। सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टक्कर हो जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस कांस्टेबल ने दोनों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। मोनू ने बताया कि उनकी ससुराल बहवलपुर में है और दो दिन पहले उनकी पत्नी को बेटी हुई थी, इसी खुशी में वे ससुराल आए थे। दूसरी दुर्घटना राष्ट्रीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अकबरपुर के सामने हुई। परिजनों ने बताया कि ग्रामीणों ने ट्रक और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

# डॉ. धर्मेंद्र यादव ने गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर दिया जोर

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गुरसहायगंज के पास ग्राम गदनापुर में सोहेब क्लीनिक का भव्य शुभारंभ समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर धर्मेंद्र यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉक्टर धर्मेंद्र यादव ने कहा कि लोग डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते हैं और उम्मीद है कि इस क्लीनिक में गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद मरीजों को उच्च गुणवत्ता का इलाज मिलेगा। उन्होंने क्लीनिक के प्रयासों की सराहना करते हुए क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा समाजवादी मूल्यों के अनुरूप यह क्लीनिक ग्रामीण स्वास्थ्य को मजबूत करेगा। सरकार को ऐसी सुविधाओं को बढ़ावा देना चाहिए ताकि कोई भी जरूरतमंद इलाज से वंचित न रहे। आइए, हम सब मिलकर स्वस्थ भारत का निर्माण करें। डॉक्टर जैनेंद्र प्रताप सिंह ने कहा क्लीनिक से क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है। इस दौरान डॉक्टर अल्तमस खान, चंदन दिवाकर, अबग्य प्रताप, अनुज प्रताप, अंशु वाल्मीकि, अभिषेक वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, एडवोकेट आमिर हसन खान, विक्की, अनुज यादव, डॉ. अंकित यादव, अमित पाल व देवू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 825 लाभार्थियों को दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों व श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने किया। कार्यक्रम जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र द्वारा प्रायोजित है। इस अवसर पर असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को आधुनिक कौशल से जोड़कर रोजगार व स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर रही है। योजना के तहत जनपद में विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े 825 लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। यूपीकॉन के कोऑर्डिनेटर आनंद कटियार ने बताया कि 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ठाकुर बलदेव सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विजय बिंद ने किया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर शिवानंद सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक व प्रशिक्षणार्थी रहे।

# पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू

- हाइवे किनारे खोखे-कब्जे ध्वस्त

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने हाइवे किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। पूर्वी बाईपास पर ब्लॉक गेट के पास और कांशीराम कॉलोनी के सामने सड़क किनारे बने खोखों व अन्य अतिक्रमणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कराया गया।

इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार राम प्रकाश, लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी, हिमांशु, नगर पालिका के जेई रविराज कौशल प्रशांत त्रिपाठी सहित कई कर्मी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। एनएचएआई द्वारा जीटी रोड हाइवे के चौड़ीकरण का कार्य एक वर्ष पूर्व पूरा होने के बाद लोगों ने फुटपाथ से सड़क किनारे तक अवैध कब्जा कर लिया था। पालिका की बार-बार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमणकारी नहीं हटे। अभियान शुरू होते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया, वहीं कुछ लोगों ने कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि हाईवे की उत्तर दिशा में 220 केवी एवं विद्युत वितरण खंड कार्यालय के बाहर अवैध रूप से रखी दुकानें अब तक नहीं हटाई गई। लोगों का कहना है कि एनएचएआई ने पूर्वी बाईपास पर जमीन अधिग्रहीत तो कर ली, लेकिन मेजर जंक्शन का निर्माण अभी तक नहीं कराया। साथ ही पूर्वी से पश्चिमी बाईपास तक हाइवे किनारे साइड वॉल भी नहीं बनाई गई। इस लापरवाही का फायदा उठाकर लोगों ने दोनों ओर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर लिया, जिससे आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। अब तक कई दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा चुकी है।

# नई शिक्षा नीति में पपेट्री कला बनेगी शिक्षण का मजबूत आधार

- कन्नौज के दो शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत पपेट्री (कठपुतली) कला को शिक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दिल्ली स्थित सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) के क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी (असम) में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला %रोल ऑफ पपेट्री इन एजुकेशन इन लाइन विथ एनईपी% में जनपद के दो शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। सहायक अध्यापक सुमित कुमार गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय मुरली नगला, छिबरामऊ से और फर्रुखाबाद के ज्योती श्याम ने इस कार्यशाला में भाग लिया। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, पंजाब समेत पूरे भारत से 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गुप्ता ने बताया कि प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों की कल्पनाशीलता को बढ़ाने के लिए कठपुतली कला अत्यंत प्रभावी है। अंतरराष्ट्रीय शोध भी इसकी पुष्टि करते हैं।



**असम-कन्नौज का ऐतिहासिक बंधन**

असम और कन्नौज का संबंध सदियों पुराना है। अहोम साम्राज्य की रानी के आह्वान पर कन्नौज से सात ब्राह्मण परिवार आए, जिन्होंने मूर्तिपूजा का प्रचलन स्थापित किया। इनमें से ही श्रीमंत शंकरदेव का जन्म हुआ, जिन्होंने भक्ति आंदोलन की अलख जगाई, ठीक वैसे ही जैसे चैतन्य महाप्रभु ने दक्षिण में जगाई थी।

इस लंबी अवधि की कार्यशाला में पपेट्री की विभिन्न विधाओं जैसे ग्लव पपेट (दस्ताना पुतली), शैडो पपेट (छाया पुतली), रॉड पपेट (छड़ पुतली), स्ट्रिंग पपेट (धागा पुतली) पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा वॉइस मॉड्यूलेशन, माइम एक्शन, असम की संस्कृति और लोकजीवन पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन हुआ। प्रतिभागियों ने असम स्टेट म्यूजियम, प्रभाज्योति म्यूजियम, भूपेन हजारिका म्यूजियम का दौरा किया और बिहू नृत्य का परिचय प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक प्रस्तुति में कन्नौज के %कृष्ण% और फर्रुखाबाद के ज्योती श्याम द्वारा %सुदामा% के किरदार निभाए गए। मित्रता के मूल्य पर आधारित इस प्रहसन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# स्वच्छ वातावरण फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक: डॉ. सुशील कुमार

- नदसिया गांव में गेहूं में खरपतवार प्रबंधन एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




किसानों को जागरूक करते वैज्ञानिक

क्षेत्र के नदसिया गांव में गेहूं फसल में खरपतवार प्रबंधन तथा स्वच्छता विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र कन्नौज के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, स्वच्छता के महत्व तथा मौसम आधारित कृषि निर्णयों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक (प्रसार) डॉ. सुशील कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक होता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक (फसल सुरक्षा) डॉ. अवनीन्द्र कुमार तिवारी ने किसानों को गेहूं की फसल में प्रमुख खरपतवारों की पहचान, उनसे होने वाले नुकसान तथा उनके प्रभावी नियंत्रण के लिए उपयुक्त रसायनों एवं समय पर प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने किसानों को वर्तमान मौसम की स्थिति, आगामी मौसम पूर्वानुमान तथा मौसम आधारित कृषि कार्यों के अनुप्रयोग के बारे में जानकारी प्रदान की, जिससे किसान समय पर उचित निर्णय लेकर फसल उत्पादन में वृद्धि कर सकें। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 25 किसानों ने सहभागिता की, जिनमें शिवनारायण दुबे सहित अन्य प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

## विवाहिता की मौत मामले में पुलिस को दी तहरीर

**कालपी, जालौन।** गुरुवार की सुबह संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हो गई। इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा ससुरालियों पर आरोप लगाते हुये शिकायती पत्र पुलिस को दिया गया है। उक्त घटना को लेकर पीड़ित शिकायतकर्ता श्रीराम पुत्र कमलेश निवासी ग्राम बड़गांव हाल निवासी कालपी नगर ने कोतवाली कालपी पुलिस में शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया है कि 8 जनवरी 2026 को प्रार्थी की बहन शांति की सुबह करीब 5 बजे ग्राम गुढ़ा खास में मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरी बहिन का पति बाबू सिंह हमेशा दूसरी शादी की बात करता था। बहन को मार देने की धमकी दिया करते था। कई बार बहन की मारपीट भी करते रहते थे। हमारी बहिन के ससुर, सास तथा दोनों ननदों तथा बहन के पति के द्वारा मेरी बहिन का उत्पीड़न किया जाता था।

# डिप्टी सीएम ने डीएम को दिए कार्रवाई के निर्देश

- सौ शैया अस्पताल के आपरेशन का मामला
- भारतीय हलधर किसान यूनियन की शिकायत पर कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सौ शैया अस्पताल में आउटसाइडर द्वारा किए गए आपरेशन के मामले में उपमुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को पत्र भेज मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई है।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने तीन दिन पहले लखनऊ जाकर उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य को शिकायती पत्र सौंपा था, जिसमें सौ शैया अस्पताल में खुलेआम की जा रही धांधलियों और बिना सर्जन के आउटसाइडर द्वारा महिला के आपरेशन के मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने 8 जनवरी को जिलाधिकारी कन्नौज को भेजे पत्र में पूरे मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री का पत्र प्राप्त होते ही स्वास्थ्य महकमे में हडकंप मच गया है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले जिलाध्यक्ष



राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी को मामले की जानकारी देते जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप

छिबरामऊ। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप सौ शैया अस्पताल में हुए मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी से उनके एटा स्थिति कार्यालय से मिले। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पूरे मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें भरोसा दिलाया कि यदि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया गया।

# बीडीओ का तबादला, संदीप मिश्रा ने संभाला कार्यभार

**माधौगढ़, जालौन समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड माधौगढ़ में स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह का तबादला महेवा ब्लॉक कर दिया गया है। उनके स्थान पर संदीप मिश्रा ने खण्ड विकास अधिकारी, माधौगढ़ के पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के उपरांत बीडीओ संदीप मिश्रा ने क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सचिवों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए आपसी समन्वय और सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने ठेकेदारों को भी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्य कागजी औपचारिकताओं के साथ-साथ धरातल पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नवागत बीडीओ के निर्देशों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आज

**उरई (जालौन)।** जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल द्वारा 9 जनवरी को जनपद जालौन में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सदस्य के जनपद में महिला जन-सुनवाई के दौरान महिला थानाध्यक्षों एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों से विगत तीन माह तक की महिला उत्पीड़न की घटनाओं की जनसुनवाई एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेगी। महिला जनसुनवाई के दौरान सदस्य द्वारा महिला थानाध्यक्षों एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों के साथ विगत समय की महिला उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं की समीक्षा भी की जाएगी।

# श्रमिकों को अब सात दिनों के भीतर भुगतान होगा अनिवार्य

- ग्रामीण परिवार रोजगार के 100 दिन से बढ़ाकर हुए 125
- कृषि कार्यों के लिए 60 दिन अतिरिक्त का प्रावधान, कुल 185 दिनों के रोजगार की मिलेगी कानूनी गारंटी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जिले की प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी तथा समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने राही पर्यटन आवास में प्रेस संवाद के दौरान विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम- 2025 की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास से जुड़ी कानूनी गारंटी बनाता है। इसके तहत प्रति ग्रामीण परिवार रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 125 किए गए हैं, जबकि कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए 60 दिन अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कुल 185 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी।

उन्होंने बताया कि कार्यों को चार प्रमुख क्षेत्रों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संपत्ति निर्माण और जलवायु संरक्षण में समाहित किया गया है। साथ ही फसल बुआई व कटाई के मौसम में अन्य सार्वजनिक कार्यों पर रोक का प्रावधान किसानों के हित में किया गया है। राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि श्रमिकों को अब सात दिनों के भीतर भुगतान अनिवार्य होगा, देरी होने पर ब्याज सहित भुगतान मिलेगा। आधारित निगरानी, सामाजिक अंकेक्षण और पारदर्शी व्यवस्था से यह अधिनियम ग्रामीण आजीविका में बड़ा बदलाव आएगा।

## ठंड के मौसम में बुजुर्ग सावधानी बरतें, पिएं गर्म पानी : डॉ. केडी गुप्ता

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।** इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड के मौसम में लोगों को काफी दिक्कत होती है। खासतौर पर बुजुर्गों को काफी देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। सर्दी से बचाव के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता कहते हैं कि सर्दी के मौसम में गर्म पानी पिएं। अक्सर पानी न पीने से डिहाइड्रेशन की समस्या आ आती है। इसलिए प्यास न होने के बाद भी खूब सारे तरल पदार्थ पिएं,। खासकर गर्म पानी। पोषक आहार लें, ताजे फल और सब्जियों से भरपूर आहार लें। सर्दी के मौसम में घी, गुड़ और मक्खन का भी सेवन कर सकते हैं। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है। नियमित व्यायाम करें इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। छींकते और खांसते समय मुंह को टिशू या कोहनी से ढक लें। इस समय सामान्य सर्दी, निमोनिया, ड्राई स्किन, फ्लू आदि की समस्या हो सकती है। इसलिए बीमारी के लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। कहा कि यही वह समय होता है जब हम अपनी ड्राई स्किन और रोज होने वाले फ्लू से भी परेशान होते हैं। सर्दी के मौसम में कई बार छुट्टियों की योजना भी तबियत सही न होने से सारी तैयारी रखी रह जाती है।

# जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता: सभापति

- विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की अहम बैठक
- जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों पर कृत कार्यवाही की हुई गहन समीक्षा

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के सभापति किरण पाल कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों की उपस्थिति में वर्ष 2022 से अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा पूंछे गए प्रश्नों एवं प्रस्तुत प्रस्तावों पर की गई कृत कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया।

संबोधित करते हुए सभापति ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं प्रस्तावों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक प्रकरण की प्रगति से समिति को नियमित रूप से अवगत कराया जाए, जिससे शासन स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। सभापति ने आगामी बैठक को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागों को पूर्ण तैयारी, अद्यतन अभिलेखों एवं तथ्यात्मक जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के आरंभ में जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों का परिचय कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सभापति किरण पाल कश्यप को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका गरिमामय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अनुसचिव एवं समिति अधिकारी विनोद यादव, प्रतिवेदक बृजेश यादव, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, अपर निजी सचिव अभिनव यादव, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर विकास हेतु पुरातन धरोहरों का संरक्षण कर परिवहन सुविधा जरूरी

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर के विकास, पुरातन धरोहरों के संरक्षण और परिवहन सुविधाओं की बदहाली को लेकर नगरवासी ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव को शिकायती पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। नगर के मोहल्ला फर्द्नवीस निवासी देवीदयाल वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रमुख सचिव को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि जालौन नगर जनपद के नाम से तो है इसके बावजूद यह नगर विकास की दृष्टि से लगातार उपेक्षित होता रहा है। नगर की तहसील की प्राचीन इमारत जिसे ताई बाई महल के नाम से भी जाना जाता है। इसके संरक्षण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यह पुरातन इमारत जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं और कई जगहों पर ध्वस्त भी हो चुकी है। ताई बाई सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का नाम तो लिया जाता है, लेकिन धरातल पर संरक्षण और पर्यटन विकास के प्रयास इसमें नहीं दिखते हैं। पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होने पर यहां रोजगार के अवसर भी बढेंगे। विकास के नाम पर सिर्फ दावे किए जा रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी तरह देवनगर चौराहे से चुर्खी-बाबई रोड पर गड्ढे हैं।

## सूचना

मैं शपथी ऋतिक कौशल पुत्र घनश्याम कौशल निवासी ग्राम नरेन्द्रपुर झिलाही पर तहसील मनकापुर जिला गोंडा का मूल निवासी हूं सशपथ बयान करता हूं कि वर्ष 2022 का हाई स्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1222387614 है जो वास्तव में कहीं खो गया है।

# पन्द्रह उपभोक्ताओं ने लिया वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ

## 1.5 लाख रुपये का जमा कराया गया राजस्व, 30 के काटे गए कनेक्शन


शिविर में मौजूद उपभोक्ता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग ने गुरुवार को नवाबगंज नगर के मोहल्ला सिरमौरा में बिजली बिल राहत शिविर का आयोजन किया। इस दौरान समाधान योजना के तहत लगभग 1.5 लाख रुपये का राजस्व जमा किया गया। शिविर में 30 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए, जबकि 15 उपभोक्ताओं ने वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाया।

यह शिविर बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य बकाया बिलों की वसूली और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना था। समाधान योजना के तहत विभाग ने 1.5 लाख का राजस्व एकत्र किया। राजस्व वसूली के साथ-साथ विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की। लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 30 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। वहीं 15 उपभोक्ताओं ने सरकार की वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाते हुए अपने पुराने बिजली बिल विवादों और बकाये का निपटारा किया। शिविर में मौजूद नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल के ब्याज में शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मूल बकाया राशि में भी 20 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। यह योजना पुराने बकाये के बोझ से दबे उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिविर के सफल आयोजन में जेई अब्दुल मजीद सहित नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, गौरव सिंह, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, मंजेश कुमार और हुकुम सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि बकाया भुगतान न करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# युवक की हत्या में आला कत्ल सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घटना का खुलासा करते एसपी

कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने दो हत्या अभियुक्तों को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार दिनांक 06.01.2026 को कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को सूचना मिली कि एक मृत युवक अंडरपास के पास पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों ने मृतक की पहचान विक्रम पुत्र सर्वेश निवासी ग्राम बलीपुर थाना कमालगंज के रुप में की थी। मृतक के पिता सर्वेश कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना हाजा पर मु0अ0सं0-05/2026 धारा-103(1)/238 बीएनएस बनाम रजनेश पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी बलीपुर थाना कमालगंज आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में दिनांक 08.01.2026 को नामजद अभियुक्तगण रजनेश पुत्र राजेंद्र निवसी बलीपुर थाना कमालगंज, प्रशांत उर्फ कल्लू पुत्र राम निवास निवासी ग्राम बलीपुर थाना कमालगंज को हत्या के दौरान प्रयोग किये गये एक मफलर व हत्या में प्रयोग की गयी एक कार हुंडई औरा बिना नंबर सहित गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त रजनेश के विरुद्ध तीन मुकदमे व प्रशांत उर्फ कल्लू पर दो मुकदमे पंजीकृत हैं।

# बीडीओ ने रात्रि भ्रमण कर गौशालाओं का किया निरीक्षण

## गायों की सेवा कर गौपालकों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश


गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड अधिकारी ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में गौशालाओं का निरीक्षण किया। बीडीओ ने रात्रि भ्रमण के दौरान गौपालकों को व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

विकास खण्ड अधिकारी अमरेश चौहान ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में रात्रि भ्रमण कर गौशालाओं की सुरक्षा व्यवस्था परखी। बीडीओ ने गौशालाओं में गौवंशों को देने के लिए सुविधाओं में अलाव जलाकर गायों को तपाने तथा गौवंशों के लिए काऊ कोट की व्यवस्था करना, उनको चारा, भूसा, दाना आदि की व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। वहीं विकास खण्ड अधिकारी रात्रि में भ्रमण के दौरान गोवंशों को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की।

साथ ही गौपालकों को निर्देश दिये कि गौवंशों का सर्दी में विशेष ध्यान रखा जाये। उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाये। अलाव आदि की पूरी व्यवस्था करें। जिससे उन्हें सर्दी आदि न लगे। इस मौके पर विकास खण्ड अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार गौतम, ग्राम प्रधान तथा समस्त गौपालक उपस्थित रहे।


महिलाओं को जागरुक करती महिला कांस्टेबिल

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना अमृतपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को मीना बाजार में महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टेट बैंक के पास लगने वाले मीना बाजार में आयोजित किया गया। पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला संबंधी अपराधों और सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तृत जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल मदद के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। इनमें 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात सेवा, 1090 वीमेन पावर लाइन और 1076 शामिल हैं। थाना अमृतपुर पुलिस ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सम्मान के साथ सुरक्षित जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया। अभियान में उपस्थित महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित अतुल यादव पुत्र रामफेरे ग्राम महमदगंज (परमनगर जगदीशपुर) थाना कमालगंज का निवासी है। दिनांक 05.01.2026 की शाम करीब 6 बजे मेरा छोटा भाई सुमित पुत्र रामफेरे खेत से घर की तरफ आ रहा था, तभी गांव के रामकुमार पुत्र लल्लू यादव के घर के बाहर से गली से मेरा छोटा भाई सुमित निकला, तो रामकुमार गली से निकलने से मना करने लगा। विरोध करने पर रामकुमार व उसके पुत्र शिवनंदन ने सुमित के साथ गाली-गलौज व धारदार हथियार से मारपीट की। मारपीट में भाई सुमित के शरीर में चोट आई है। भाई का सीएचसी कमालगंज मे मेडिकल कराया गया तथा भाई के इलाज में व्यस्त रहने के कारण अब सूचना देने आया हूँ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा कराने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज तहसील क्षेत्र के गाँव तराई के बेहटा बल्लू गांव निवासी शिववीर सिंह ने कोर्ट के आदेश से कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि गांव में चकबंदी के दौरान लेखपाल अनुराग गुप्ता की मिलीभगत से एक संगठित गिरोह द्वारा फर्जी इंतखाब तैयार किए गए। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवेदक व अन्य ग्रामीणों की पैतृक व ग्राम सभा की भूमि के कूटरचित बैनामे कराए गए।

शिववीर सिंह अनुसार गाटा संख्या 1151 व अन्य खातों की भूमि, जो कई खातों में विभाजित है और जिसका क्षेत्रफल करीब 3000 बीघा से अधिक बताया गया है। उसमें से 5.265 हेक्टेयर भूमि का फर्जी विक्रय पत्र दिनांक 30 अगस्त 2025 को निष्पादित किया गया। यह बैनामा सुखरानी पत्नी छग्गे निवासी बल्लू बेहटा द्वारा ममता देवी निवासी नगला मोहना पटियाली जनपद कासगंज और नीलम निवासी नगला स्थित थाना शमशाबाद के पक्ष में किया गया, जबकि सुखरानी उस भूमि की स्वामिनी नहीं थी। इसके अलावा एक अन्य मामले में मृत व्यक्ति परमेश्वरी के नाम से फर्जी विक्रेता खड़ा कर 5 मार्च 2025 को कूटरचित बैनामा किए जाने का भी आरोप है। आरोप है कि इन फर्जी बैनामों के आधार पर 30 नवंबर 2025 को आरोपित लोग लेखपाल के साथ मिलकर खेत पर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर गाली–गलौज, हाथापाई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पहले थाने और फिर पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण ली गई। अदालत के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# खबरें एक नजर में

## गंगा का कटान जारी, कल्पवासियों परेशान


कटान कर रही गंगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में गंगा का कटान जारी है। छठे सीढ़ी के आगे कटान की जद में आने से कई कल्पवासियों की झोपड़ियो पर भी संकट के बादल मंडराने लगे है। बीदे दिन दस कल्पवासियों ने अपनी झोपड़ियों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाय था। बाढ़ के दौरान पांचाल घाट पर गंगा की धार पूर्वी दिशा में अधिक बढ़ गई थी। इसका असर माघ माह में लगने वाले मेला श्री रामनगरिया में भी देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों से लगातार कटान जारी है। जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। कटान तेज होने से आसपास के कल्पवासी खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि कटान कभी भी उनकी झोपड़ी तक आ सकता है। फिलहाल कई कल्पवासी अपनी–अपनी झोपड़ियों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं।

## विद्युत विभाग ने राहत योजना के तहत लगाया शिविर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रायपुर में विद्युत विभाग द्वारा बिजली की राहत योजना के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व जेई जावेद अहमद ने किया। उन्होंने शिविर में उपभोक्ताओं को सरकार की छूट योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अरिक्तित विद्युत कर्मचारियों ने बकायेदार उपभोक्ताओं के घरों पर जाकर उन्हें इस योजना से अवगत कराया। इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जमीन देखने गये दो लोगों पर हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में जमीन देखने गए दो लोगों पर हमला हो गया। हमलावरों ने उन्हें लाठी–डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस मारपीट में दोनों घायल हो गए और उनके मोबाइल फोन भी गुम हो गए। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बीबीगंज बंदोबस्ती निवासी सुनील मिश्र बुधवार सुबह करीब दस बजे अपने साथी धीरज शर्मा के साथ नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर प्रेमचंद गए थे। वे वहां गाटा संख्या 18 खरीदने के उद्देश्य से जमीन देखने गए थे। धीरज शर्मा कमालगंज थाना क्षेत्र के मांझगांव निवासी हैं। जब सुनील मिश्र और धीरज जमीन के पास खड़े थे, तभी गांव मिलकिया निवासी मोतीराम अपने साथियों के साथ वहां आ गया। उन्होंने गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मोतीराम और उसके साथियों ने लाठी–डंडों से दोनों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस मारपीट में सुनील मिश्र और धीरज शर्मा चोटिल हो गए। मारपीट के दौरान उनके मोबाइल फोन भी कहीं गुम हो गए। सुनील मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने गांव मिलकिया निवासी मोतीराम, जिलेदार, अनमोल, कौशल और गांव उम्मरपुर निवासी सुनील व अनिल के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चीनी मिल अधिकारियों ने किसानों को गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए किया प्रेरित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


खेत में मौजूद मिल अधिकारी

चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक और मुख्य गन्ना अधिकारी ने गुरुवार को कटरी क्षेत्र के इकलहरा और शाहपुर गंगपुर का सघन दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने खेतों में किसानों से सीधा संवाद किया और चौपाल लगाकर उन्हें आगामी बसंतकालीन बुवाई में आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान मिल अधिकारी उन खेतों में भी पहुंचे जहां गन्ने की कटाई और छिलाई का कार्य चल रहा था। प्रधान प्रबंधक ने कृषकों को सुझाव दिया कि वे चीनी मिल को हमेशा साफ-सुथरा, ताजा और जड़ पत्ती रहित गन्ना ही आपूर्ति करें। उन्होंने समझाया कि मिट्टी और अगोला रहित गन्ने से न केवल मिल को सुविधा होती है, बल्कि किसानों को भी बेहतर रिकवरी का लाभ मिलता है। गांव में आयोजित चौपाल में किसानों को आगामी बसंतकालीन सत्र में अधिक से अधिक गन्ना बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने बेहतर पैदावार के लिए उन्नतशील प्रजातियों के चयन पर जोर दिया। चीनी मिल ने यह भी आश्वासन दिया कि जिन किसानों को अच्छी प्रजाति के बीज की आवश्यकता है। उन्हें मांग के अनुसार बाहर से बीज मंगाकर उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक किसान अपने क्षेत्र के सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक या सीधे चीनी मिल कार्यालय में अपनी मांग दर्ज करा सकते हैं। प्रधान प्रबंधक के सीधे संवाद और बीज उपलब्ध कराने के आश्वासन से क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखा गया। किसानों ने कहा कि इस तरह के मार्गदर्शन से उन्हें खेती की नई बारीकियों को समझने में मदद मिलती है। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें तकनीकी रूप से समृद्ध करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्नत बीज और साफ गन्ने की आपूर्ति से किसान और मिल दोनों का हित जुड़ा है।

# मिनी कुंभ में जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता का हुआ स्वागत

- सत्यगिरि महाराज, एडीएम व मेला व्यवस्थापक ने लिया आशीर्वाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


महंत स्वामी विशेश्वरनन्द गिरि महाराज का स्वागत करते एडीएम व मेला व्यवस्थापक

महंत स्वामी विशेश्वरनन्द गिरि महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता जूना अखाड़ा नासिक (महाराष्ट्र) गुरुवार को मेला रामनगरिया में पहुंचे। जहां जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज, एडीएम दिनेश कुमार तथा मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने एक भेंट वार्ता के दौरान बताया कि महंत सत्यगिरि महाराज उनके प्रिय शिष्य में से एक है और जूना अखाड़े के मुख्य नागा साधु हैं। उन्होंने कहा कि नागा साधु मंडल का गठन सनातन और हिंदू की रक्षा के लिए किया गया है। हिंदूओं के संरक्षण के लिए नागा साधुओं की सेवा एक कर्तव्यनिष्ठ है और यह प्राचीन काल से और आधुनिक युग तक अपना कर्तव्य पूर्ण कर रही है और आगे भी करेंगी। महाराज जी का जूना अखाड़ा में आगमन हुआ और हिमालय अर्पण भी हुआ। इस मौके पर सत्यगिरी महाराज, भइयन मिश्रा, संजय मिश्रा मेला व्यवस्थापक, कोमल पांडे विभाग अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, विनीत द्विवेदी, प्रदीप सिंह राठौड़, श्यामेंद्र दुबे, दुष्यंत दीक्षित, पूर्व प्रधान अनिल द्विवेदी और एडीएम दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

## समाजसेवी पुखराज डागा ने चौकीदारों को बांटे गर्म कपड़े व कंबल


थाने में मौजूद पुखराज डागा व चौकीदार आदि

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** प्रतिवर्ष की भांति गुरुवार को थाने में तैनात चौकीदारों व मैस सहित अन्य कर्मचारियों को समाजसेवी की ओर से गर्म कपड़े व 100 कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर समाजसेवी पुखराज डागा ने कहा कि क्षेत्र में शीत लहर के साथ–साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। चौकीदार रात–रात भर जागकर परिवार से दूर रहकर ड्यूटी करते हैं। चौकीदार ही नहीं, बल्कि ऐसे में जिन लोगों के पास सर्दी के बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को इस तरह के प्रयास कर दूसरों की मदद करनी चाहिए। कड़ाके की ठंड एवं कंपकपी को देखते हुए अपने निजी खर्च से समाजसेवी ने कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो हमसे मिले और मैं उनकी सहायता के लिए हमेशा तैयार हूँ। असहाय लोगों का सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। इधर थाने पर तैनात कर्मचारियों ने इस नेक एवं सराहनीय कार्य को लेकर समाजसेवी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी नितिन कुमार, दारोगा प्रेमपाल, सिपाही धर्मेंद्र, गुलशन, हनी आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में कोटेदार के पुत्र की मौत, दो साथी घायल

- घायलों को लोहिया अस्पताल किया गया रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


सीएचसी में मौजूद पजिन व पुलिस

थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर सिधौली निवासी कोटेदार मलखान सिंह व उसका 25 वर्षीय बेटा जीतू खरीदने के लिए भैंस देखने समधन गए थे। दीपू के साथ बाइक पर गांव के रामदास का पुत्र शिवपाल एवं खुन्नू लाल का पुत्र विकास बैठे थे। दीपू भैंस देखकर बाइक द्वारा वापस घर आ रहा था। जब वह सायं ग्राम कतरौली पट्टी के सामने से गुजर रहा था, उसी समय डीसीएम की टक्कर को ओवरटेक करने पर जीतू बाइक सहित सड़क पर जा गिरा। सिर के ऊपर से डीसीएम का पहिया निकल जाने से जीतू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवपाल गंभीर रुप से घायल हो गया। विकास को मामूली चोट लगी। कोटेदार मलखान बाइक से आगे निकल गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार एवं खुदागंज चौकी इंचार्ज अनिल कुमार अस्पताल पहुंचे। विकास ने मृतक एवं घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। विकास के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी। अनुमान लगाया गया की तीनों युवकों ने रास्ते में शराब पी थी, तुरंत ही सभी को सीएचसी कमालगंज लाया गया। जहां से घायलों को लोहिया रेफर किया गया। थानाध्यक्ष कमालगंज ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरु कर परिजनों से जानकारी ली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# राशन वितरण 8 जनवरी से 28 जनवरी तक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के अंत्योदय परिवारों को दिनांक 08.01.2026 से 28.01.2026 तक प्रति कार्ड धारक 14 किलो गेहूं, 11 किलो चावल एवं 10 किलो बाजरा चावल के स्थान पर कुल (35 किलोग्राम) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। इसी क्रम में पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्डधारकों को 02 किलोग्राम बाजरा, (चावल के स्थान पर) 01 किलोग्राम चावल एवं 02 किलोग्राम गेहूं कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न का प्रति यूनिट निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने दी है।

# नमामि गंगे परियोजना के द्वारा संचालित सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण का हुआ समापन


प्रशिक्षण के बाद सर्टीफिकेट के साथ महिलाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय वन्य जीव संस्थान के द्वारा नमामि गंगे जलज परियोजना के अंतर्गत संचालित सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रामपुर ढपरपुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में गंगा ग्राम की महिलाओं व बेटियों को तीन माह तक सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला गंगा समिति की जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने उपस्थित सभी लोगों को गंगा संरक्षण के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गंगा नदी का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। हम सभी गंगा के किनारे निवास करते हैं। अतः हम सभी की जिम्मेदारी है की गंगा को स्वच्छ अविरल व निर्मल बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। गंगा ग्रामों में स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, वृक्षारोपण, वन्य जीव संरक्षण, जल संरक्षण आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि गंगा एवं उनके आसपास के ग्रामों को स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी अपने स्तर से प्रयास करें। कार्यक्रम को संचालित कर रहे प्रोजेक्ट अस्सिटेंट शुभम कटियार ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहे हैं जिनके द्वारा गांव की महिलाओं एवं बेटियों को आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में भी अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्राम प्रधान नरोत्तम सिंह राजपूत ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

# रूम हीटर से निकलती है कार्बन मोनोऑक्साइड गैसः डॉक्टर प्रशांत श्रीवास्तव

- अस्था और सांस के मरीज कम करें इसका इस्तेमाल
- कब-कैसे और कितनी देर इस्तेमाल करें हीटरः जानें डॉक्टर की सलाह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव

ठंड के मौसम में खुद को गर्म रखने के लिए लोग अक्सर रूम हीटर और ब्लोअर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन खुद को गर्म रखने और सर्दी से बचाने के लिए इसका इस्तेमाल करते हुए आपको कुछ सावधानियां रखनी जरूरी होती है, इसका ज्यादा इस्तेमाल आपको कई तरह के नुकसान पहुंचा सकता है और इसके साइड इफेक्ट भी हैं। रूम हीटर से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस निकलती है जो एक साइलेंट किलर हो सकती है, ये शरीर के लिए बहुत नुकसानदायक साबित होती है। इसका लंबे समय तक इस्तेमाल करना हानिकारक हो सकता है, खासतौर से बंद कमरे में इसको जलाकर रखना बहुत नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए कभी भी रूम हीटर को जलाकर नहीं सोना चाहिए, यह ऑक्सीजन के लेवल को कम करता है।

रुम हीटर को कैसे इस्तेमाल करें, जिसके बारे में जनपद के जाने-माने चिकित्सक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि अगर आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको इसे थोड़ी देर ही चलाना चाहिए, अगर आपके कमरे में वेंटिलेशन सही नही है तो इसका इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें, 3-4 फिट की दूरी पर रखे। बंद कमरे में हीटर जलाने से कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस भर जाती है और ऑक्सीजन की कमी हो सकती है, ऐसे में सोते समय ऑक्सीजन की कमी होने से दम भी घुट सकता है, अस्थमा और सांस के मरीजों को तो हीटर जितना कम हो सके, उतना कम से कम ही चलाना चाहिए, इसके साथ ही इसका ज्यादा इस्तेमाल स्किन को ड्राई कर सकता हैं। वहीं कई लोगों को इससे एलर्जी भी हो सकती है, इससे निकलने वाले गर्म हवा नाक को भी ड्राई कर सकती है।

**डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव** ने बताया कि रिसर्च के अनुसार भारत में पिछले 10-12 सालों में 51 लोगों की मौत हो चुकी है। हीटर बहुत देर तक चलने से वह अपनी ह्यूमिडिटी कर लेते है, जिससे हीटर एयरशोक कर लेता है। जिसकी बजह से आपको बहुत परेशानियां हो जाती है। हीटर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस छोड़ते हैं, सोते समय व्यक्ति को एहसास भी नहीं होता और यह गैस धीरे-धीरे शरीर में जाकर दम घुटने का कारण बन सकती है, यही वजह है कि कई बार लोग सोते-सोते ही अपनी जान गंवा देते हैं, जो लोग पहले से हार्ट डिजीज से जूझ रहे हैं, उनके लिए गैस हीटर का उपयोग ज्यादा खतरनाक हो सकता है और इससे इस्फिक्सिया यानी स्लीप डेथ का खतरा बढ़ सकता है, यह खतरा बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी ज्यादा होता है, इनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है और शरीर ऑक्सीजन की कमी को जल्दी झेल नहीं पाता है, ऐसे में हल्की लापरवाही भी गंभीर हो सकती है। साथ ही पानी भरकर रख लें, जिससे हीटर की हीट बढ़ने से ह्यूमिडिटी बढ़ेगी और लोगों को बेहतर महसूस होगा।

इससे कमरे के अंदर नमी का स्तर ठीक बना रहेगा और सेहत को नुकसान नहीं होगा, यह नेचुरल ह्यूमिडिफायर का काम करेगा।

# प्रकाशित मतदाता सूची का पदाधिकारी अवलोकन करें: रामकिशोर साहू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू जनपद प्रवास के अंतर्गत मसेनी रोड स्थित एक हॉस्पिटल में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रहे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने भी संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारी एवं अभियान संयोजकों की संख्या अपेक्षित थी।

क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू ने कहा चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर अंतिम सूची जारी कर दी गई है, लेकिन इस प्रकाशित हुई सूची का अवलोकन पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों द्वारा होना है, अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके मतदाता सूची का गहनता से अवलोकन करना है। ऐसे मतदाता जो मतदाता बनने से वंचित रह गए हैं उनका फॉर्म नंबर 6 भरकर जमा करने का कार्य करना होगा। 2003 में मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था उसी के आधार पर 2025 में भी यह अभियान चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहा है। उन्होंने संगठन पर जोर देते हुए कहा कार्यकर्ता को संगठन के कार्यों में रुचि लेने की जरूरत है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा संगठन के द्वारा लगातार विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं कार्यकर्ता की सक्रियता ही अभियान की सफलता होती है, जितना कार्यकर्ता अभियान के प्रति समर्पित होगा तभी अभियान सफल होता है कार्यकर्ता का प्रथम लक्ष्य संगठन को मजबूत करना, इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक अभियान से जुड़े। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान संगठन का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। नई प्रकाशित हुई मतदाता सूची को गहनता से सत्यापन करें। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर विमल कटियार, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, सुनील रावत, संजीव गुप्ता, अतुल दीक्षित, जय गंगवार, मीरा सिंह, ममता सक्सेना, वीरेंद्र सिंह कठेरिया, जितेंद्र सिंह, डॉ0 प्रभात अवस्थी, गोपाल राठौर, राजकुमार वर्मा, अभिषेक बाथम, हेमचंद्र राजपूत, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, रामकिशन दीक्षित, चित्रा अग्निहोत्री, सत्यम कटियार, ऋषिपाल सिंह सिसोदिया, सर्वेश कुशवाहा, संतोष राजपूत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# किसान नेताओं ने की पुनः ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बसें चलाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किसान नेताओं ने रोडवेज परिवहन मंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गये ज्ञापन में रोडवेज बसों का फतेहगढ़ कोर्ट से बायां रोडवेज बस स्टैण्ड, कादरीगेट, पांचाल घाट, चाचूपुर, भरखा, सलेमपुर, कढ़हर आदि स्थानों पर जनहित में बसें चलाये जाने की मांग की।

क्षेत्रीय जनता अपने मुख्यालय एवं न्यायालय तथा चिकित्सा संबंधी व व्यापार हेतु शहर आता है, जिससे आवागमन को लेकर असुविधायें होती है। जनहित में सुविधाओं को देखते हुए रोडवेज बसों का संचालन क्षेत्रीय जनता के लिए शुरु किया जाये। इन क्षेत्रों में रोडवेज बसों का संचालन होगा तो कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा और रोडवेज बस की आमदनी बढ़ेगी और क्षेत्रीय जनता लाभांवित होगी। पूर्व में भी रोडवेज बसों का संचालन था, जिसे पुनः चालू किया जाये।

इस मौके पर भाकियू भानू गुट के जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, विकास अग्निहोत्री, लक्ष्मण सिंह सहित किसान नेता मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

## सैनिक के यहां हुई चोरी का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सैनिक के यहां हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पूनम शर्मा पत्नी मुकेश कुमार ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दी गये प्रार्थना पत्र में कहा था कि वह रेलवे क्वार्टर नंबर एल/21 जीआरपी लोको आवास फतेहगढ़ में रह रही है। उसके पति सेना में श्रीनगर में तैनात हैं। उपरोक्त क्वार्टर दीपक कुमार के नाम हैं। उपरोक्त क्वार्टर में दो रुम हैं। एक रुम में दीपक कुमार स्वयं रहते हैं व दूसरे रुम में मैं रहती हूँ। दिनांक 18 मार्च 2025 से हम इस क्वार्टर में रह रहे हैं। अचानक मेरे बच्चे की तबियत खराब होने पर मैं बच्चे को लेकर दिनांक 06.11.2025 को अपने गांव चली गयी। दिनांक 16 दिसंबर 2025 को सुबह मेरे पड़ोसी दीनानाथ ने मुझे फोन कर बताया कि तुम्हारे रुम में चोरी हो गयी है। इतना सब कुछ होने के बाद भी दीपक कुमार ने मुझे फोन नहीं किया। मेरे कहने पर दीनानाथ ने 112 नंबर पर पुलिस को फोन किया। उसी दिन पुलिस मौके पर पहुंची थीं और जांच पड़ताल की थी। मैं दिनांक १७ दिसंबर को मैं भी अपने रुम पर पहुंच गयी थी। चोरी मेरे रुम से लाखों के जेवर व नकदी चोर कर ले गये थे। घटना के संबंध में मैंने एएसपी व एसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

## चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्वी कोमल व प्रतिभा बनी विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा निदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुपालन में राजकीय जिला पुस्तकालय पर गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की स्मृति में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 9 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक टीम में मूल्यांकन कार्य करते हुए 9 प्रतिभागियों में से तीन प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया। प्रथम स्थान पर पूर्वी, द्वितीय स्थान पर कोमल, तृतीय स्थान पर प्रतिभा सक्सेना रही। पुस्तकालय अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सक्सेना व निर्णायक टीम में सुधीर कुमार पाल, संतोष कुमार सरोज, संजीव कुमार, अनुपम लता, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## अनुपम दुबे की षडयंत्र व रंगदारी के मामले में जमानत याचिका खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माफिया डॉ. अनुपम दुबे की षड्यंत्र व रंगदारी के मामले में जमानत याचिका खारिज हो गयी है। ठेकेदार हत्या, इंस्पेक्टर की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अनुपम दुबे की मुश्किल कम होने का नाम नहीं लें रही हैं। बीते तीन वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला गणेश गली गंगानगर निवासी कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने अभिषेक दुबे, अनुपम दुबे, अनुराग दुबे, मनकू मिश्रा उर्फ कृष्ण, राजीव, बृजकिशोर दुबे मिश्रा, चकबंदी लेखपाल दीपक शर्मा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा-386, 342, 420, 467, 468, 471, 506, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। अनुपम दुबे के अधिवक्ता ने अपर जिला जज दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश के समक्ष जमानत याचिका दायर की। दोनों पक्षों के अधिवताओं ने दलील पेश की। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अनुपम दुबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

# डीएम ने निर्वाचक विषय की बैठक कर दिये निर्देश

- 9 जनवरी से जारी किये जायेंगे नोटिस, एक व्यक्ति को तीन बार ही दिया जायेगा मौका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में निर्वाचन विषयक एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अवगत कराया गया कि वोटर को मतदाता सूची में अपना अंकन सत्यापित करना था, उसका जन्म सन 1985 या उसके बाद हुआ है उसको एसआईआर फॉर्म में अपना एपिक नंबर लिखना वह अन्य विवरण भरकर औपचारिकता पूर्ण करना था, सन 1985 से पूर्व जन्म व्यक्तियों को अपने संबंधियों का एपिक नंबर लिखना था सन 1985 के बाद जन्मे व्यक्तियों को आधार या अन्य वानछित 13 प्रपत्र में से कोई पहचान का प्रमाण पत्र या अन्य उचित प्रपत्र प्रस्तुत करना था, जैसे किसान विकास पत्र या बैंक एफडी या राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रपत्र या अन्य राज्य के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एनआरसी आधार केवल पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं एक दिन में मात्र 150 नोटिस ही जारी हो सकेंगे, इससे अधिक नहीं। किसी भी व्यक्ति को तीन बार ही बुलाया जा सकेगा, नोटिस प्राप्त करता का नाम और संबंध का भी उल्लेख पोर्टल पर होगा देने वाले प्रपत्रों का रिकॉर्ड लिखा जाएगा। वह प्रपत्र संरक्षित रहेंगे, अभी सबके पासवर्ड डिफॉल्ट है हर विधानसभा में आरओ व एआरओ होंगे, दंडाधिकारी निर्वाचन आयोग है, अपील हो सकेगी। कार्यक्रम समयबद्ध है बीएलओ सत्यापन हेतु ओरिजिनल प्रपत्र मांग सकते हैं देख कर वापस कर देंगे सत्यापन हेतु आवश्यक प्रपत्रों की अपने विवेक से सत्यता जांच सकते हैं हमें यह देखना है कि भारत के नागरिक का ही एपिक बने अनमैप्ड होने का अर्थ यह नहीं कि अमुक व्यक्ति भारतीय नहीं है, परंतु उसे आवश्यक प्रपत्र से यह सिद्ध करना होगा कल से नोटिस जारी हो सकेंगे। बैठक में अपर जिला अधिकारी व उप जिलाधिकारी सदर व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय डकार रहे ग्राम प्रधान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत के सदस्यों का मानदेय प्रधान डकार रहे हैं। यह सुनकर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सदस्यों में खलबली मच गयी है। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की 64 ग्राम पंचायत में लगातार ग्राम पंचायत के सदस्यों का शासनादेश के अनुसार 100 प्रति माह मानदेय दिया जाता है। जिसमें एक दो ग्राम पंचायत को छोड़कर समस्त ग्राम पंचायत के सदस्यों को आज तक कोई भी मानदेय नहीं दिया गया। जिसके चलते जब ग्राम पंचायत के सदस्यों को इस बाबत जानकारी हुई की 100 प्रतिमाह के हिसाब से प्रत्येक सदस्य को मानदेय दिया जाता है। तब इस बाबत क्षेत्र में खलबली मच गई और सभी ग्राम पंचायत के सदस्य सक्रिय हो गए। अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के प्रधानों से हिसाब किताब मांगने को तैयार हो गए। अब यह देखा जाएगा की ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव मानदेय दे पा रहे हैं या नहीं। यदि मानदेय नहीं दिया जाता है तो शासनादेश का उल्लंघन माना जाएगा। जब इस बाबत कई सचिवों से जानकारी की गई तो एक दो सचिव ने अपनी जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने पंचायत में मानदेय भेज दिया है जो ग्राम सदस्यों को दिया जाएगा। वहीं कई सचिव तथा ग्राम प्रधान यह जानकारी देने से कतराते नजर आए।

# नगर पालिका लिखा लोडर हो रहा निजी कार्यों में प्रयोग

- स्थानीय लोगों ने कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका में संचालित वाहन द्वारा निजी व्यक्ति का सामान ढोने पर स्थानीय लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए विभाग से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

गुरुवार को नगर पालिका परिषद लिखी हुई लोडर गाड़ी निजी कार्य के लिए प्रयोग होने पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जतायी। इस तरह से सरकारी गाड़ी का प्रयोग निजी कार्य के लिए होगा तो आम जनता भी अपने कार्यों के लिए मांग करेगी। पूर्व सभासद सुधांशु दत्त द्विवेदी ने बताया कि नगर पालिका की गाड़ी कुत्ता पकड़ने के लिए लगी है, उस पर नगर पालिका परिषद लिखा है। जो घर के निजी कार्य के लिए उपयोग की जा रही है, उसमें पत्थर लादकर सेनापति में एक व्यक्ति के यहां भेजा गया है। उतारते समय मैंने खुद मौके पर जाकर पकड़ा और पूछताछ की तो उसने नगर पालिका में संचालित गाड़ी बतायी और उसने कुत्ता पकड़ने की भी बात कही है। इस तरह से सरकारी गाड़ी का प्रयोग कर धन का दुरुपयोग के साथ साथ सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। इसकी जांच करायी जाये और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो।



नगर पालिका के लोडर में लदा पत्थर

# समाजसेवी ने क्षेत्र का भ्रमण कर जलवायें अलाव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी व कांग्रेसी नेता ने क्षेत्र में सम्पर्क कर कुछ स्थानों को चिन्हित कर ठंड से कुछ राहत लोगों को मिल सकें, इसके लिए अलाव जलवाये। वार्ड न0 4 से जिला पंचायत सदस्य के संभावित प्रत्याशी राजेव खान उर्फ बन्टी ने अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने दलित बस्ती के अलावा पटेल, राजभर, मुस्लिम और ब्राहामण आदि समाज के लोगों से सम्पर्क कर होने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी ली। बुजुर्ग व बेघर लोगों की भी समस्या सुनी। और उन्हें छत मुहैया कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि हम आप सबके सेवक है, हम पर जो बन सकेगा वह मदद करेंगे। भीषण सर्दी में कई जगह को चिन्हित कर अपने निजी प्रयास से कई जगह अलाव के लिए लकड़ी डलवाकर जलवाया। जिससे ठंड से कुछ लोगों को राहत मिल सके। कहा कि जरुरत पड़ने पर और भी जगह अलाव जलवायेंगे।



जानकारी देते राजेव खान उर्फ बन्टी

# फायरब्रिगेड विभाग द्वारा मेला रामनगरिया में किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं प्रभारी फायर स्टेशन फतेहगढ़ के आदेशानुसार मेला श्रीरामनगरिया विकास प्रदर्शनी में फायर सर्विस की टीम द्वारा मनोरंजन क्षेत्र में अग्निसुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक कर पम्पलेट्स वितरित किये गये। मेला श्रीराम नगरिया में अग्निशमन विभाग द्वारा फायर स्टेशन बनाया गया, जो मेला क्षेत्र में लोगों को जागरुक कर अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरुक किया जा रहा है और पम्पलेट वितरित किये गये। मेला में स्थापित झूलों पर स्टैंडर्ड क्वालिटी के इलेक्ट्रिक तारों के प्रयोग एवं कटे होने पर टेपिंग करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही अग्निशामक यंत्र के प्रयोग करने की विधि को बताया गया तथा आग लगने पर क्या करें, क्या ना करें के बारे में जानकारी दी गई। वहीं मेला क्षेत्र में प्रभारी कपिल चाहर का मोबाइल नम्बर 7906796440, फायरमैन अजय कुमार व चालक की तैनाती हुई है। सीड़ी नम्बर दो पर प्रभारी महेश चन्द्र का मोबाइल नम्बर 9450008926, फायरमैन अनिल सिंह, आशीष उपाध्याय, नीलेश कुमार तैनात है। सीड़ी नम्बर 4 पर प्रभारी चन्द्रपाल सिंह का मोबाइल नम्बर 7820043041 है, फायरमैन पुष्पेन्द्र कुमार, श्यामवीर सिंह, महेश चन्द्र पाल की तैनाती की गई है। सीड़ी नम्बर 6 जूना अखाड़ा के पास प्रभारी कामता प्रसाद का मोबाइल नम्बर 9457913832 है, फायरमैन योगेन्द्र यादव, अनिल बिंद, शैलेश सिंह की तैनाती की गई है।



दुकानदार को जागरुक करते कर्मी

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

- ईश्वरदास महाराज ने पहुंचकर भक्तों को धर्म कल्याण की दी जानकारी



प्रवचन करते ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज



कथा का श्रवण करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में अमर ज्योति सेवा संस्थान के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द वाटिका में आयोजित भागवत कथा में कथाव्यास पं0 अतुल अग्निहोत्री ने श्रीकृष्ण महोत्सव, श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव, की कथा सुनाई।

श्रीकृष्ण जन्म की रसभरी कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए तथा ऐसा आनंद आज की विवेकानंद वाटिका में वृंदावन जैसा दृश्य उपस्थित हो गया। कथा व्यास ने कहा कि जब अद्यम बढ़ता है तब भगवान भक्तों के हित व कल्याण के लिए धराधाम पर अवतरित होकर अधर्म का समूल नाश करते हैं तथा धर्म की स्थापना कर भक्तों व अपनी संतानों का कल्याण करते है। गीता में श्री भगवान ने अर्जुन को यह उपदेश दिया है और भगवान की बात कभी मिथ्या नहीं हो सकती है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के समय की कथा सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। कथा के दौरान ही दुर्वाषा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज ने पधारकर सभी भक्तों को आर्शीवाद दिया। भक्तों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होने स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आर्शीवाद लिया। इस मौके पर महेन्द्र पाठक, बाबा जगदीशानंद, राकेश तिवारी, नारदानंद तिवारी, मनीष सिंह, विधुशेखर मिश्रा, अनिलेश मिश्रा, अनित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# बैठक में आशाओं को किया गया जागरुक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में आशाओं की क्लस्टर बैठक सम्पन्न हुई।

जिसमें वायु प्रदूषण के बारे में आशाओं को बीसीपीएम विनय मिश्रा ने प्रशिक्षित किया तथा समीर और सफर ऐप मोबाइल में इंस्टाल कराए गए।

जिससे वायु की गुणवत्ता का आंकलन आशाओं द्वारा किया जाएगा। साथ ही आयुष्मान कार्ड की भी समीक्षा की गई और पिछले 15 दिनों में आशाओं द्वारा कोई कार्ड न बनाए जाने पर चेतावनी दी गई।

साथ एचईओ अखिलेश कुमार ने मुख के कैंसर की पहचान एवं रोकथाम हेतु आशाओं को जागरूक किया गया। जिससे आशा समुदाय पर जागरूक करेंगी। साथ ही एचएस रामनरेश ने टीकाकरण के बारे में आशाओं को प्रशिक्षित किया।



बैठक में मौजूद आशा

# भीषण सर्दी व गलन के चलते अलाव बने सहारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शीतलहर व हाड़ कपाऊ ठंड के चलते पूरे दिन कोहरा छाया रहा, लोग गलन के कारण घरों से नहीं निकले। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी शीतलहर जारी रही। तापमान 8 डिग्री से कम रहा। अधिकांश प्रतिष्ठानों पर सन्नाटा रहा। लोग बाजार तक नहीं गये। सर्दी का सितम ऐसा दिखा कि दुकानों के अलावा घरों में ही लोग अपने को कैद रहे। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे पन्नी डाल ली। वहीं आम लोगों ने अलाव जलाकर कुछ राहत पहुंचायी। घने कोहरे के कारण मुख्य मार्ग पर वाहन कम दिखे। अनुमान है कि 14 जनवरी तक ऐसी ही सर्दी रहेगी। सर्दी को देखते हुए कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। जगह-जगह नगर पालिका के अलाव जल रहे है तो वहीं कुछ लोग अपने निजी स्तर से अलाव जलाकर ताप रहे है। जानवर भी इस गलन से परेशान है। ऐसे में गर्म कपड़े व अलाव ही मात्र सहारा बनकर रह गया है।



अलाव तापते लोग

# हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 10 जनवरी से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपयुक्त पृष्ठभूमि में जनपद के ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता अनुसार मंच प्रदान कर उन्हें उत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से ही संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव की शुरुआत की गई है। संस्कृति उत्सव 2025-26 मनाए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने सूचित किया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 10 जनवरी से 15 जनवरी तक जनपद के गांव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता कराते हुए जनपद स्तर पर चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुख्यालय पर किया जाएगा।

जनपद के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में प्रचलित निम्नलिखित सांस्कृतिक विधाओं में दक्ष कलाकारों को खोज कर प्रस्तुतीकरण कराया जाएगा। प्रतियोगिता की विधाएं होगी गायन, वादन व नृत्य तथा काव्य पाठ व काव्य गोष्ठी। एकल गायन हेतु समय सीमा होगी 5 से 6 मिनट तक। समूह गान की समय सीमा होगी 5 से 8 मिनट तक। एकल नृत्य की समय सीमा होगी 5 से 6 मिनट तक। समूह नृत्य की समय सीमा होगी 5 से 8 मिनट तक। एकल वादन हेतु समय दिया जाएगा 5 से 6 मिनट तक का। समूह वादन 6 से 10 मिनट तक का होगा। प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग सम्मिलित होंगे 14 से 20 वर्ष तक के किशोर तथा 21 से 25 वर्ष तक के युवा। आवेदन का प्रारूप संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कोई भी शुल्क देय नहीं है।

## सूचना

नगर पालिका से जारी जन्म प्रमाण पत्र 2024 में बनवाया गया था, जिसमें आतिका खान की माता का नाम आलिया खान, पिता का नाम हाफिज खुशनूद दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि बच्चों की माता का सही नाम सूफिया, पिता का सही नाम खुशनूद खान है, जो सही है। इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**खुशनूद खान पुत्र मकबूल खां निवासी काशीराम कालोनी, हैवतपुर गढ़िया, फर्रुखाबाद।**

## INFORMATION

I hitherto known as RAHUL SINGH S/O- PRATAP SINGH, R/O-Nekpur Kalan, PO:Fatehgarh, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh 209601, have changed my name and shall hereafter be GURJEET KATIYAR.

**GURJEET KATIYARS/O- PRATAP SINGH, R/O- Nekpur Kalan, PO: Fatehgarh, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh 209601**

## कार्यालय-नगर पालिका परिषद्-कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक:-1229A/न0पा0परि0का0/2025-26 — दिनाक 05/01/2026

### प्रस्ताव आमंत्रण-पत्र

राज्य मिशन निदेशक (स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय) लखनऊ के पत्र सख्या पी0एम0यू0/681/572/SBM/2.0/2023 दिनाक 14 अक्टूबर 2025 के क्रम में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत निकाय में लिगेसी वेस्ट की स्वीकृत मात्रा हेतु डी0पी0आर0/आगणन तैयार किये जाने एवं चयनित स्थल के निरीक्षण किये जाने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। जो सूचना प्रकाशन तिथि के 7 दिवस के अन्दर स्वंय/पंजीकृत डाक/निकाय की ई-मेल आई0डी0 eokaimganj123/@gmail.com पर अथवा किसी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज में उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जा सकता है। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्म में से चयन किया जायेगा। प्रस्तुत उसी दिन या बाद में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी प्रतिबन्धित दर स्वीकार नहीं की जायेगी। निर्धारित समय तिथि के उपरान्त प्रस्तुत किसी भी प्रस्ताव पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् कायमगंज**
**जनपद-फर्रुखाबाद**

**(डॉ0 शरद गंगवार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् कायमगंज**
**जनपद-फर्रुखाबाद**

# नौकरी के लिए प्रमाण पत्रों में उलझा मृतक पुलिसकर्मी की पत्नी का जीवन

▸ सभी तथ्यों को जमा करने के बावजूद भी लेखपाल ने तीन बार रिजेक्ट कर दिये प्रमाण पत्र



लेखपाल बन रहा रोड़ा

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार की अनुकंपा नियुक्ति और पारिवारिक पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं कागजों में भले ही आसान दिखाई देती हों, लेकिन जमीनी स्तर पर पीड़ितों को उनका लाभ पाने के लिए भारी संघर्ष करना पड़ रहा है। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम छाउच का मामला इसका उदाहरण है, जहां एक विधवा महिला को अपने पति की मौत के बाद भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

ग्राम छाउच के मोहल्ला धीरज नगर कॉलोनी निवासी लक्ष्मी देवी के पति स्वर्गीय अनिल कुमार शर्मा पुलिस विभाग में एसपी कार्यालय, सीतापुर में कार्यरत थे। 13 अगस्त 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। परिवार के मुखिया के अचानक चले जाने से आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा गई। शासन के नियमों के अनुसार पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति, पारिवारिक पेंशन व अन्य विभागीय लाभ मिलना चाहिए, लेकिन जरूरी प्रमाण पत्र न बनने से सारी प्रक्रिया अटक गई है।

पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए अब तक तीन बार आवेदन किया, लेकिन हर बार संबंधित लेखपाल अजीत कुमार द्वारा आवेदन को बिना स्पष्ट कारण बताए खारिज कर दिया गया। जब कारण पूछने का प्रयास किया गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनके नाम से 25 अगस्त 2021 को एक बार निवास प्रमाण पत्र पहले ही जारी किया जा चुका है। उस समय तकनीकी कारणों से आधार संशोधन नहीं हो पाया था।

वर्तमान में आधार संशोधन और अन्य शासकीय कार्यों के लिए नया निवास और आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है, इसके बावजूद बार-बार आवेदन खारिज होना सवाल खड़े करता है। पीड़िता का कहना है कि उनके पास पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक अभिलेख पूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इसके बाद भी यदि प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं तो यह सीधे तौर पर लापरवाही और मनमानी को दर्शाता है।

### मुख्यमंत्री पोर्टल पर पहुंचा मामला

लगातार हो रही अनदेखी से परेशान होकर लक्ष्मी देवी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे मामले की जांच और शीघ्र कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रमाण पत्र जारी नहीं हुए तो अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। मामले को लेकर जब लेखपाल संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और तथ्यों की जांच की जा रही है। यदि तथ्य सही है तो दस्तावेज अवश्य बनाए जाएंगे। एसडीएम सदर अश्विनी कुमार ने कहा कि प्रार्थना पत्र को सभी दस्तावेजों के साथ कार्यालय भेज दिया जाए, आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### सरकारी दावों पर सवाल

यह मामला शासन के उन दावों पर सवाल खड़े करता है, जिनमें कहा जाता है कि विधवाओं और आश्रितों को समयबद्ध तरीके से सरकारी लाभ दिए जाएंगे। पति की मौत के बाद नौकरी की आस लगाए बैठी महिला आज भी प्रमाण पत्रों के लिए भटकने को मजबूर है। जब एक पुलिसकर्मी के परिवार को ही समय पर न्याय और सरकारी लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो आम नागरिकों की स्थिति क्या होगी।

## जरुरतमंदों को ठंड से राहत देने के लिए वितरित किए कम्बल



**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीषण सर्दी और शीतलहर के बीच ग्राम पंचायत देवरिया में बी- पैक्स अमीरनगर के उपाध्यक्ष व समाज सेवी जसविंदर सिंह काके ने 30 ग्रामीणों के घर घर जाकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस पहल से ठंड से जूझ रहे गरीब और असहाय लोगों को राहत मिली।

कंबल वितरण कार्यक्रम में बुजुर्ग महिलाएं, वृद्धजन, छोटे बच्चे और अन्य जरूरतमंद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।जसविंदर सिंह क्षेत्र में लगातार जनसेवा के कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोग हमारे परिवार का हिस्सा हैं। इस भीषण सर्दी में उनकी मदद करना हमारा सामाजिक और नैतिक दायित्व है।उन्होंने बताया कि ठंड का प्रकोप बने रहने तक ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।क्षेत्रवासियों ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाते हैं।

## खबरें एक नजर में

### वर्तमान प्रधान शाहिद खान का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**अमीरनगर (खीरी), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत परसपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान शाहिद खान का बुधवार को बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनके असमय निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। समर्थकों और ग्रामीणों में गहरी मायूसी छा गई है। बताया जा रहा है कि 58 वर्षीय शाहिद खान पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ले गए थे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जैसे ही उनके निधन की सूचना गांव पहुंची, हर कोई स्तब्ध रह गया। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया और जिसने भी यह खबर सुनी, वह उनके घर की ओर दौड़ पड़ा। शाहिद खान ग्राम पंचायत परसपुर के एक सक्रिय, कर्मठ और लोकप्रिय प्रधान के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने दो पंचवर्षीय कार्यकाल तक ग्राम प्रधान के रूप में अपनी सेवाएं दीं। गांव के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और जनकल्याणकारी कार्यों में उनकी भूमिका को ग्रामीण आज भी याद कर रहे हैं। उनके निधन को पंचायत और गांव के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। गुरुवार को उनके पैतृक गांव मथना में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में परिवारजन, रिश्तेदार, मित्रों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और उनके कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वेतन, ईपीएफ व दलालों के हस्तक्षेप पर भड़के ग्राम रोजगार सेवक

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड मितौली मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रभारी खंड विकास अधिकारी मितौली मनीषा धारवे को ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं के निस्तारण की मांग करते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रत्येक माह की 30 तारीख तक नियमित वेतन उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। साथ ही, अब तक के बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की बात कही गई। रोजगार सेवकों ने यह भी मांग उठाई कि उनके ईपीएफ खातों की बकाया धनराशि शीघ्र उनके यूएएन खातों में जमा कराई जाए, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, मृतक आश्रित ग्राम रोजगार सेवकों के परिजनों को नियमानुसार नियुक्ति दिए जाने की मांग को भी ज्ञापन में प्रमुखता से शामिल किया गया। मनरेगा योजना के क्रियान्वयन को लेकर भी रोजगार सेवकों ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में बाहरी व्यक्तियों व दलालों का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है, जिसे तत्काल रोका जाना आवश्यक है। साथ ही यह मांग भी रखी गई कि मनरेगा कार्यों में 60:40 के निर्धारित अनुपात में बाहरी व्यक्तियों को कार्य न दिया जाए और योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र श्रमिकों तक ही सीमित रखा जाए। प्रभारी खंड विकास अधिकारी मनीषा धारवे ने ज्ञापन प्राप्त करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### टोल कर्मियों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के आठवें दिवस श्री के0डी0 सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) झाँसी के नेतृत्व में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के मवई टोल प्लाजा पर छुट्टा घूम रहे पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर अध्यक्ष, जिला पंचायत बाँदा के तरफ से उपलब्ध करायी गयी कैटल कैचर वाहन सम्बद्ध की गयी तथा कैटल कैटर वाहन की चाभी टोल प्लाजा प्रबंधक को प्रदान की गयी साथ ही कोहरे के दृष्टिगत हो रही दुर्घटनाओं से बचाव के सम्बन्ध में समस्त टोल कर्मियों को अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। उक्त के अतिरिक्त आज शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 60 बिना हेलमेट, 15 बिना सीटबेल्ट, 18 रांग साइड ड्राइविंग, 10 वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने एवं अन्य अभियोगों में 25 चालान किये गये। कार्यक्रम में सौरभ कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उदयवीर सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्याम लाल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी, सुनील चौधरी, प्रबंधक मवई टोल प्लाजा, ट्रक यूनियन के पदाधिकारी जयराम सिंह, जय सिंह, मीडिया कर्मी, टोल कर्मी एवं प्रवर्तन स्टॉफ के लोग उपस्थित रहे।

### एएचएफ के सैन्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** अखण्ड हिन्द फौज प्रारंभिक सैन्य प्रशिक्षण शिविर (बालक वर्ग) के समापन समारोह का आयोजन किया गया जो विगत 6 दिनों से विवेकानंदमहाविद्यालय, गुरेह (बाँदा) में संचालित था। समापन सत्र में छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, युद्ध रीति – नीति, पैरामिड प्रदर्शन, बाधा प्रदर्शन तथा अग्निवीर प्रदर्शन किया गया। जिसमे कानपुर प्रान्त तथा मध्य प्रदेश के लगभग 20 जिलों से 200 छात्रों तथा 28 सीनियर कमांडर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। तथा विभिन्न छात्राओं की पदोन्नति की गयी एवं उनको उनके क्षेत्रो के विभिन्न दायित्व प्रदान किये गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेविस टाक क्षेत्राधिकारी बांदा ने बच्चों के प्रदर्शन को सराहा तथा उन्होंने कहा कि बच्चों ने सात दिन में इतनी कम उम्र में इतना कुछ सीखकर समाज को एक नया नजरिया दिया है तथा यह प्रदर्शित किया है कि कोई भी कार्य असंभव नहीं होता यदि दृढ़निश्चय हो। इस दौरान अखण्ड हिन्द फौज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. ओमप्रकाश अवस्थी, श्रीमती विनोद जैन दीदी, अमित सेठ भोलू प्रदेश अध्यक्ष बालक तथा बालिका वर्ग, नरेंद्र, यश जी (प्रान्त कमांडर), रोहित कंपनी कमांडर, योगेंद्र, शैलेन्द्र, ध्रुव, ओम एवं अन्य सीनियर कमांडर्स तथा 200 कैडेट्स उपस्थित रहे।

### सर्दी में भी अलाव की याद नहीं आई अधिकारियों को

**बड़ोखर बुजुर्ग/बांदा, समृद्धि न्यूज।** सर्दी का रिकॉर्ड टूट रहा है और तहसील प्रशासन इस पर अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है जिसको लेकर ग्रामीण और रैगीरों ने कचरा जलाकर सर्दी को दूर भाग रहे हैं लेकिन जिम्मेदार लोगों को किसी भी तरह से ग्रामीणों की जान का कोई परवाह नहीं है। मामला नरैनी तहसील के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांव का है जहां पर अलाव के नाम पर भुगतान तो किया जा रहा है लेकिन अलाव नहीं जलवाया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीण खुद के पैसे में लकड़ी खरीद कर अलाव जला रहे हैं और सर्दी से बच रहे हैं ग्रामीणों में अलाव न जलाने को लेकर रोज व्याप्त और कहना है की तहसील प्रशासन अलाव के नाम पर पैसा तो निकल रहा है लेकिन जनता का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने कहा अगर 2 दिन के अंदर अलाउड नहीं चल पाए गए तो राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम किया जाएगा। वही नारायण तहसील के बड़ोखर बुजुर्ग मणिपुर पैगंबरपुर माधवपुर गोविंदपुर मलहरा निवादा तेरा पतोरा आदि ऐसे गांव है जहां पर अलाव नहीं जलवाए जा रहे हैं।

## पर्यावरण मित्र समूह ने अरुण व कालिंदी मौर्य को किया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पर्यावरण मित्र समूह द्वारा संचालित हरियाली मित्र सम्मान अभियान के अंतर्गत पंजाबी कॉलोनी निवासी अरुण कुमार मौर्य एवं कालिंदी मौर्य को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभियान के तहत उन पर्यावरण प्रेमी परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है, जो अपने घरों की छत, आंगन, किचन गार्डन अथवा लॉन को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में अरुण कुमार मौर्य एवं उनके परिवार द्वारा किए गए हरित प्रयासों को सराहते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। बताया गया कि अरुण मौर्य एवं उनके परिजनों ने अपने आवास को छोटे किंतु आकर्षक लॉन से सजाया है, वहीं छत पर सब्जियों एवं फूलों के पौधे लगाकर हरियाली को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही किचन गार्डन को भी उन्होंने सुंदर एवं उपयोगी स्वरूप प्रदान किया है, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है। सम्मान समारोह के दौरान पर्यावरण मित्र समूह के संयोजक विशाल सेठ ने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि समाज को प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा भी देते हैं। मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबंधन प्रमुख मयूरी नागर, कोर कमेटी सदस्य रश्मि महेंद्रा, कुमकुम गुप्ता, संजय गुप्ता सहित अक्षत मौर्य की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने अरुण एवं कालिंदी मौर्य के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में अग्रणी रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## ग्राम प्रधान शफीक अहमद ने बांटे कंबल

▸ सुथना बरसोला में 200 जरूरतमंद परिवारों को मिली कड़ाके की ठंड से राहत

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए निघासन विकासखंड की ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान शफीक अहमद उर्फ भल्लू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत करीब 200 गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें सर्दी से काफी हद तक राहत मिली।

दोपहर लगभग 11 बजे शुरू हुए इस कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बीते कई दिनों से क्षेत्र में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे शीतलहर का असर बढ़ गया है। ठंड के कारण सबसे अधिक परेशानी गरीब, वृद्ध, महिलाएं और छोटे बच्चों वाले परिवारों को हो रही है। ऐसे में ग्राम पंचायत की ओर से किया गया यह प्रयास जरूरतमंदों के लिए सहारा बनकर सामने आया।

कंबल पाकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया। ग्रामीणों ने बताया कि कड़ाके की ठंड में यह सहायता उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और रात के समय ठंड से बचाव में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान शफीक अहमद उर्फ भल्लू ने कहा कि ग्राम पंचायत का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरत के समय गरीब और असहाय लोगों की मदद करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद परिवार ठंड के कारण परेशान न हो, इसके लिए पंचायत स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कंबल प्राप्त करने वाले लोगों ने ग्राम प्रधान और पंचायत के प्रति आभार जताया।

ग्राम पंचायत सुथना बरसोला में आयोजित यह कंबल वितरण कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीणों ने इसे एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यदि जनप्रतिनिधि इसी तरह संवेदनशीलता के साथ आगे आएं, तो गरीब और जरूरतमंद लोगों की कई समस्याओं का समाधान संभव है।

## कड़ाके की ठंड व पाले से फसलों को नुकसान किसानों की बढ़ी चिंता



**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड और पाले के प्रकोप से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लगातार गिरते तापमान के कारण आलू और लाही (सरसों) की फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। रात के समय पड़ रहे पाले से आलू की पत्तियां झुलसने लगी हैं, जबकि लाही की फसल सूखने लगी है। फसलों की बिगड़ती हालत देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी हैं। कोहरा और पाले के चलते हो रहे नुकसान को देखते हुए किसान फसलों की सुरक्षा के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। किसान रोहित वर्मा, प्यारेलाल, लालता प्रसाद, प्रेम प्रकाश, प्रेम गुप्ता, असीम बंगाली, महेंद्र प्रजापति ,दीपू, राजकुमार और सेवक राम सहित अन्य किसानों ने बताया कि इस समय आलू और सरसों की फसलें अपने विकास के महत्वपूर्ण चरण में हैं। ऐसे में अचानक बढ़ी ठंड और पाले ने फसलों की बढ़वार रोक दी है। किसानों के अनुसार कई स्थानों पर खेतों में पाले की सफेदी जम जाने से पौधों की ऊपरी परत जल गई है, जिसका सीधा असर पैदावार पर पड़ेगा। फसलों को बचाने के लिए किसान देर रात तक खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। इसके साथ ही खेतों में धुआं कर पाले से बचाव का प्रयास भी किया जा रहा है, लेकिन लगातार ठंड पड़ने से अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही हाल रहा तो फसलों की पैदावार पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। किसानों ने बताया जिला प्रशासन से मौसम की स्थिति को देखते हुए फसलों का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग करेंगे।

# नए साल पर जिले के 32 बेरोजगार युवाओं के चेहरे पर आई मुस्कान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

▸ सेवायोजन कार्यालय में वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन, कई कंपनियों ने लिया हिस्सा




उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले इसको लेकर उत्तर प्रदेश की सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार लगातार प्रयासरत है और मिशन रोजगार के तहत युवाओं को लगातार नौकरी देने का काम कर रही है। जिसके क्रम में बांदा के क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश व प्रदेश के बाहर की कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया और यहां पर 50 बेरोजगार अभ्यर्थी साक्षात्कार देने आए जिसमें 32 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इस मौके पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, सहायक निदेशक सेवायोजन व जिला सेवायोजन अधिकारी उपस्थित रहे। छतरी सेवायोजन कार्यालय में आयोजित एकदिवसीय रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश के बाहर की चार कंपनियां जिसमें आमधन प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, रिलायंस निप्पोंन लाइफ इंश्योरेंस एवं वर्धमान यनर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हुईं। वही अलग-अलग पदों के हिसाब से बेरोजगार युवाओं को सूचीबद्ध किया गया और साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 50 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और 32 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। वही चयनित अभ्यर्थियों को यहां पर मौजूद विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों और सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि सभी लोग अपने दायित्वों का अब सही से निर्वहन करें। रोजगार मेले के संबंध में जानकारी देते हुए सहायक निदेशक सेवायोजन वकील अहमद अंसारी नहीं बताया कि हम लोग समय-समय पर सेवायोजन कार्यालय व क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में स्कूलों और कॉलेजों में इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन करवाते हैं। और यह प्रयास रहता है कि जिन अभ्यर्थियों ने हमारी तवरहंतेंदहंउ.हवअ.पद वेबसाइड पर पंजीकरण करा रखा है। उनको बुलाकर उनका साक्षात्कार करवाकर उन्हें नौकरी दिलाई जाए। इन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भीषण ठंड देखने को मिल रही है। जिसके चलते आज साक्षात्कार देने आए अबबयर्थियों की संख्या कम रही है। फिर भी 50 अभ्यर्थी यहां पर आए जिसमें 32 लोगों को नौकरी मिली है।

## वार्ड पांच में घटिया सड़क निर्माण का आरोप

**अतर्रा (बांदा), समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद अतर्रा के अंतर्गत राजनगर वार्ड क्रमांक 05 में कराए गए सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय नागरिकों ने ठेकेदार पर मानकों की अनदेखी कर निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण में पुरानी सड़क को पूरी तरह तोड़े बिना ही नया निर्माण करा दिया गया है। वहीं सड़क की मोटाई भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं बताई जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों को अतर्रा नगर से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, ऐसे में घटिया निर्माण भविष्य में आमजन के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

इस संबंध में वार्डवासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद अतर्रा को लिखित शिकायती पत्र सौंपा गया है। साथ ही मामले को गंभीर मानते हुए मंडलायुक्त बाँदा चित्रकूट धाम मंडल एवं जिलाधिकारी बाँदा को भी शिकायत पत्र डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया है। नागरिकों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्थलीय जांच कर गुणवत्ता परीक्षण कराया जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए सड़क का निर्माण दोबारा मानक के अनुसार कराया जाए।

## पुलिस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने किया चोरी का पर्दाफाश

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

▸ अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह के चार अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

▸ अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के नकद रुपए, इनामी कूपन आदि सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद



गुरूवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत जनरल स्टोर/पान मसाला की दूकान का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह के 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के नजर बाग में रजनीश कुमार गुप्ता के जनरल स्टोर/पान मसाला की दूकान में 3/04 जनवरी 26 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा दूकान की शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु कई टीमों का गठन किया गया था । इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों, वैज्ञानिक व तकनिकी साक्ष्यों का प्रयोग कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए आज दिनांक 08.01.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के परागी तालाब स्थित एक अर्धनिर्मित मकान से घेराबन्दी करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के तलाशी/कब्जे से चोरी के 3550 रुपए, 01 लाख 96 हजार 100 रुपए के इनामी कूपन, अवैध तमंचा आदि सहित घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवम पुत्र राजू निवासी कुल्हैड़ा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर, संजय उर्फ संजू पुत्र मूरध्वज निवासी इटैलिया थाना जरिया जनपद हमीरपुर, मनीष पुत्र जगमोहन निवासी इटौरा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर व अमन उर्फ अभिषेक पुत्र अन्नू निवासी गांधीनगर म0न0-125 थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन शामिल हैं।

## हार्ट अटैक से भाजपा नेता की मौत से शोक की लहर



**बबेरू/ बादा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के श्रंगार थोक निवासी भाजपा के पूर्व मंडल महामन्त्री चन्द्रमोहन श्रीवास्तव पुत्र चन्द्रभान श्रीवास्तव उम्र 55 वर्ष को सुबह लभगभ 4 बजे हार्ड अटैक पड़ने पर मौत हो होगी मौत की खबर सुनकर परिवार मे कोहराम मच गया। कस्बे मे शोक की लहर दौड गयी हिन्दू रीति रिवाज के साथ उनका दाह संस्कार कर दिया गया ने बडे भाई कमलेश कुमार मुखाजंलि दी मौत की सूचना पर व्यापारी राजनीतिक दलो के लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## भक्त प्रह्लाद चरित्र व नरसिंह अवतार प्रसंग सुन भक्त हुए भावविभोर

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



स्वराज कालोनी गली नंबर 9 में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा वाचक भरत भाई बाजपेई जी ने कहा कि सहिष्णुता सहनशीलता भक्त की प्रथम निशानी कथा में तृतीय दिवस पर अदभूत है। कथा के माध्यम से जडभरत चरित्र का ,अठाईस प्रकार के नरकों का वर्णन हुआ। श्री व्यास जी के भागवत कथा वाचन से श्रद्धालु भी अभिभूत होते रहे. शास्त्री जी ने कथा के माध्यम से प्रसंगों के बीच-बीच में श्री राम भक्ति के सिद्धांतों का वर्णन भी किया। भक्त प्रहलाद एवं श्री नरसिंह प्रभु का प्रादुर्भाव हुआ कथा के माध्यम से भक्तों ने जाना कि गर विश्वास पक्का हो भक्त का तो प्रभु खम्भे में से भी प्रकट होते है। मनुष्य को दिखावा न करते हुए भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजा उत्तानुपाद के दो पत्नियों में एक का नाम सुनीति और दूसरी का नाम सुरुचि था। सुरुचि के कहने पर उत्तानुपाद ने सुनीति को जंगल भेज दिया था। एक दिन सुनीति का पुत्र खेलते-खेलते राज दरबार जा पहुंचा और उत्तानुपाद की गोदी में बैठ गया। सुरुचि ने उसे फटकारते हुए गोद से उतार कर भगा दिया। इससे दुखी बालक ध्रुव जगंल में तपस्या करने लगा। भीषण बारिश और आंधी, तूफान भी उसे डिगा नहीं सके। नारद मुनि के समझाने पर भी ध्रुव ने तपस्या नहीं छोड़ी। कठिन तपस्या देख भगवान ध्रुव के सामने प्रकट हुए और उन्हें ब्रह्मांड में अटल पदवी दी। आज भी ध्रुव तारा अपने स्थान पर अटल रहते हुए चमक बिखेरता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कथावाचक प्रिय व्रत ने कहा कि भागवत कथा सही मार्ग दिखाता है, भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो। भगवान ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया था। यदि भक्ति सच्ची हो तो ईश्वरीय शक्ति अवश्य सहायता करती है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। कथा परीक्षित डॉ विकृम सिंह व डॉ शिल्पी सिंह। इस मौके पर दीलीप सिंह आलोक सिंह रावेंद्र शुक्ला आकाश पवन सिंह शुभी शर्मा कमल अशोक मनीष तिवारी रणधीर सिंह स्वयंबर सिंह विजय गुप्ता अजय आदि मौजूद रहे।

## ज्वाला कप क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी पूर्ण, आज से टूर्नामेंट की होगी शुरुआत

**बबेरू/ बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कस्बे के जेपी शर्मा इंटर कॉलेज में ज्वाला कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब बबेरू के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें गुरुवार की देर शाम तक टूर्नामेंट की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। शुक्रवार को सुबह 10रू00 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेला जाएगा। जिसमें पूरा ग्राउंड बनकर तैयार हो गया है। मंच सज गया है। वही आयोजक महेंद्र गुप्त,पंकज द्विवेदी, शिवशंकर के द्वारा बताया गया की ज्वाला प्रसाद शर्मा मेमोरियल 16 व अंतर राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष किया जा रहा है। जिसमें प्रयागराज, हरियाणा, दिल्ली कानपुर, मध्य प्रदेश, संतकबीर नगर सहित कुल 8 टीम प्रतिभाग करेंगे, जिसका फाइनल मैच 15 जनवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। शुक्रवार से टूर्नामेंट का उद्घाटन खेला जाएगा।